# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-07-2021

# बाल सुरक्षा को लेकर पुलिस रहे सतर्क

गोरखपुर (एसएनबी)। विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) की मासिक समीक्षा



वैठक गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में सीओ क्राइम वीपी सिंह की अध्यक्षता में हुयी। वैठक में वाल सुरक्षा को लेकर पुलिस को सतर्क रहने की हिदायत दी गयी।

**24 घंटे के अंदर लावारिस मिले बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करना जरूरी**

किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 107 के अन्तर्गत गठित विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं एएचटीयू की मासिक समीक्षा में वच्चों की सामाजिक पृष्ठभूमि की रिपोर्ट को भरने का अनिवार्य वताया गया। पुलिस या किसी अन्य को देखभाल एवं सुरक्षा वाले वच्चों को मिलने पर 24 घंटे के अंदर उनको वाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। वैठक में समस्त थानों के वाल कल्याण पुलिस अधिकारी, वाल कल्याण समिति, किशोर न्याय वोर्ड, वालगृहों, चाइल्ड लाइन एवं गैर सरकारी संगठन के लोग शामिल हुए।

# एप्स के जरिये बैरियर चेकिंग प्वाइंट्स पर आज से होगी निगरानी

गोरखपुर (एसएनबी)। पुलिस लाइन व्हाइट हाउस में पुलिस अधीक्षक नगर सोनम कुमार ने नगर क्षेत्र के थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों और सीसीटीएनएस प्रभारियों के साथ वैठक की। इस दौरान वैरियर एप को लांच किया। उन्होंने वैठक में शामिल मातहतों को वैरियर चेकिंग एप के उपयोग के लिए एसओपी के माध्यम से विस्तारपूर्वक जानकारी दी और जरूरी निर्देश भी दिये।



नगर क्षेत्र के थाना व चौकी प्रभारियों के साथ बैठक करते पुलिस अधीक्षक नगर सोनम कुमार।

कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त वनाए रखने के लिए तथा कोविड-19 के तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए वैरियर चेकिंग चक्रवात व लॉक डाउन एप के जरिए जनपद में 48 वैरियर प्वाइंट वनाए गये हैं। जहां पर पुलिस के जवान मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपनी-अपनी ड्यूटी संभालेंगे। जिन्हें सरदार ढावा (चक्रवात) व लॉकडाउन वैरियर का नाम दिया गया है। इनमें से 15 वैरियर को वृहस्पतिवार से शुरू कर दिया गया है।

वैठक में सीओ कैंट जय प्रकाश सिंह, सीओ कोतवाली विमल कुमार सिंह, सीओ गोरखनाथ रत्नेश सिंह , सीओ अपराध वी पी सिंह, सीसीटीएनएस प्रभारी अजीत सिंह के साथ नगर क्षेत्र के थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी तथा थाना व चौकियो पर तैनात सीसीटीएनएस प्रभारी भी मौजूद रहे।

# गांवों की सुरक्षा में प्रधानों का योगदान अहम : एडीजी

मझगांवा/हाटा बाजार (एसएनबी)। जनपद के नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों से एडीजी अखिल कुमार ने जूम एप के माध्यम से अनलाइन संवाद कर उनके महत्व को समझाया और प्रधानों को पुलिस से समन्वय स्थापित कर आम नागरिक की सुरक्षा हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

**दक्षिणांचल के प्रधानों से एडीजी ने किया संवाद**

जूम एप के जरिये हाटा बुजुर्ग के प्रधान प्रतिनिधि अंकित चन्द ने सीधे संवाद में कहा कि गगहा थाना क्षेत्र का वड़ा कस्वा होने की वजह से हर मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे गाँव में लगाये गए हैं जिसकी निगरानी ग्राम पंचायत के द्वारा वरावर किया जाता है जिस पर एडीजी ने प्रधान को शावासी दिया और अनलाइन जुड़े अन्य प्रधानों को भी सीसीटीवी कैमरा लगवाने को कहा जिससे ग्राम पंचायतों में घटने वाली तमाम घटनाओं को रोका जा सके। यहाँ यह भी वता दें उक्त ग्राम पंचायत को सूवे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने वेहतर कार्य के लिए इनाम दिया था जिस पैसे से पूरे हाटा वुजुर्ग में सीसीटीवी कैमरे लगे हुये हैं।

हाटा बाजार प्रतिनिधि के अनुसार वीडियो कन्फ्रेंसिंग के इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम एडीजी ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हाटा वाजार अंकित चंद से सीधे संवाद किया। अंकित चन्द ने एडीजी महोदय से कहा कि आपके द्वारा यह जो कार्यक्रम चलाया जा रहा यह अपने आप में एक अनूठा उदाहरण है की एक डायरेक्टर जनरल स्तर के अधिकारी द्वारा प्रधानों से सीधे संवाद किया जाना यह अपने आप में एक सराहनीय पहल है अगर आप ऐसा कर सकते हैं तो क्या इस प्रकार की मुहिम थाना अध्यक्ष क्षेत्राधिकारी द्वारा नहीं चलाया जाना चाहिए। जिससे हर प्रधान अपने गांव की समस्याओं को सुगमता पूर्वक आसानी से वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचा सकता है।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह की हुई शुरुआत

गोरखपुर (एसएनबी)। शासन के निर्देश पर वृहस्पतिवार से सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य सड़क सुरक्षा सप्ताह की शुरुआत हुई। इस अवसर पर चरगांवा स्थित डीटीआई से यातायाता जागरुकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

कार्यक्रम को संवोधित करते हुए वतौर मुख्य अतिथि ग्रामीण विधायक विपिन सिंह ने कहा कि दुर्घटना का सवसे वड़ा कारण लापरवाही होती है। ऐसे में वाहन चलाते समय सावधानी वरतें। सुरक्षा के लिए हेलमेट एवं सीट वेल्ट का इस्तेमाल जरूर करें। नशे की हालत में गाड़ी विल्कुल ना चलाएं, यातायात नियमों का पूरी तरह से पालन करें। इस अवसर पर एसपी ट्रैफिक आरएस गौतम, संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अनीता सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी वीके सिंह, श्यामलाल, परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रवंधक केके तिवारी, संभागीय निरीक्षक राघव कुशवाहा, सीमा गौतम आदि मौजूद रहे।



सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान डीटीआई चरगांवा से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक विपिन सिंह। फोटो : एसएनबी

# कुर्की कार्रवाई की नोटिस चस्पा

गोरखपुर (एसएनबी)। वेलीपार पुलिस ने युवती का अपहरण कर रेप करने और जातिसूचक शव्दों का प्रयोग कर गाली देने के मामले में फरार चल रहे सोनू यादव पुत्र रघुराई यादव निवासी जंगलरानी सोहास कुंवरी टोला मदरहा थाना वेलीपार के विरूद्ध 82 की कार्रवाई की। इस दौरान गवाहों की उपस्थिति में डुगडुगी पिटवाकर नोटिस को आरोपित के घर, प्राथमिक पाठशाला मदरहा के वाउंड्रीवाल, पंचायत भवन मदरहा पर चस्पा कराया। आरोपित के विरूद्ध स्थानीय थाने पर आईपीसी की धारा 363, 366, 376, 313, 504, 506 व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज है। कार्रवाई के दौरान सीओ वांसगांव और वेलीपार थाने की फोर्स मौजूद रही।

# विभिन्न मामलों में सात आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। जिले की पुलिस ने विभिन्न मामलों में आरोपित सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उन्हें कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

खोरावार थाने की पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में आरोपित सूरज जायसवाल पुत्र अवधेश जायसवाल निवासी कुसम्ही वाजार थाना खोरावार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपित को आईपीसी की धारा 376, 506 के तहत कोर्ट में पेश किया। इसी क्रम में सिकरीगंज पुलिस ने दहेज हत्या के आरोप में लालचन्द पुत्र गंगाधीन, गुलैची देवी पत्नी लालचन्द निवासीगण कासिमपुर जिगिनी थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया। आरोपितों को पुलिस ने आईपीसी की धारा 498 ए, 304वी भादवि व डीपी एक्ट के तहत कोर्ट में पेश किया। इसी क्रम में चिलुआताल पुलिस ने मारपीट व हत्या के प्रयास के आरोप में फौजदार यादव पुत्र घुल्लर यादव, वलराम पुत्र रामकरण यादव, हनुमन्त पुत्र शिवप्रकाश निवासी उसका राजपुर दुवी थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपित को आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 323, 504, 506, 427, 452, 307, 308 के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इसी क्रम में गुलरिहा पुलिस ने लोक सेवक को अपने कर्तव्य के निर्वहन से भयाक्रांत कर हमला के आरोप में रामप्रसाद पुत्र स्व. रामकिशुन निवासी ग्राम पिपरी टोला भैरवा थाना गुलरिहा को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपित को 147, 148, 336, 353, 332, 506, 427 भादवि व 7 सीएलए एक्ट के तहत कोर्ट में पेश किया।

**कोर्ट ने भेजा जेल**

# चोरी की इनोवा कार व बाइक बरामद

गोरखपुर (एसएनबी)। रामगढ़ताल पुलिस ने चोरी की इनोवा कार के साथ तीन जवकि गोरखनाथ थाना पुलिस ने चोरी की एक वाइक के साथ एक शातिर वाहन लिफ्टर को गिरफ्तार किया।

प्रभारी निरीक्षक रामगढ़ताल जगत नरायण सिंह ने वताया कि चोरी की इनोवा कार, एक देशी तमंचा वाहन लिफ्टरों के पास से वरामद किया गया है। इन्हें मुखविर की सूचना पर फोरलेन निकट आहार होटल के पास से पकड़ा गया। पूछताछ में शातिरों ने अपना नाम प्रमोद कुमार उर्फ पिन्टू यादव पुत्र लालचन्द यादव निवासी वसई थाना करछना जनपद प्रयागराज, सुनील चौहान पुत्र कल्लू चौहान निवासी पैडलेगंज इन्द्रानगर थाना कैण्ट व रामभजन निषाद पुत्र स्व. राम प्रीत निषाद निवासी मंझरिया विस्टौल थाना रामगढताल जनपद गोरखपुर वताया। वरामद इनोवा कार के संवंध में वादिनी श्रीमती गुन्जन देवी पत्नी पप्पू कुमार निवासिनी डेमुसा थाना गगहा, गोरखपुर द्वारा 18 जुलाई को थाना स्थानीय पर आईपीसी की धारा 379, 411 भादवि पंजीकृत कराया गया था। प्रमोद कुमार उर्फ पिन्टू के कव्जे से एक अदद देशी तमंचा 303 वोर वरामद हुआ। टीम में प्रभारी निरीक्षक के अतिरिक्त उनि अक्षय कुमार मिश्रा, विशाल कुमार उपाध्याय, धर्मेन्द्र जैन, हेका. धीरेन्द्र सिंह यादव, कां. धनंजय कुमार, प्रवीण कुमार पाण्डेय, संजय कुमार शामिल रहे। इसी क्रम में गोरखनाथ थाना पुलिस ने वरगदवा तिराहे से एक शातिर को गिरफ्तार कर उसके कव्जे से चोरी की वाइक वरामद की। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम चन्दन श्रीवास्तव पुत्र स्व. रामजी लाल श्रीवास्तव निवासी विकास नगर कालोनी थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर वताया। पुलिस ने आरोपितों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

**चार वाहन लिफ्टर धराये**

# ऑपरेशन न्याय के लिए कैंट पहुंचे एसएसपी

GORAKHPUR (22 July): ऑपरेशन न्याय के तहत 6 माह पूर्व के मुकदमों की मॉनिटरिंग पुलिस अधिकारियों ने शुरू कर दी है. पीड़ित और विवेचकों की आमने-सामने मीटिंग कराकर अधिकारी विवेचना की खामियों को दूर करने की कोशिश में जुटे हैं. इसी कड़ी में गुरुवार को एसएसपी दिनेश कुमार पी कैंट थाना पहुंचे. उन्होंने 15 मुकदमों के पीड़ित-वादी से बात की. विवेचकों को बुलाकर मामला समझा.

# अनकंट्रोल ट्रैफिक पर एडीजी तल्ख, एसएसपी को सौंपी सुधार की कमान

**एसएसपी को लिखे पत्र में एडीजी ने कहा- व्यस्तम तिराहों और चौराहों पर एक माह के भीतर ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए उठाएं ठोस कदम.**

**i IMPACT**

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (22 July): विभिन्न विभागों की लापरवाही के चलते बेकाबू हुए सिटी ट्रैफिक पर एडीजी जोन अखिल कुमार ने तल्खी दिखाई है. उन्होंने एसएसपी को पत्र लिखकर कहा है कि पब्लिक की यह अवधारणा है कि यातायात व्यवस्था को दुरुस्त बनाने के लिए पूरी तरह पुलिस जिम्मेदार है. जनपद में नए एसपी ट्रैफिक की नियुक्ति के बाद अभी तक ट्रैफिक मैनेजमेंट को लेकर स्थानीय यातायात पुलिस ने क्या वर्कप्लान तैयार किया है. उस पर क्या कार्यवाही हुई है. यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा. ट्रैफिक सुधार के लिए एडीजी ने एसएसपी को लेटर लिखा है.

## 1 माह के भीतर देना होगा रिजल्ट

एडीजी ने कहा, एसएसपी यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए स्वयं समीक्षा कर लें. प्रमुख व्यवसाइयों, दुकानदारों, स्वयंसेवी संस्थानों और अन्य संबंधित विभागों से कोआर्डिनेशन बनाकर महत्वपूर्ण, व्यस्तम तिराहों और चौराहों पर एक माह के भीतर ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारते हुए अवगत कराएं. एडीजी कार्यालय से जारी पत्र एसएसपी ऑफिस पहुंच चुका है. माना जा रहा है कि जल्द ही इसका असर भी नजर आने लगेगा.

## 12 मार्च 2021 को हुई थी बैठक कोरोना संक्रमण में भूले अफसर

एडीजी ने अपने लेटर में 12 मार्च को कमिश्नर गोरखपुर डिवीजन की मीटिंग का जिक्र भी किया है. उन्होंने कहा है कि यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए महानगर के 13 चौराहों पर होने वाले जाम को सुधारने के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया था. इस दौरान एक कार्ययोजना भी तैयार हुई थी. लेकिन कोरोना के चलते संबंधित विभागों की तरफ से कोई कदम नहीं उठाया गया. इस मामले को भी एडीजी ने संज्ञान लिया है.

## एसएसपी को लिखे पत्र में एडीजी ने ट्रैफिक पुलिस पर खड़े किए सवाल

कृपया आप अवगत हैं कि कोविड के उपरान्त शासन द्वारा निर्गत गाईड लाइन के अनुरूप बाजारों के खुल जाने के कारण सड़कों पर भारी संख्या में लोगों का आवागमन एवं वाहनों का संचरण प्रारम्भ हो चुका है, जिसके कारण महानगर की यातायात व्यवस्था काफी प्रभावित हुई है तथा यातायात व्यवस्था एवं ड्यूटियाँ ठीक प्रकार से न लगने के कारण प्रायः जाम की समस्यायें उत्पन्न हो रही है।

2- उल्लेखनीय है कि आयुक्त, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर द्वारा गोरखपुर महानगर की यातायात व्यवस्था को बेहतर करने तथा महानगर के प्रमुख 13 चौराहों पर होने वाले जाम की समस्या को सुधारने हेतु एक गोष्ठी का आयोजन दिनाँक : 12.03.2021 को किया गया था, जिसमें यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुगम बनाये रखने हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश के साथ-साथ एक कार्य-योजना बनाकर कार्यवाही किए जाने की अपेक्षा की गयी थी, किन्तु उक्त गोष्ठी में लिए गये निर्णय एवं सुझाव के अनुरूप सम्बन्धित अधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों के अनुरूप किसी के स्तर से कोई कार्यवाही किया जाना परिलक्षित नहीं हो रहा है।

3- जन-सामान्य की यह अवधारणा है कि यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुगम बनाने हेतु पुलिस ही पूर्ण रूप से उत्तरदायी है, परिणामस्वरूप यातायात व्यवस्था को लेकर जन-सामान्य की पुलिस से अपेक्षायें भी बढ़ जाती है। जनपद में नये पुलिस अधीक्षक-यातायात की भी नियुक्ति हुई है, किन्तु अभी तक यातायात व्यवस्था को लेकर स्थानीय यातायात पुलिस द्वारा क्या कार्य-योजना तैयार की गयी तथा उस पर क्या कार्यवाही की जा रही है, स्पष्ट नहीं हो पा रहा है।

4- अतएव आपसे अपेक्षा है कि आप रूचि लेकर अपने कुशल नेतृत्व में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु स्वयं समीक्षा कर लें तथा स्थानीय/प्रमुख व्यवसाईयों/दूकानदारों, स्वयं सेवी संस्थानों व अन्य सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित कर सभी महत्वपूर्ण/व्यस्ततम् तिराहे/चौराहें पर नागरिक/यातायात पुलिस का व्यवस्थापन कराते हुए 01 माह के अन्दर महानगर क्षेत्र के यातायात व्यवस्था को [illegible] ...चित करें एवं कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को भी अवगत करायें।



**"शहर में ट्रैफिक प्रॉब्लम दूर करने के लिए एसएसपी गोरखपुर को पत्र भेजा गया है. महानगर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए क्या कार्रवाई हुई है. इससे भी अवगत कराने के लिए कहा गया है.**

**अखिल कुमार,** एडीजी गोरखपुर जोन

## दैनिक जागरण-आईनेक्स्ट के कैंपेन पर एडीजी ने लिया संज्ञान



सिटी ट्रैफिक बेलगाम, कागजों से बाहर नहीं निकले इंतजाम



अनकंट्रोल ट्रैफिक के लिए पुलिस-प्रशासन जिम्मेदार, रूल्स के प्रति अवेयर रहे पब्लिक



कागजों में रोड सेफ्टी 'खूनी' हो गईं सड़कें

कोविड के बाद बाजार खुलने के कारण बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही शुरू हो गई थी. पब्लिक प्लेस पर व्हीकल का दबाव बढ़ा. इसलिए चौराहों और तिराहों के साथ-साथ मार्केट में अन्य जगहों पर जाम भी लग रहा है. ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार न होने की शिकायतें दैनिक जागरण-आईनेक्स्ट को मिल रही थीं. विभिन्न समस्याओं को लेकर दैनिक जागरण - आईनेक्स्ट ने लगातार समाचार का प्रकाशन किया. स्थानीय स्तर पर एसपी ट्रैफिक और टीआई ने कोई कार्रवाई नही की. लापरवाही सामने आने पर एडीजी ने पब्लिक इश्यू को गंभीरता से लिया और समाधान के लिए एसएसपी गोरखपुर को पत्र लिखा.

# एप बताएगा पुलिस की सच्चाई क्रिमिनल भी नहीं बच पाएंगे

## चेकिंग के दौरान अपडेट हो जाएगा डाटा, नहीं बोल सकेंगे झूठ

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (22 July):** सिटी में पुलिस चेकिंग के दौरान जहां बदमाशों का बचकर निकलना मुश्किल होगा. वहीं पुलिस कर्मचारी भी झूठ नहीं बोल सकेंगे. ऑपरेशन चक्रवात के तहत चेकिंग के दौरान कार्रवाई की फोटो और वीडियो गोरखपुर पुलिस बैरियर चेकिंग एप्लीकेशन में अपलोड की जाएगी. एसपी सिटी सोनम कुमार ने यह एप तैयार कराया है. इसके जरिए पुलिस की जांच में आसानी हो जाएगी. एसपी सिटी ने बताया कि पुलिस के कामकाज को आसान बनाने के लिए यह एप बनाया गया है.

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



### एसपी सिटी की पहल, कराई गई ट्रेनिंग

कोरोना संक्रमण के दौरान शहर में करीब 88 बैरियर बनाए गए थे. सभी जगहों पर पुलिस कर्मचारियों की डयूटी लगती थी. इसके अलावा कई जगहों पर पुलिस की चेकिंग के स्पॉट तैयार किए गए हैं, नियमित ढंग से पुलिस इन जगहों पर चेकिंग करती है. इस संबंध में पुलिस कर्मचारियों को निर्देश है कि अपनी फोटो और वीडियो व्हाट्सएप ग्रुप पर शेयर करें. इस दौरान कई बार पुलिस कर्मचारी सूचना अपडेट नहीं कर पाते. कुछ दरोगा और कांस्टेबल पुरानी फोटो डालकर ड्यूटी पूरी कर लेते हैं. इसके अलावा चेकिंग के दौरान क्या-क्या कार्रवाई हुई. इसकी भी जानकारी समय से नहीं हो पाती है. इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए एसपी सिटी ने पहल की. उन्होंने गोरखपुर पुलिस बैरियर चेकिंग एप्लीकेशन को ऑपरेट करने की ट्रेनिंग पुलिस कर्मचारियों को दिलवाई.




### एप से यह होगा फायदा

- बैरियर चेकिंग के दौरान सभी तरह की गतिविधियों को अपलोड किया जा सकेगा.
- एसएचओ, एसओ और चौकी इंचार्ज सहित अन्य जांच टीम इसका उपयोग करेगी.
- किसी बदमाश के क्राइम करके भागने की सूचना पर सभी को अलर्ट मिल सकेगा.
- बैरियर पर मौजूद पुलिस कर्मचारी पूरी जानकारी पा सकेंगे.
- जीपीएस मैपिंग होने से किस स्थान पर क्या चल रहा है. इसकी भी डिटेल मिल जाएगी.
- व्हाटसएप पर सूचना अपडेट करने के बजाय पुलिस कर्मचारी एप का इस्तेमाल करेंगे.

**एसपी सिटी ने किया डेवलप पुलिस लाइन में दी गई ऑपरेशन की ट्रेनिंग**



**" गोरखपुर पुलिस बैरियर चेकिंग एप्लीकेशन बनाया गया है. इसके संबंध में सभी को जानकारी दी गई है. इसके जरिए बैरियर से संबंधित सूचनाएं अपडेट हो सकेंगी. करंट लोकेशन के साथ पूरी जानकारी मिल सकेगी.**

**सोनम कुमार,** एसपी सिटी

# चोरी की फोर व्हीलर समेत 3 अरेस्ट



**GORAKHPUR (22 July):** शहर के भीतर फोर व्हीलर चोरी करने वाले गैंग के तीन सदस्यों को रामगढ़ताल पुलिस ने अरेस्ट किया. उनके पास से चोरी की लग्जरी कार बरामद हुई. एसएचओ ने बताया कि फलमंडी चौकी इंचार्ज अक्षय कुमार मिश्रा गुरुवार दूोपहर संदिग्धों के वाहनों की चेकिंग कर रहे थे. तभी पुलिस को कामयाबी मिली. पकड़े गए युवकों की पहचान प्रयागराज जिले के करछना के बसई निवासी प्रमोद कुमार उर्फ पिंटू यादव, कैंट एरिया के पैडलेगंज इंद्रानगर निवासी सुनील चौहान और रामगढ़ताल के बिस्टैली निवासी रामभजन निषाद के रूप में हुई. युवकों के पास से चोरी शहर से चोरी गई कार, नकदी, तमंचा और कारतूस बरामद हुआ.

Hindustan3.webp

Hindustan2.webp

# चोरी की इनोवा के साथ 3 को दबोचा

**गोरखपुर।** रामगढ़ताल क्षेत्र के न्यू शिवपुरी कॉलोनी महेवा से चोरी इनोवा कार के साथ पुलिस ने गुरुवार को तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उनके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने तीनो को कोर्ट में पेश किया जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।

रामगढ़ताल क्षेत्र के न्यू शिवपुरी कॉलोनी महेवा से 17 जुलाई को एक इनोवा कार चोरी हो गई थी। फलमण्डी चौकी प्रभारी अक्षय मिश्रा को गुरुवार को सूचना मिली कि चोरी की इनोवा कार के साथ फोरलेन पर आहार होटल के पास तीन लोग मौजूद है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उनकी पहचान प्रयागराज जिले के करछना क्षेत्र के बसई निवासी प्रमोद कुमार उर्फ पिन्टू यादव, कैंट क्षेत्र के इन्द्रानगर निवासी सुनील चौहान और रामगढ़ताल क्षेत्र के मंझरिया बिस्टौली निवासी रामभजन निषाद के रूप में हुई।

# तीन दिवसीय दौरे पर आज गोरखपुर आएंगे मुख्यमंत्री

- आज खाद कारखाना परिसर में सैनिक स्कूल का शिलान्यास, रचित मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पीटल का उद्घाटन करेंगे
- कल गोरखनाथ मंदिर में गुरु पूर्णिमा उत्सव में होंगे शामिल
- रविवार को सिद्धार्थनगर में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियों का करेंगे निरीक्षण

गोरखपुर (एसएनबी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीन दिवसीय दौर पर शुक्रवार को गोरखपुर आएंगे। इस दौरान शुक्रवार को मुख्यमंत्री खाद कारखाना परिसर में सैनिक स्कूल का शिलान्यास करेंगे। महानगर में मेडिकल कालेज रोड पर रचित मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पीटल का उद्घाटन करेंगे। शनिवार को गोरखनाथ मंदिर में गुरु पूर्णिमा उत्सव में शामिल होंगे। इसके बाद देवरिया में नवनिर्मित मेडिकल कालेज का निरीक्षण करेंगे। रविवार को मुख्यमंत्री सिद्धार्थनगर जाएंगे। वहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 30 जुलाई को सूबे के नौ मेडिकल कालेजों के लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को लखनऊ में बेसिक शिक्षा विभाग के 69 हजार शिक्षक भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्तिपत्र वितरित करने के बाद अपराह्न तीन बजे गोरखपुर पहुंचेंगे। (विवरण- पेज 5 पर)

# हत्या व नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपितों की जमानत खारिज

**जासं, गोरखपुर :** जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश दुर्ग नरायन सिंह ने हत्या के आरोपित और विशेष न्यायाधीश पाक्सो नम्रता अग्रवाल ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपित की जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

गगहा क्षेत्र के अस्थौला मड़िहवा निवासी शंकर का गांव के बाहर 20 अप्रैल, 2021 को फंदे से लटका शव मिला था। उनके शरीर का काफी हिस्सा जमीन से लगा था। शंकर के भाई धर्मवीर ने हत्या का मुकदमा कराया था। तहरीर में आरोप लगाया कि शंकर की पत्नी रीमा की अस्थौला मड़िहवा गांव के ही नन्हे से दोस्ती थी। वे दोनों अक्सर मिलते थे। शंकर इसका विरोध करते थे। इसी बात से खार खाकर रीमा और नन्हें ने मिलकर उनकी हत्या कर दी। धर्मवीर के मुताबिक शंकर के दो बच्चों ने उनका हाथ-पैर बांध कर रीमा और उसके दोस्त नन्हें को पिटाई करते हुए देखा भी था। हत्या के आरोप में गिरफ्तार नन्हें ने जमानत के लिए अर्जी दाखिल की थी। सुनवाई के दौरान जिला शासकीय अधिवक्ता यशपाल सिंह और सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धर्मेंद्र कुमार मिश्र ने अभियोजन का पक्ष रखा। अदालत ने जमानत अर्जी खारिज कर दी। वहीं नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पीपीगंज क्षेत्र के रायपुर निवासी संगम साहनी की जमानत अर्जी अदालत ने खारिज कर दी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता श्रद्धानंद पांडेय और नितिन मिश्र ने अदालत में अभियोजन का पक्ष रखते हुए बताया कि मानसिक रूप से बीमार पीड़िता को बहला-फुसलाकर आरोपित अपने ही गांव के सुनील साहनी की मदद से अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

# चोरी गई इनोवा कार के साथ तीन लोग गिरफ्तार

**जासं., गोरखपुर :** रामगढ़ ताल थानाक्षेत्र के न्यू शिवपुरी कालोनी से चोरी हुई इनोवा कार के साथ पुलिस ने गुरुवार सुबह आरोपितों को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक रामगढ़ ताल जगत नारायण सिंह ने बताया कि 18 जुलाई को कार चोरी होने के बाद गगहा निवासी गुंजन देवी केस दर्ज कराया था। गुरुवार की सुबह फलमंडी चौकी प्रभारी व आजाद चौक प्रभारी ने फोरलेन के पास चोरी की कार के साथ तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान प्रयागराज के करछना निवासी प्रमोद कुमार, कैंट थानाक्षेत्र के पैडलेगंज निवासी सुनील चौहान और रामगढ़ताल के मंझरिया निवासी रामभजन निषाद के रुप में हुई।

# पीआरवी के प्रयास से बच गई दो महिलाओं की जान

**जासं., गोरखपुर :** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में खुदकुशी करने की कोशिश कर रही दो महिलाओं की जान पीआरवी टीम ने बचा ली। एक महिला झंगहा के बोहाबार की व दूसरी कैंपियरगंज के मुजरी की रहने वाली है।

झंगहा थाने की पीआरवी टीम को देवरिया के एक युवक से गुरुवार सुबह 10 बजे सूचना मिली कि उनकी बहन ने घरेलू विवाद को लेकर जहरीला पदार्थ खा लिया है। उनके घर वाले बहन को इलाज के लिए नहीं ले जा रहे हैं। सूचना पर पीआरवी टीम वहां पहुंच गई और महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ब्रह्मपुर में भर्ती कराया। वहीं कैंपियरगंज थाना क्षेत्र की पीआरवी टीम को बुधवार रात 10 बजे ग्राम गोरम के ग्रामीणों से सूचना मिली की एक महिला गांव के पास घूम रही है। वह अपने विषय में कुछ भी जानकारी नहीं दे रही है। पीआरवी टीम ने उसे समझाया तो उसने अपना नाम बताया। कहा कि पति से विवाद पर खुदकुशी करने जा रही थी। पीआरवी टीम उसे समझा-बुझाकर थाने ले गई। वहां उसके पति को भी बुलवाया। बाद में दोनों को समझा-बुझाकर घर भेज दिया।

# धमकी देकर शिक्षक मांग रहा था एक लाख

**दुस्साहस**

- **वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मांग रहा था रुपये**
- **महराजगंज का है आरोपित गोरखनाथ में दर्ज था केस**

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** वीडियो वायरल करने की धमकी देकर युवती से एक लाख रुपये रंगदारी मांगने वाले शिक्षक को गोरखनाथ पुलिस ने गुरुवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। महराजगंज जिले का रहने वाला आरोपित शहर के एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ाता था। दोपहर बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। गोरखनाथ क्षेत्र की रहने वाली युवती ने 21 जुलाई को थाने में तहरीर दी। बताया कि प्राइवेट स्कूल में पढ़ाने वाली बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। पिछले एक माह से अनजान नंबर से फोन कर एक व्यक्ति उससे एक लाख रुपये रंगदारी मांग रहा है। रुपये न मिलने पर बहन की आपत्तिजनक फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। शुरू में उन्होंने ध्यान नहीं दिया, जिसके बाद आपत्तिजनक वीडियो व फोटो भेजना शुरू कर दिया। वो रुपयों के इंतजाम में लग गई। रुपये का इंतजाम नहीं हुआ तो आरोपित ने बदनाम करने के साथ ही बहन को एसिड से जलाने की धमकी देने लगा। पता चला कि जिस नंबर से फोन आ रहा है, वह महराजगंज जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित पड़री बुजुर्ग निवासी विजय सिंह का है। प्रभारी निरीक्षक गोरखनाथ रामाज्ञा सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर गोरखनाथ पुलिस ने केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# तीन दिवसीय दौरे पर आज आएंगे सीएम

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीन दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को गोरखपुर आएंगे। वह यहां सैनिक स्कूल, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के छात्रावास व चौरीचौरा में मिनी स्टेडियम समेत 187.51 करोड़ रुपये की 16 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा भी उनके साथ होंगे। शनिवार को गोरखनाथ मंदिर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मुख्यमंत्री गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में शिष्यों को आशीर्वाद देंगे। इस आयोजन के बाद वह देवरिया चले जाएंगे। 25 जुलाई को सिद्धार्थनगर दौरे के बाद मुख्यमंत्री लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे। **संबंधित खबर » 3**

# मेडिकल कालेज में भर्ती युवती चहारदीवारी कूदकर भागी

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर:** बाबा राघव दास मेडिकल कालेज के मानसिक रोग विभाग में भर्ती युवती गुरुवार को चहारदीवारी कूदकर भाग गई। स्वजन की सूचना पर पुलिस सक्रिय हुई। लगभग एक घंटे खोजने के बाद युवती मोगलहा में मिल गई। पुलिस ने उसे स्वजन को सौंप दिया।

देवरिया के गायघाट निवासी 18 वर्षीय युवती की दिमागी हालत ठीक नहीं है। गुरुवार को स्वजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज लाए। उसे मानसिक रोग विभाग के वार्ड में भर्ती किया गया। शाम को लगभग चार बजे वह चहारदीवारी कूद कर भाग गई।

# यातायात नियमों का पालन जरूरी

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आइटीआइ) चरगांवा परिसर स्थित नवनिर्मित ड्राइवर प्रशिक्षण संस्थान (डीटीआइ) में गुरुवार को प्रथम सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ हुआ। इस दौरान विधायक विपिन सिंह ने डीटीआइ के सभागार में अधिकारियों, कर्मचारियों और अभ्यर्थियों को यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। अपने उद्बोधन में उन्होनें कहा कि यातायात के नियमों का पालन करने से ही मार्ग दुर्घटनाओं पर पूरी तरह अंकुश संभव है। अंत में प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत चरगांवा से सुरक्षित यातायात प्रचार वाहन को झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक विपिन सिंह साथ में आरटीओ अनीता सिंह व अन्य ● जागरण

अतिथियों का स्वागत करते हुए संभागीय परिवहन अधिकारी अनीता सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह 28 जुलाई तक मनाया जाएगा। इस दौरान रोजाना जागरूकता से संबंधित विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वाहन चालक यातायात के नियमों का स्वयं पालन तो करें, साथ ही स्वजन को भी इसके प्रति जागरूक करें। एसपी ट्रैफिक आरएस गौतम ने यातायात के नियमों की विधिवत जानकारी दी। अंत में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) श्याम लाल ने आभार ज्ञापित किया। इस मौके पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) बीके सिंह, रोडवेज के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक केके तिवारी, संभागीय निरीक्षक सीमा गौतम और राघव कुशवाहा आदि मौजूद थे।

**तीन घंटे तक बंद रहा सिस्टम, तार-तार होता रहा प्रोटोकाल, चरगांवा :** डीटीआइ में एक तरफ सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा था। दूसरी तरफ कोविड प्रोटोकाल तार- तार हो रहा था। दोपहर बाद दो से शाम शाम पांच बजे तक कंप्यूटर सिस्टम बंद रहा। इस दौरान लाइसेंस से संबंधित कार्य ठप रहे। सिस्टम चालू होने के बाद काउंटरों पर अभ्यर्थियों को धक्का-मुक्की करनी पड़ी। सुबह से लगायत शाम तक परिसर में भीड़ जमी रही।

# मानसिक वार्ड की दीवार फांदकर भागी युवती

## एक घंटे बाद पुलिस को मोगलहा में मिली

**गोरखपुर।** बीआरडी मेडिकल कॉलेज के मानसिक रोग विभाग के वार्ड में भर्ती एक युवती दीवार फांदकर भाग गई। सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया। हालांकि हरकत में आई पुलिस ने कुछ ही देरी में युवती को बरामद करके घरवालों को सौंप दिया। बृहस्पतिवार को देवरिया के रुद्रपुर के गायघाट निवासी 18 वर्षीय युवती के परिजन इलाज के लिए कॉलेज लेकर आए थे। ओपीडी में देखने के बाद उसे वार्ड में भर्ती कर दिया। शाम चार बजे युवती वार्ड की बाउंड्रीवाल फांदकर भाग गई। इसकी सूचना कर्मचारियों ने विभाग के अधिकारियों, परिजनों व पुलिसकर्मियों को दी। सूचना पाकर मेडिकल कॉलेज चौकी की टीम हरकत में आ गई। पहले युवती की तलाश कैंपस में की गई। एक घंटे बाद मोगलहा के पास से युवती बरामद कर ली गई। पुलिस ने युवती को घरवालों को सौंप दिया। ब्यूरो

# 250 रुपये की उधारी नहीं लौटाने पर की गई थी भूतनाथ की हत्या

## राजघाट इलाके में हुई हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझायी, कांड का दूसरा आरोपित फरार

**अमर उजाला ब्यूरो**

गोरखपुर। राजघाट इलाके के अर्द्धनिर्मित मकान में भूतनाथ की हत्या केवल 250 रुपये की उधारी नहीं लौटाने पर की गई थी। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपित को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दूसरा आरोपित वहां से फरार हो गया। आरोपित को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर उसे जेल भेज दिया है।

उसकी पहचान सिकरीगंज के बाबू लोग का पुरवा रसेत निवासी संदीप चौहान के रूप में हुई है। एसपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि मृतक भूतनाथ कहां का रहने वाला है, इसका पता लगाया जा रहा है। वह लंबे समय से यहीं पर रहकर मजदूरी किया करता था। जांच में सामने आया है कि उसकी पहचान अमरूद मंडी निवासी संपत से हो गई थी। कुछ जरूरत पड़ने पर उसने संपत से 250 रुपये लिए थे। पर वह रकम वापस नहीं कर रहा था।



आरोपित संदीप।

17 जुलाई को संपत अपने दोस्त संदीप के साथ ट्रांसपोर्टनगर में मौजूद था। इस दौरान तीनों ने शराब पी।

शराब पीने के दौरान ही संपत ने जब रकम मांगी तो भूतनाथ ने वापस करने से मना कर दिया। इसी बात पर संदीप ने उसकी पिटाई शुरू कर दी और फिर उसके सिर पर ईंट से प्रहार कर मार डाला। आरोपित ने पूछताछ में अपना जुल्म कुबूल कर लिया है।

## पर्दाफाश की कौन कहे, केस ही नहीं किया दर्ज

**सहजनवां (गोरखपुर)।** सहजनवां पुलिस का एक बड़ा कारनामा सामने आया है। युवती की हत्या कर फेंकी गई लाश के मामले में डेढ़ महीने बीतने के बाद भी पुलिस ने केस तक नहीं दर्ज किया है। पहचान की कोशिश तो दूर की बात है। पुलिस के इस कारनामे की जानकारी होने पर एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने केस दर्ज कराने की बात कही है। जानकारी के मुताबिक, चार जून को सिसई गांव के कर्तरी मार्ग पर एक युवती का हत्या कर फेंका गया शव मिला। उसके गर्दन पर चोट के निशान थे और शव को चादर में लपेट कर फेंका गया था। शव को पोस्टमार्टम भेजने के बाद पुलिस ने अपना काम बंद कर दिया। आज तक शिनाख्त तो दूर की बात है उसने केस तक नहीं दर्ज किया है। ऐसे में युवती की पहचान कर उसके हत्यारों को कौन पकड़ेगा यह एक बड़ा सवाल है। जबकि उस समय पुलिस अफसर खुद मौके पर पहुंचे थे और जल्द हत्या का पर्दाफाश करने का दावा किए थे। ब्यूरो

### अज्ञात शव कहां से लाए वादी

इस पूरे प्रकरण में थानेदार का बयान समझ से परे है। थाना प्रभारी राजप्रकाश सिंह कहते है कि मामले में किसी ने तहरीर ही नहीं दी तो केस कैसे दर्ज किया जाएगा। अब अज्ञात शव पाए जाने पर इंसाफ वह क्या और कैसे देंगे इसे आसानी से समझा जा सकता है। एक मृतक वादी कहां से लाए? उसे इंसाफ नहीं मिलेगा?

पोस्टमार्टम के बाद पुलिस को केस दर्ज करना चाहिए था। अगर ऐसा नहीं हुआ है तो केस दर्ज कराया जाएगा। -**मनोज अवस्थी**, एसपी नार्थ

# बदनाम करने की धमकी देकर युवती से रुपये मांगने पर शिक्षक गिरफ्तार

## वीडियो वायरल करने की देता था धमकी, छेड़खानी का भी मुकदमा दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** गोरखनाथ इलाके में रहने वाली एक युवती और उसकी बहन का अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर एक लाख की रंगदारी मांगने के आरोपित शिक्षक को पुलिस ने दबोच लिया। बृहस्पतिवार को पुलिस ने आरोपित को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

महराजगंज जिले का रहने वाला आरोपित शहर के एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ाता था। आरोपित की पहचान महराजगंज के पड़री बुजुर्ग निवासी विजय सिंह के रूप में हुई है। इंस्पेक्टर रामज्ञा सिंह ने बताया कि गोरखनाथ क्षेत्र की रहने वाली युवती ने 21 जुलाई को थाने पहुंच तहरीर दी। थानेदार को उसने बताया कि प्राइवेट स्कूल में पढ़ाने वाली बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। पिछले एक माह से अनजान नंबर से फोन कर कोई व्यक्ति एक लाख रुपये रंगदारी मांग रहा है। रुपये न मिलने पर बहन की आपत्तिजनक फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। किसी की शरारत समझकर उन्होंने ध्यान नहीं दिया। जिसके बाद उस व्यक्ति ने आपत्तिजनक वीडियो व फोटो भेजना शुरू कर दिया। जिसको देखकर वह सहम गई और रुपये की व्यवस्था करने में लगी, लेकिन इंतजाम नहीं हो सका। जिसके बाद आरोपित बदनाम करने के साथ ही बहन को एसिड से जलाने की धमकी देने लगा। छानबीन करने पर पता चला कि जिस नंबर से फोन आ रहा है वह महराजगंज जिले के कोतवाली थानाक्षेत्र स्थित पड़री बुजुर्ग निवासी विजय सिंह का है।

# यातायात जागरूकता के लिए प्रचार वाहन रवाना



चरगांवा स्थित डीटीआई परिसर में प्रथम सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ करते विधायक विपिन सिंह। संवाद

**गोरखपुर।** बृहस्पतिवार से लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य सड़क सुरक्षा सप्ताह की शुरुआत हुई। इस अवसर पर चरगांवा स्थित डीटीआई से यातायात जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

बतौर मुख्य अतिथि ग्रामीण विधायक विपिन सिंह ने कहा कि दुर्घटना का सबसे बड़ा कारण लापरवाही होती है। ऐसे में वाहन चलाते समय सावधानी बरतें। सुरक्षा के लिए हेलमेट एवं सीट बेल्ट का इस्तेमाल जरूर करें। नशे की हालत में गाड़ी ना चलाएं, यातायात नियमों का पालन करें। इस अवसर पर एसपी ट्रैफिक आरएस गौतम, संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अनीता सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बीके सिंह, श्यामलाल, परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक केके तिवारी, संभागीय निरीक्षक राघव कुशवाहा, सीमा गौतम आदि मौजूद रहे। संवाद

# चोरी की बाइक के साथ दबोचा

**गोरखपुर।** वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने बरगदवा तिराहे से एक युवक को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपित को पूछताछ के बाद बाइक चोरी से संबंधित मुकदमे में जेल भेज दिया गया। एसएसपी ने बताया कि गोरखनाथ थाना प्रभारी की अगुवाई में बृहस्पतिवार को दिन के करीब पौने ग्यारह बजे बरगदवा तिराहे पर वाहन चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान एक युवक बाइक से पहुंचा जिसके पास गाड़ी का कागज नहीं था। संदेह होने पर पूछताछ की गई तो पता लगा कि गाड़ी चोरी की है। पकड़े गए युवक चंदन श्रीवास्तव निवासी विकास नगर कॉलोनी थाना गोरखनाथ से बाइक चोरी के संबंध में पूछताछ की गई। इसके बाद बाइक चोरी के मामले में दर्ज मुकदमे में इस युवक को जेल भेजा गया। ब्यूरो

# चोरी की कार के साथ तीन आरोपितों को किया गिरफ्तार

**गोरखपुर।** न्यू शिवपुरी कॉलोनी महेवा से चोरी हुई इनोवा कार को पुलिस ने बृहस्पतिवार को बरामद कर तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने तीनों आरोपितों को कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेजा गया है। आरोपितों की पहचान प्रयागराज के करछना निवासी प्रमोद कुमार उर्फ पिंटू, कैंट इलाके के पैडलेगंज निवासी सुनील चौहान और रामगढ़ताल के मंझरिया निवासी रामभजन निषाद के रूप में हुई है।

इंस्पेक्टर रामगढ़ताल ने बताया कि 18 जुलाई को कार चोरी होने के बाद गगहा की गुंजन पत्नी पप्पू कुमार ने केस दर्ज कराया था। पुलिस आरोपित की तलाश में थी कि बृहस्पतिवार की सुबह फलमंडी चौकी इंचार्ज अक्षय कुमार मिश्रा को सूचना मिली कि फोनलेन के पास चोरी की कार के साथ आरोपी मौजूद है और भागने के फिराक में है। मुखबिर की सूचना पर चौकी इंचार्ज फोर्स के साथ पहुंच गए और आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपितों के पास से चोरी की कार बरामद कर ली है। ब्यूरो

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**चौरीचौरा।** युवती से मारपीट व दुष्कर्म के आरोपित युवक को चौरीचौरा पुलिस ने बृहस्पतिवार को थाना क्षेत्र के फुटहवा इनार चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश किया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। 16 जुलाई को चौरीचौरा थाना क्षेत्र के एक गांव की 22 वर्षीय युवती खेत जा रही थी। आरोप था कि रास्ते से युवती को भाऊपुर निवासी जयचंद निषाद जबरन उठाकर अपने घर ले गया। वहां मारपीट कर दुष्कर्म किया। इस मामले में चौरीचौरा पुलिस ने आरोपित जयचंद निषाद के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट और धमकी देने आदि का मुकदमा दर्ज किया है। छानबीन के दौरान पता लगा कि आरोपी जयचंद कहीं भागने की फिराक में है। लिहाजा, पुलिस ने बृहस्पतिवार सुबह 10 बजे दबिश देकर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। ब्यूरो

# DEORIYA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-07-2021

हिन्दुस्तान दि. 23/3/21

# लूट की सूचना पर रातभर हलकान रही पुलिस

देवरिया | **निज संवाददाता**

शराब पीने के बाद किसी बात को लेकर मारपीट हो गई। घायल युवक ने पुलिस को 12 हजार रुपये लूट की सूचना दे दिया। सूचना पर पुलिस रात पर परेशान रही। पुलिस ने रात में तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो मामला मारपीट का निकला। तक पुलिस नें राहत की सांस लिया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के न्यू कालोनी मोहल्ला के रहने वाले विवेक सिंह बुधवार की शाम को चकियवा ढाला पर गए थे। जहां किसी बात को लेकर कुछ युवकों से विवाद हो गया। मनबढ़ युवकों ने विवेक को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल विवेक सिंह ने डायल 112 को फोन कर 12 हजार रुपये की लूट का सूचना दे दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस हरकत में आई। कोतवाली के एसएसआई विपिन मलिक ने घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे।

एसएसआई और पुलिस की अन्य टीमों ने लूट की सूचना पर गहन चेकिंग शुरु कर दिया। इसी बीच पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। पूछताछ में हिरासत में लिए गए युवकों ने बताया कि विवेक सिंह से मारपीट हुई थी। लूट की घटना झूठी है। इसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

# लूट की सूचना पर पुलिस हलकान, चार हिरासत में

देवरिया : सदर कोतवाली के चकियवा रेलवे ढाला के समीप बुधवार की रात बाइक सवारों द्वारा एक युवक की पिटाई कर 17 हजार रुपये नकद व सोने की चेन लूटने की सूचना के बाद पुलिस महकमे में खलबली मच गई। सीओ सिटी के नेतृत्व में पुलिस ने आधी रात तक छापेमारी की और चार लोगों को हिरासत में ले लिया। जांच में केवल मारपीट होने की बात सामने आई है। शहर के न्यू कालोनी के रहने वाले विवेक सिंह बाइक से रामगुलाम टोला की तरफ गए थे। रात को लौटते समय चकियवा रेलवे ढाला पर चार युवकों से विवाद हो गया।

दैनिक जागरण दि. 23/7/21

# दादा-दादी समेत तीन को पुलिस ने उठाया

जासं, देवरिया : महुआडीह थाना क्षेत्र के सवरेजी खर्ग गांव में जींस पैंट पहनने पर हुई किशोरी की हत्या के मामले में फरार दादा, दादी समेत तीन को पुलिस ने गुरुवार को हिरासत में ले लिया। साथ ही आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

गांव के अमरनाथ की 17 साल की बेटी के जींस पैंट पहनने से नाराज होने पर सोमवार की रात दादा, चाचा, चाची समेत अन्य लोगों ने पिटाई की और गला दबाकर तरकुलवा थाना क्षेत्र के पटनवा पुल से फेंक दिया। शव रेलिंग में फंसने के चलते मामला सामने आ गया। इस मामले में पुलिस ने मां शकुंतला देवी की तहरीर पर मृतका की दादी भगना देवी, दादा परमहंस, चाचा अरविंद, व्यास, चाची गुड्डी देवी पत्नी व्यास, पूजा देवी पत्नी अरविंद, आटो चालक हसनैन, गांव के राहुल, पन्नेलाल व राजू के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। गुरुवार को पुलिस ने दादा परमहंस, दादी भगना देवी को भी हिरासत में ले लिया, जबकि पहले से ही आटो चालक हसनैन पुलिस के हिरासत में है। फरार मुख्य आरोपित अरविंद समेत अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

दैनिक जागरण दि. 23/7/21

# मेहरौना पुलिस चौकी के लिए भूमि की हुई पैमाइश

लार : लार थाना क्षेत्र के मेहरौना में स्थायी पुलिस चौकी खोलने के लिए गुरुवार को भूमि की पैमाइश की गई। दो घंटे तक चली पैमाइश के दौरान राजस्व टीम के साथ ही पुलिस भी तैनात रही। यूपी-बिहार बार्डर पर मेहरौना पुलिस चौकी है। इसे स्थायी करने के लिए एडीजी जोन अखिल कुमार ने पत्र लिखा है। एडीजी के पत्र के बाद एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजन द्विवेदी के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम गुरुवार को मेहरौना पहुंची। मेहरौना मस्जिद के सामने पड़ने वाली भूमि की पैमाइश की गई। जिसमें दस लोग अवैध कब्जा किए हुए हैं। (जासं)

दैनिक जागरण दि. 23/7/21

# पूर्व ग्राम प्रधान समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा

जागरण संवाददाता, देवरिया: भटनी थाना क्षेत्र के ग्राम देवघाट के समीप एक युवक को मारने-पीटने व धमकी देने के मामले में पुलिस ने बुधवार की रात पूर्व ग्राम प्रधान समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी में जुट गई है।

नोनापार गांव के रहने वाले मोनू तिवारी ने शिकायत की थी कि 18 जुलाई को भटनी अस्पताल से वह अपने घर पैदल ही जा रहे थे, इस बीच पुरानी रंजिश में गांव के पूर्व प्रधान रमाशंकर यादव, भाई दयाशंकर यादव व चार अज्ञात लोगों के साथ देवघाट के समीप मिल गए। साथ ही कहने लगे कि मुकदमा वापस ले लो, नहीं तो तुमको जान से मार देंगे। दयाशंकर ने हवाई फायरिंग भी की।

इस मामले में पुलिस ने पूर्व प्रधान, उसके भाई व चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर तिवारी ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। विवेचना की जा रही है।

अमर उजाला दि. 23/7/21

# नेहा हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार किए गए

**देसही देवरिया।** महुआडीह थानाक्षेत्र के सवरेजी खरग गांव में नेहा पासवान की हत्या के दो आरोप्रितों को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में एक आरोपित घटना के एक दिन बाद से पुलिस की हिरासत में है। बाकी की तलाश में तीन थानों की पुलिस लगी हुई है।

महुआडीह थानाक्षेत्र के सवरेजी खरग गांव में एक किशोरी नेहा पासवान की उसके दादा और चाचाओं ने पीटकर हत्या कर दी थी। मामले में पुलिस ने दस आरोपितों पैर हत्या का केस दर्ज किया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए तीन थानों की पुलिस को लगाया गया है। हत्या में शामिल नेहा के दादा परमहंस पासवान व उसकी पत्नी भगंना देंवी को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। मामले में टेंपो चालक हसनैन पहले ही दिन से हिरासत में है। महुआडीह के एसओ राममोहन सिंह ने बताया कि हत्या के आरोपित परमहंस पासवान, और उसकी पत्नी भगना देवी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकी आरोपी बहुत जल्द पकड़े जाएंगे। संवाद

अमर उजाला दि. 23/9/21

# प्रथम सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ



देवरिया। सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय की ओर बृहस्पतिवार को जिले में प्रथम सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ हुआ। सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए प्रचार वाहन को आरटीओ कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर अधिकारियों ने रवाना किया।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजीव चतुर्वेदी ने वाहन को झंडी दिखाने के बाद कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरुकता के अभाव में ही दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ी है। युवा वर्ग को इन नियमों को अवश्य जानना ही चाहिए। नियमों से परिचित नहीं होने के चलते वह सबसे ज्यादा इसका अनुपालन नहीं कर रहे हैं। समय की जरुरत है कि अब सभी को यातायात नियमों के बारे में पूरी तरह जानना चाहिए। कोरोना संक्रमण के दौर में तो इसकी महती आवश्यकता हो गई है। मौके पर टीएसआई रामवृक्ष यादव ने भी उपस्थित लोगों को यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान यात्री कर अधिकारी अनिल कुमार तिवारी, चंद्रप्रकाश, तारकेश्वर तिवारी, भोला यादव के अलावा समस्त प्रवर्तन सिपाही भी

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-07-2021

# एआरटीओ कार्यालय से निकली जागरुकता रैली

पडरौना | **निज संवाददाता**

सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित एआरटीओ कार्यालय से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में शामिल ई-रिक्शा, बाइक, चार पहिया समेत छह दर्जन वाहन डीएम कार्यालय, पुलिस चौकी, जनपद न्यायालय, छावनी, सुभाष चौक होते हुये पुनः एआरटीओ कार्यालय पहुंच समाप्त हुआ।

मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि व ब्लॉक प्रमुख शशांक दुबे जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते हुये कहा कि सुरक्षित जीवन के लिए यातायात नियमों का पालन करना होगा। सीओ सदर संदीप वर्मा ने कहा कि शराब पीकर वाहन नहीं चलाना चाहिए। दुसरों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना चाहिए।




जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाते सांसद पुत्र व ब्लॉक प्रमुख शशांक दुबे।

यात्री कर अधिकारी राजकुमार ने कहा कि चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीटबेल्ट का प्रयोग करें व वाहनों पर ओवरलोड न चले। संभागीय निरीक्षक आरडी प्रसाद वर्मा ने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करें तथा तीन सवारी बाइक पर कभी बैठकर न चले। बताया जागरूकता सप्ताह आगामी 28 जुलाई तक मनाई जायेगी। प्रत्येक दिन अलग अलग कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जायेगा। इस दौरान एआरएम बिंदु प्रसाद, हर्षवर्धन राज, राजू सिंह, मुख्तार हसन, टीएसआई परमहंस, चंद्रशेखर सिंह, सुरेंद्र यादव, राजेंद्र प्रताप सिंह, बबलू श्रीवास्तव, अमित पांडेय, वीरेंद्र, उदयप्रताप सिंह, धीरेंद्र मोहन सहाय आदि यातायात पुलिसकर्मी व वाहन चालक उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह

- सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत निकाली गई जागरूकता रैली
- सांसद पुत्र व ब्लॉक प्रमुख ने रैली को दिखाई हरी झण्डी

# पुलिस के हस्तक्षेप से 220 को लगा टीका

अहिरौली बाजार | हिन्दुस्तान संवाद

हाटा ब्लाक क्षेत्र के गांव डुमरी चुरामन छपरा में ग्रामीणों की सुविधा के लिये प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. एलबी यादव द्वारा गुरुवार को कोविड टीकाकरण के लिये स्वास्थ्य टीम गठित कर गांव में ही कैम्प लगाया गया। इस दौरान टीकाकरण को लेकर ग्रामीणों विवाद हो गया। ग्राम प्रधान डिंपल पांडेय और पुलिस के हस्तक्षेप से दोबारा टीकाकरण शुरू हुआ। सायंकाल 5 बजे तक 220 लोगों को टीका लगा। हाटा सीएचसी क्षेत्र में कुल मिलाकर 1200 लोगों को टीका लगा, जो अबतक का रिकार्ड है।

## विवाद

- टीकाकरण को लेकर ग्रामीणों में विवाद हो गया
- प्रधान और पुलिस के हस्तक्षेप के बाद टीकाकरण शुरू हुआ

टीकाकरण टीम में आशुतोष मिश्र, धर्मेंद्र गोंड, सत्यप्रकाश रावत, विजय सिंह, सतीश सिंह, विजयकृष्ण द्विवेदी, राजकुमार चौधरी, अम्बरीष गुप्ता, कार्तिकेय पांडेय, राहुल श्रीवास्तव, सीएचओ प्रगति वर्मा, मनीषा आर्या, नेहा गुप्ता, प्रीति सिंह, नीलम यादव, जीया वर्मा, कामिनी विश्वकर्मा, प्रिया सिंह आदि उपस्थित रहे।

# अपहृत किशोरी को परिजनों को सौंपा

**पनियहवा।** हनुमानगंज थाना क्षेत्र की अपहृता किशोरी को कानूनी प्रकिया पूर्ण करने के नाम पर 30 घंटे थाने में रखे जाने का आरोप पीड़िता के पिता ने लगाया है। शिकायत पर एडीजी के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने किशोरी को परिजनों को सौंप दिया। पिता का आरोप है कि उसकी अपहृत बेटी को हनुमानगंज पुलिस ने सोमवार को ही बरामद कर लिया और थाने ले गयी।

कानूनी प्रक्रिया पूर्ण किये जाने के नाम पर उसकी बेटी को बुधवार तक थाने में बैठाए रखा गया। परिजन किशोरी को घर ले जाना चाह रहे थे लेकिन एसओ ने दो-तीन दिन और किशोरी को कानूनी प्रकिया पूर्ण कराने के लिए थाने में रखने की बात कही।

इस पर किशोरी के पिता ने इसकी शिकायत एडीजी से की। बुधवार की शाम एडीजी के हस्तक्षेप के बाद किशोरी को हनुमानगंज पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया। 14 वर्षीय किशोरी को बीते सोमवार को कुछ लोग अगवा कर ले गए थे।

# चोरी से पेड़ काटते तीन धराए, दर्ज हुआ मुकदमा

**जासं, दुद्धी:** विशुनपुरा थाना के गांव विशुनपुर बरिया पट्टी के रिसाल पट्टी में मुख्य पश्चिमी गंडक नहर की पटरी से बुधवार की रात चोरी से शीशम का पेड़ काटते मौके से तीन लोग पकड़े गए। इनके विरुद्ध वन विभाग ने मुकदमा दर्ज कराया है।



रेंजर नृपेंद्र चतुर्वेदी, वन दरोगा भगवान राम, वन रक्षक संजय सिंह, व शिवम नारायण पाठक के साथ गश्त पर थे। टीम रिसाल पट्टी पहुंची तो लकड़ी काट रहे लोग भागने लगे। उन्हें टीम ने पकड़ लिया। मौके से काटा गया शीशम का पेड़, एक बाइक व एक लकड़ी काटने वाला आरा बरामद हुआ। आरोपितों ने अपना नाम गिरीश कुमार राय थानाक्षेत्र के ही ग्राम बिशुनपुर बरियापट्टी के टोला रिसाल पट्टी, जानकी शर्मा व वीरेन्द्र शर्मा निवासी पडरौन-मड़ूडही टोला चटगवां बताया। वन दारोगा भगवान दास की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

# करें यातायात नियमों का पालन, रहें सुरक्षित

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** सुरक्षित जीवन के लिए यातायात नियमों का पालन करना जरूरी है। घर से निकलने वाले प्रत्येक व्यक्ति को सोचना चाहिए कि परिवार वाले उनका इंतजार कर रहे हैं। यह बातें गुरुवार को कार्यालय के समीप उपसंभागीय परिवहन विभाग के तत्वावधान में आयोजित सड़क सुरक्षा सप्ताह के लिए जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए मुख्य अतिथि सांसद विजय कुमार दूबे के प्रतिनिधि शशांक दूबे ने कहीं।

सीओ सदर संदीप वर्मा ने कहा कि नशे की हालत में वाहन न चलाएं। प्रभारी एआरटीओ आरआइ आरडी वर्मा ने कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। रोडवेज विभाग के एआरएम बिंदु प्रसाद ने भी यातायात नियमों के अनुपालन पर जोर दिया।

**फालोअप** प्रशासनिक अमले के चुप्पी साधने और देर से कार्रवाई पर सवाल

# अवैध रूप से चल रहे अनाथालय की पांच साल बाद आई याद

जागरण संवाददाता, पडरौनाः नगर से सटे गांव परसौनी कला में अवैध रूप से चल रहे अनाथालय के विरुद्ध हुई कार्रवाई के बाद लापरवाही की छींटे प्रशासनिक दामन पर भी पड़े हैं। पांच साल से बिना पंजीकरण के चल रहे इस अनाथालय के विरुद्ध कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। यहां पहुंचकर जन्मदिन मनाने वाले आला अधिकारियों को इसकी याद क्यों नहीं आई। कार्रवाई तो दूर प्रशासन की ओर से एक नोटिस भी नहीं दिया गया। बाल किशोर अधिनियम 2015 के मानकों की धज्जियां उड़ती रहीं और जिम्मेदार सोते रहे।

दरअसल बीते 15 जुलाई को जिले के दौरे पर आईं उप्र राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डा. सुचिता चतुर्वेदी ने अनाथालय के निरीक्षण के बाद जांच कर कार्रवाई के लिए लिखा था। जांच में पुष्टि होने के बाद बुधवार को रेस्क्यू कर बच्चे व किशोर निकाले गए और संचालिका सीरीन बसुमता के विरुद्ध केस दर्ज हुआ। कार्रवाई के बाद अब प्रशासन पर सवाल उठने लगे हैं कि आखिर पांच साल तक इसको लेकर चुप्पी क्यों रही।

इस दौरान बच्चों व किशोरों के साथ कोई बड़ी वारदात हो जाती तो क्या होता। उच्चतम न्यायालय के स्पष्ट आदेश कि बिना पंजीकरण के अनाथालय नहीं चलेंगे, का अनुपालन क्यों नहीं किया गया। यह सारे सवाल जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों को भी कार्रवाई के दायरे में खड़ा करते हैं।

## अवैध अनाथालय संचालिका के पुत्रों व बहुओं पर भी मुकदमा

बुधवार की देर रात पुलिस ने कोतवाली पडरौना के दारोगा रत्नेश कुमार मौर्य की तहरीर पर अवैध अनाथालय की संचालिका सीरीन बसुमता व उनके पुत्र जयवंत सिंह, रमन सिंह व बहुओं भारती व एस्तर के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा डालने, पुलिस से मारपीट करने और सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त करने के मामले में केस दर्ज किया है। सीरीन पर पहले से ही अवैध अनाथालय संचालन का केस दर्ज है। कोतवाल अनुज कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, कार्रवाई भी होगी।

## कार्रवाई से बदल गई बसुमता की छवि

अवैध रूप से अनाथालय का संचालन करने वाली सीरीन बसुमता को अनाथ बच्चों को पालने को लेकर समाज का हर तबका सम्मान की नजर से देखता था। मांगलिक आयोजनों के मौके पर मदद भी करता था। लोग अपने बच्चों का जन्मदिन तक यहां मनाते थे और अनाथ बच्चों संग खुशियां बांटने के साथ अन्य मदद भी देते थे। किसी को यह नहीं पता था कि यह अनाथालय अवैध रूप से चल रहा है। कार्रवाई के बाद यह बात सामने आते ही बसुमता की छवि बदल गई है। केस दर्ज होने के बाद उन पर गिरफ्तारी की तलवार लटकने लगी है।

> अनाथालय के अवैध संचालन सूचना मेरे संज्ञान में नहीं आई थी। जब बात सामने आई तो त्वरित जांच करा, फौरी कार्रवाई की गई। पांच साल तक यह कैसे चलता रहा, इस पर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों से जवाब तलब किया जाएगा।
>
> **एस राजलिंगम**, जिलाधिकारी

# बाइक सवार कैरियरों के माध्यम से बिहार भेजी जा रही शराब

**जागरण संवाददाता, सिसवा नाहर :** तरसासुजान थाना के विभिन्न ग्रामीण रास्तों से बाइक सवार कैरियरों के माध्यम से पड़ोसी प्रांत बिहार में हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब की तस्करी जारी है। बिहार राज्य में शराब बंदी होने के चलते यूपी से कच्ची शराब, हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब व सरकारी भट्ठियों से तस्करी होती है।



गांवों के रास्ते अहिरौलीदान, मठिया श्रीराम, रामपुर बगरा तथा नारायणी नदी के रास्ते नाव से आसानी से बिहार राज्य के बेतिया शराब पहुंचाने के लिए बेरोजगार युवकों को प्रति खेप पर एक हजार रुपये मिलता है। शराब माफिया ने बिहार बार्डर पर स्थित पुलिस चौकी व थानों पर तैनात पुलिस कर्मियों को प्रभाव में लेकर बाइक सवार कैरियरों के माध्यम से शराब की खेप आसानी से बिहार पहुंचा रहे हैं।

सीओ फूलचंद कन्नौजिया ने कहा कि किसी भी हालत में शराब तस्करी नहीं होने दी जाएगी। इसके लिए अलग-अलग टीमें बनाई जा रही हैं। पकड़े जाने पर तस्करों के खिलाफ गंभीर कार्रवाई की जाएगी।

# एडीजी के हस्तक्षेप पर पुलिस ने छात्रा को स्वजन को सौंपा

**जासं, पडरौना:** हनुमानगंज थाने में नाबालिग छात्रा को 24 घंटे से ज्यादा समय तक रोके रहने पर परेशान पिता ने एसपी सचिंद्र पटेल, डीएम एस राजलिंगम व एडीजी अखिल कुमार से न्याय की गुहार लगाई। एडीजी ने हस्तक्षेप किया तो पुलिस ने 30 घंटे बाद छात्रा को स्वजन को सुपुर्द किया।

बेलवनिया के एक कालेज में सोमवार को प्रेक्टिकल की फाइल जमा करने गई इंटर प्रथम वर्ष की छात्रा की गायब हो गई की। दादा की तहरीर पर चार नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस छात्रा की तलाश में जुट गई। मंगलवार को दोपहर बाद तीन बजे पुलिस छात्रा को ढूंढकर थाने ले आई। बुधवार को शाम तक पुलिस ने छात्रा को सुपुर्द नहीं किया तो पिता ने एसपी, डीएम से मोबाइल पर बात की। कोई कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने एडीजी से शिकायत की। उसे गंभीरता से लेते हुए एडीजी ने निर्देश दिया तो रात 10 बजे पुलिस ने छात्रा को घर पहुंचाया। पीड़िता के पिता ने कहा कि आरोपितों के दबाव में पुलिस डरा धमका कर गलत बयान दर्ज कराना चाहती है। इसी लिए बेटी को थाने में रखा गया था।

## हनुमानगंज थाना

- पुलिस पर पीड़िता को डराकर गलत बयान दर्ज कराने का आरोप
- छात्रा के पिता ने मामले में लीपापोती की जताई आशंका

आशंका है कि पुलिस मामले में लीपापोती करेगी। एसएचओ पंकज कुमार गुप्ता ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत करने के बाद छात्रा का बयान और मेडिकल परीक्षण के लिए महिला कांस्टेबल के साथ रखा गया था। यह कानूनी प्रक्रिया है, डराने-धमकाने जैसी कोई बात नहीं है।

# करें यातायात नियमों का पालन, रहें सुरक्षित

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** सुरक्षित जीवन के लिए यातायात नियमों का पालन करना जरूरी है। घर से निकलने वाले प्रत्येक व्यक्ति को सोचना चाहिए कि परिवार वाले उनका इंतजार कर रहे हैं। यह बातें गुरुवार को कार्यालय के समीप उपसंभागीय परिवहन विभाग के तत्वावधान में आयोजित सड़क सुरक्षा सप्ताह के लिए जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए मुख्य अतिथि सांसद विजय कुमार दूबे के प्रतिनिधि शशांक दूबे ने कहीं।

सीओ सदर संदीप वर्मा ने कहा कि नशे की हालत में वाहन न चलाएं। प्रभारी एआरटीओ आरआइ आरडी वर्मा ने कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। रोडवेज विभाग के एआरएम बिंदु प्रसाद ने भी यातायात नियमों के अनुपालन पर जोर दिया।

# शीशम की लकड़ी काटते तीन शख्स पकड़े गए

संवाद न्यूज एजेंसी

## वन क्षेत्राधिकारी ने तीनों के खिलाफ की कार्रवाई

## घटनास्थल पर शीशम की लकड़ी, एक बाइक और आरा हुआ बरामद

**दुदही।** क्षेत्र के विशुनपुर बरिया पट्टी के रिसालपट्टी टोला स्थित मुख्य पश्चिमी गंडक नहर की पटरी पर बुधवार की देर रात चोरी से शीशम की लकड़ी काट रहे तीन लोगों को वन क्षेत्रधिकारी ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। वहां आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए निजी मुचलके पर तीनों आरोपियों को छोड़ दिया गया।

वन क्षेत्राधिकारी नृपेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि बुधवार की रात वन दरोगा भगवान राम, वन रक्षक संजय सिंह और शिवम नारायण पाठक के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना मिली की चार लोग मुख्य पश्चिमी गंडक नहर के किनारे बाईं पटरी पर किलोमीटर 108-109 के मध्य चोरी से वन विभाग की सूखी शीशम की लकड़ी काट रहे हैं। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो चोरी से लकड़ी काट रहे लोग भागने लगे। वन दरोगा और वनरक्षकों ने उन्हें दबोच लिया। घटनास्थल पर काटी गई शीशम की लकड़ी, एक बाइक और आरा बरामद हुआ। जबकि एक आरोपी वहां से भागने में कामयाब रहा।

उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ वन दरोगा भगवान दास की तहरीर पर पुलिस संबंधित धारा में केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई में जुटी है। इसके बाद आरोपियों को वन क्षेत्राधिकारी ने जमानत लेकर निजी मुचलके पर छोड़ दिया।



# 'यातायात नियमों के पालन से आएगी सड़क दुर्घटनाओं में कमी'

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट गेट के पास बृहस्पतिवार को सीओ सदर ने झंडी दिखाकर सड़क सुरक्षा सप्ताह की शुरूआत की। इस मौके पर जिला मुख्यालय समेत पडरौना नगर में जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

सीओ सदर संदीप वर्मा ने कहा कि सड़क पर होने वाली अधिकांश दुर्घटनाएं सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी से होती हैं। इसमें घायल कई लोगों की मौके पर ही मौत हो जाती है तो कई लोग जीवन भर के लिए अपंग हो जाते हैं। यातायात नियमों का पालन कर सड़क पर होने वाली इन दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। एआरटीओ के आरआई आरडी प्रसाद वर्मा ने कहा कि किसी भी अवस्था में सड़क पर तेज गति से वाहन न चलाएं। क्योंकि अचानक सड़क पर कोई पशु अथवा व्यक्ति आने पर वाहन अनियंत्रित हो जाती है जिससे दुर्घटनाएं हो जाती हैं। उन्होंने लोगों से हेलमेट पहन कर बाइक और सीट बेल्ट बांधकर कार चलाने समेत अन्य यातायात नियमों का शत प्रतिशत पालन करने की बात कही। इसके बाद निकाली गई जागरूकता रैली को जिला मुख्यालय रविंद्रनगर, सोहरौना, नगर के छावनी होते हुए सुभाष चौक पहुंचा, जहां रैली का समापन किया गया। इस दौरान टीएसआई परमहंस, पीटीआई राजकुमार, हर्षवर्धन राज सिंह, मुख्तार, राजू सिंह, मुन्ना पांडेय, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।




जनपद मुख्यालय रविंद्रनगर से यातायात जागरूकता रैली को रवाना करते सीओ सदर संदीप वर्मा। संवाद

## सीओ सदर ने कलेक्ट्रेट गेट से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# अनाथ आश्रम की संचालिका पर केस, दूसरे जिलों में भेजे गए बच्चे

## पडरौना क्षेत्र के परसौनी कला गांव में 20 वर्षों से संचालित था गैर पंजीकृत अनाथ आश्रम

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना (कुशीनगर)।** क्षेत्र के परसौनी कला गांव में संचालित गैर पंजीकृत अनाथ आश्रम के सभी बच्चों व किशोरों को मुक्त कराकर मेडिकल परीक्षण कराने के बाद देवरिया, बलिया और लखनऊ के बाल कल्याण समिति के पास भेज दिया गया। इसके साथ ही अनाथ आश्रम की संचालिका के खिलाफ बाल संरक्षण अधिकारी ने तहरीर देकर धोखाधड़ी सहित अन्य आरोपों में केस दर्ज कराया है। जबकि सिधुआं पुलिस चौकी के इंचार्ज ने सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए खुद वादी बनकर मुकदमा दर्ज कराया है।

गौरतलब है कि बच्चों का मेडिकल परीक्षण बुधवार देर रात जिला अस्पताल में कराया गया। 15 जुलाई को राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ.

### बाल कल्याण समिति ने बच्चों को भेजा देवरिया, बलिया और मऊ

### बाल संरक्षण अधिकारी और सिधुआं चौकी इंचार्ज ने दर्ज कराया है केस

सुचिता चतुर्वेदी की तरफ से किए गए निरीक्षण के दौरान इस अनाथ आश्रम में कई खामियां मिली थीं। उन्होंने अपनी रिपोर्ट प्रमुख सचिव, महिला कल्याण एवं बाल विकास उत्तर प्रदेश शासन और निदेशक महिला कल्याण विभाग लखनऊ को भेजी थी। इसके अलावा उन्होंने डीएम को भी पत्र भेजकर जांच रिपोर्ट से अवगत कराया गया था। उन्होंने अनाथ आश्रम पर कई सवाल उठाए थे, जिसमें उन्होंने अनाथ आश्रम को बिना पंजीकरण संचालित करने, अनाथ आश्रम के बच्चों का धर्मांतरण कराने, बिना जगह के 25 बच्चों को रखने सहित कई गंभीर आरोप लगाए थे। इसके बाद डीएम ने एसडीएम सदर कोमल यादव से इसकी जांच कराई थी। जांच रिपोर्ट आने के बाद डीएम एस. राजलिंगम की तरफ से इन बच्चों और किशोरों को बाल कल्याण समिति को सौंपने का निर्देश दिया गया था। बुधवार को दोपहर में एसडीएम सदर और सीओ सदर के नेतृत्व में कोतवाल अनुज कुमार सिंह, महिला थाने की एसओ त्रिलोत्मा त्रिपाठी, सिधुआं पुलिस चौकी के इंचार्ज रत्नेश मौर्या पुलिसफोर्स के साथ पहुंचे थे। वहां बच्चों और किशोरों को ले जाने को लेकर उन्हें काफी विरोध का सामना करना पड़ा था।

रात में सभी बच्चों और किशोरों का बाल कल्याण समिति, प्रोबेशन विभाग और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में मेडिकल परीक्षण कराया गया। बाल कल्याण समिति की तरफ से बताया गया कि शून्य से दस साल, 10 से 18 और उससे अधिक उम्र के बच्चों और किशोरों को देवरिया, बलिया और लखनऊ की बाल कल्याण समिति के पास भेज दिया गया। इनकी संख्या 25 थी, जिसमें से 16 लड़के और नौ लड़कियां थीं।

कोतवाल अनुज कुमार सिंह ने बताया कि बाल संरक्षण अधिकारी विनय शर्मा की तहरीर के आधार पर अनाथ आश्रम की संचालिका शिरीन बसुमता के खिलाफ धोखाधड़ी और बाल संरक्षण अधिनियम 2015 के तहत केस दर्ज किया गया है। इसके अलावा सिधुआं पुलिस चौकी के इंचार्ज रत्नेश मौर्या ने वादी बनकर आश्रम संचालिका के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमा दर्ज किए जाने की जानकारी सीओ सदर संदीप वर्मा ने भी दी।

# ़नयमों के पालन से दुर्घटनाओं में कमी'



द मुख्यालय रविंद्रनगर से यातायात जागरूकता रैली को रवाना करते सीओ सदर संदीप वर्मा। संवाद

## सद ने कलेक्ट्रेट गेट से क...ा रैली को हरी झंडी खाकर किया रवान

व्यक्ति आने पर वाहन ...त हो जाती है जिससे ...ं हो जाती हैं। उन्होंने लोगों ...मेट पहन कर बाइक और ...ल्ट बांधकर कार चलाने ...न्य यातायात नियमों का शत प्रतिशत पालन करने की बात कही। इसके बाद निकाली गई जागरूकता रैली को जिला मुख्यालय रविंद्रनगर, सोहरौना, नगर के छावनी होते हुए सुभाष चौक पहुंचा, जहां रैली का समापन किया गया। इस दौरान टीएसआई परमहंस, पीटीआई राजकुमार, हर्षवर्धन राज सिंह, मुख्तार, राजू सिंह, मुन्ना पांडेय, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-07-2021

# तस्कर के चंगुल से नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया

**ठूठीबारी।** भारत-नेपाल के ठूठीबारी बार्डर के पिलर संख्या 506/11 पर एसएसबी के जवानों ने रूटीन चेकिंग के दौरान एक नेपाली मानव तस्कर को पकड़ा। पूछताछ के बाद स्थानीय पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। तस्कर दोनो नाबालिग लड़कियों को काम का झांसा देकर नेपाल ले जा रहा था। इंडो नेपाल सीमा ठूठीबारी पिलर संख्या 506/11 के समीप एसएसबी आरक्षी सुनील व रामानुज गौंड ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक दो नाबालिग लड़कियों के साथ सीमा पार कर रहा था। शक होने पर एसएसबी जवानों ने रोक कर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान युवक व दोनो नाबालिग लड़कियों के बयान में भिन्नता पाए जाने पर इसकी सूचना 66 वाहिनी एंटी ट्रैफिकिंग ह्यूमन, स्थानीय कोतवाली पुलिस सहित मानव सेवा संस्थान को दी। आरोपित युवक कैलाश गुप्ता पुत्र भदही गुप्ता निवासी बेलासपुर, पालहीनन्दन- 3 नवलपरासी नेपाल ने बताया कि उक्त नाबालिग लड़कियों को अपने होटल पर ले जा रहा हूं और मैं लड़कियो को बहला फुसला कर नेपाल में बेचने वाला था। आरोपी युवक के विरुद्ध धारा 363, 370, 372 के तहत मुकदमा पंजीकृत करते हुए जेल भेज दिया। वही बरामद लड़कियों को महिला थाना भेजा गया।

# प्रार्थना सभा में पहुंची पुलिस, कई को थाने लाई

**कोल्हुई।** कोल्हुई क्षेत्र के लालपुर गांव स्थित एक मकान में गुरुवार को इसाई धर्म के प्रार्थना सभा की सूचना पर पुलिस पहुंच गई। किसी ने यहां धर्म परिवर्तन की कोशिश होने की शिकायत की थी। मौके पर पहुंची पुलिस पूछताछ के लिए कई लोगों को थाने लाई। गुरुवार को पुलिस को सूचना मिली कि लालपुर गांव में एक मकान में प्रार्थना सभा चल रही है। सूचना पर एसओ मयफोर्स मौके पर पहुंच गए। वहां से कुछ लोगों को थाने लाकर पूछताछ शुरू कर दी गई। ग्रामीणों का कहना रहा कि यहां काफी पहले से इस तरह की सभा चलती है। एसओ देवेन्द्र सिंह ने बताया कि सूचना पर पुलिस पहुंची थी। कुछ लोगों को पकड़कर लाया गया है।

# धर्म परिवर्तन की सूचना पर पहुंची पुलिस, 8 हिरासत में

**कोल्हुई बाजार (एसएनबी)।** थाना कोल्हुई क्षेत्र के बृजमनगंज रोड पर स्थित लालपुर में धर्म परिवर्तन की सूचना पर आज कोल्हुई पुलिस फोर्स पहुंच गयी। एक मकान में ईसाई धर्म की प्रार्थना के समय पुलिस ने छापा मारकर कुल 8 लोगों को हिरासत में लिया है। इस घटना को लेकर जहां तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है वही पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि लालपुर गांव में एक मकान के अन्दर धर्म परिवर्तन का मामला चल रहा है। सूचना पाकर थानाध्यक्ष कोल्हुई देवेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गयी घर में छापेमारी के बाद कुल 8 लोगों को हिरासत में लिया गया है। घटना स्थल से मिली जानकारी के अनुसार जिस दौरान पुलिस ने छापेमारी किया उस दौरान ईसाई धर्म की प्रार्थना चल रहा था।

इस प्रार्थना में लालपुर गांव के अलावा विश्रामपुर, सोनचिरैया व हरैया गांव के लोग भी शामिल थे। गांव से मिली जानकारी के मुताबिक लालपुर में कुछ लोग लगभग 15वर्षो से इसाई धर्म अपनाये हुए है और पुलिस ने उसी मकान में छापेमारी किया। इस मामले में घटना स्थल पर भारी संख्या में भीड़ जमी रही है। चर्चा है कि उक्त मकान में ईसाई धर्म की प्रार्थना के साथ-साथ धर्म का प्रचार-प्रसार भी चल रहा था। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष कोल्हुई, देवेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि लालपुर गांव में धर्म परिवर्तन की सूचना पर फोर्स मौके पर पहुंच गयी और 8 लोगों को हिरासत में लिया गया है हिरासत में लिये गये कुछ लोग अन्य गांव के भी है। उन्होंने बताया कि सभी को कोल्हुई थाने पर लाकर पूछताछ किया जा रहा है। पूछताछ के बाद ही मामला स्पष्ट होगा जबकि लालपुर की कुछ महिलाएं छापेमारी के बाद थाने पर पहुंची है। कुल मिलाकर लालपुर गांव में हुई छापेमारी को लेकर जहां पूरे क्षेत्र में चर्चा बन गया है वही धर्म परिवर्तन की जांच में पुलिस हिरासत में लिये गये लेगों से पूछताछ कर रही है।

# प्रार्थना सभा में पहुंची पुलिस, कई को थाने लाई

**कोल्हुई।** कोल्हुई क्षेत्र के लालपुर गांव स्थित एक मकान में गुरुवार को इसाई धर्म के प्रार्थना सभा की सूचना पर पुलिस पहुंच गई। किसी ने यहां धर्म परिवर्तन की कोशिश होने की शिकायत की थी। मौके पर पहुंची पुलिस पूछताछ के लिए कई लोगों को थाने लाई। गुरुवार को पुलिस को सूचना मिली कि लालपुर गांव में एक मकान में प्रार्थना सभा चल रही है। सूचना पर एसओ मयफोर्स मौके पर पहुंच गए। वहां से कुछ लोगों को थाने लाकर पूछताछ शुरू कर दी गई। ग्रामीणों का कहना रहा कि यहां काफी पहले से इस तरह की सभा चलती है। एसओ देवेन्द्र सिंह ने बताया कि सूचना पर पुलिस पहुंची थी। कुछ लोगों को पकड़कर लाया गया है।

# एसडीएम व एसएसबी की टीम ने सीमाई पगडंडियों का हाल जाना

**नौतनवा।** नौतनवा एसडीएम राम सजीवन मौर्य एवं सीओ कोमल प्रसाद मिश्र ने एसएसबी टीम के साथ सीमा के पगडंडी रास्तों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का हाल जाना। इस बीच कई अवैध तस्करों के ठिकानों पर भी दबिश दी गई। हालांकि कुछ सामान तो बरामद नहीं हुए लेकिन एसडीएम ने तस्करों के ठिकानों को भी चिह्नित करना शुरू कर दिया है। जहां से वह भारत से नेपाल एवं नेपाल से भारत में अवैध तरीके से सामानों को पहुंचाने का काम करता है। सीमावर्ती क्षेत्रों में इन दिनों तस्करों के आवागमन काफी हद तक बढ़ गया है, जिसको लेकर अधिकारी भी सतर्कता बरत रहे हैं।

# सीओ ने कोतवाली का निरीक्षण किया

**फरेंदा।** फरेंदा कोतवाली का गुरुवार को सीओ सुनील दत्त दुबे ने अर्ध वार्षिक निरीक्षण किया। थाने की साफ-सफाई, मालखाना, बैरक, मेस व शस्त्रागार का निरीक्षण करने के साथ ही उन्होंने अभिलेखों को देखा। उन्होंने बरसात के कारण बिल्डिग में जम रहे पेड़ पौधों को प्रभारी निरीक्षक को हटाने का निर्देश दिया। अभिलेखों के दृष्टिगत कमियों को दूर करने के लिए थाने के प्रधान लेखक व सहायक लेखक को अभिलेखों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। सभी बीट पुलिस अधिकारियों को सप्ताह में दो दिन क्षेत्र में भ्रमण करने को भी कहा। सार्वजनिक स्थानों पर बीट सिपाही व अधिकारी को अपना नंबर प्रकाशित कराने एंव जनता से सीधे संवाद स्थापित करने के लिए निर्देशित किया।



बेचने के लिए नेपाल ले जाई जा रहीं दो किशोरियों के पकड़े जाने का एसपी प्रदीप गुप्ता ने खुलासा किया। ● हिन्दुस्तान

# बेचने के लिए नेपाल जा रही दो किशोरियों को बचाया

महराजगंज | वरिष्ठ संवाददाता

नेपाल में बेचने के लिए ले जाई जा रहीं दो भारतीय किशोरियों को एसएसबी व ठूठीबारी पुलिस ने बचा लिया। सीमा पार कराते समय इन दोनों को शक के आधार पर रोका गया। साथ में एक नेपाली मूल का तस्कर पकड़ा गया है, जिसने स्वीकार किया कि वह इन दोनों को नेपाल अपने होटल ले जा रहा था। वहां इनको बेच देता। गुरुवार को पुलिस कार्यालय पर एसपी प्रदीप गुप्ता ने इस सनसनीखेज मामले का खुलासा किया।

एसपी ने बताया कि 22वीं वाहिनी एसएसबी की टीम ने ठूठीबारी सीमा पर पीलर नंबर 506/11 के रास्ते एक

## सराहनीय योगदान रहा

महराजगंज। मानव सेवा संस्थान सेवा के निदेशक राजेश मणि ने बताया कि उनकी टीम पुलिस व एसएसबी के साथ बॉर्डर पर सघन रूप से काम कर रही है। एसएसबी के साथ टीम के सदस्य बॉर्डर पर बैठते हैं। इन दोनों किशोरियों को बचाने में सेवा की टीम का सराहनीय सहयोग है।

लड़कियों को लेकर नेपाल जाते देखा। टीम ने उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों किशोरियां घबराने लगीं। इसी बीच सिपाहियों ने एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग व पुलिस को बुला लिया। पूछताछ में पकड़े गए शख्स ने अपना नाम कैलाश निवासी पालिनंदन वार्ड नंबर 3 महेशपुर-

# मतांतरण की सूचना पर पुलिस ने छह को लिया हिरासत में, रात में छोड़ा

## कार्रवाई

- कोल्हुई के लालपुर स्थित एक मकान में चल रही थी प्रार्थनासभा
- मौके पर मिलीं धार्मिक किताबें, अगरबत्तियां व मोमबत्तियां

जागरण संवाददाता, महराजगंज: कोल्हुई क्षेत्र के लालपुर गांव स्थित एक मकान में दोपहर 12 बजे चल रही प्रार्थनासभा को लेकर ग्रामीणों ने हंगामा किया। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रार्थनासभा का आयोजन मतांतरण के लिए किया गया। हंगामा के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मकान से छह लोगों को हिरासत में लिया लेकिन पूछताछ के बाद रात दस बजे छोड़ दिया। जिन्हें हिरासत में लिया गया था, वे फरेंदा, नौतनवा व कोल्हुई क्षेत्र के रहने वाले हैं। वे ईसाई धर्म के प्रचार-प्रसार का कार्य करते हैं।

थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि गांव में ईसाई मत अपनाने के लिए प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया है। ग्रामीण हंगामा कर रहे हैं। वहां पहुंचने पर प्रार्थनासभा का आयोजन करने वाली महिला ने बताया कि यह मासिक प्रार्थनासभा थी और इसमें धर्म का प्रचार-प्रसार किया जाता है। छापेमारी में कई लोग मौके से भाग निकले, जबकि छह लोगों को हिरासत में लिया गया था, लेकिन पूछताछ के बाद सभी को चेतावनी देकर रात दस बजे छोड़ दिया गया। जांच में मतांतरण से संबंधित मामला नहीं मिला। हालांकि मौके से प्रार्थना सभा से जुड़ी धार्मिक किताबें, अगरबत्तियां, मोमबत्तियां बरामद की गईं। पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने बताया कि मतांतरण की सूचना पर पुलिस पहुंची थी, लेकिन इससे संबंधित कुछ पुख्ता प्रमाण नहीं मिला।

# थाने पर फरियादियों से न हो दुर्व्यवहार : सीओ

**जागरण संवाददाता, आनंदनगर :** पुलिस क्षेत्राधिकारी फरेंदा सुनील दत्त दुबे ने फरेंदा थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने मालखाने में रखें असलहों, बैरिक, मेस,साफ-सफाई व्यवस्था को देखा। उन्होंने पुलिसकर्मियों से कहा कि थाने पर आने वाले किसी भी फरियादी से दुर्व्यवहार न हो। उनकी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाए।

गुरुवार की दोपहर पुलिस क्षेत्राधिकारी जैसे ही थाने पर गाड़ी से उतरे उनका स्वागत थाना प्रभारी गिरिजेश उपाध्याय ने किया। इसके बाद उन्हें सिपाहियों ने गारद की सलामी दी।

सलामी के बाद सीओ ने मालखाने व असलहों के रखरखाव को देखा। सीओ ने अपराध रजिस्टर, सुरक्षाकर्मियों की खाने पीने व रहने की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। थाना परिसर में बने महिला हेल्थ देश का भी निरीक्षण किया। बरसात के कारण आवासों पर उग रहे पेड़-पौधों को हटाने का निर्देश दिया। अभिलेखों में हुए कमियों को दूर करने के लिए थाने के प्रधान लेखक व सहायक लेखक को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। सभी बीट पुलिस अधिकारियों

## निरीक्षण

- **फरियादियों की समस्याओं को शीघ्र निस्तारित करें**
- **सीओ ने किया फरेंदा थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण**



फरेंदा थाने में असलहों का निरीक्षण करते सीओ सुनील दत्त दुबे ( दाएं ) ● जागरण

करने का भी निर्देश दिया। काम में लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की भी बात कही।

इस दौरान थाना प्रभारी गिरिजेश उपाध्याय सहित अन्य पुलिसकर्मी

# मानव तस्करी के आरोप में नेपाली नागरिक गिरफ्तार

## इंडो नेपाल बार्डर पर एसएसबी और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के हत्थे चढ़ा, भेजा गया जेल

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट और एसएसबी ठूठीबारी की टीम ने भारतीय मूल की किशोरियों को बहलाकर नेपाल बेचने ले जा रहे नेपाली नागरिक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह महराजगंज और कुशीनगर की दो किशोरियों को नेपाल ले जाने की फिराक में था। गुरुवार को पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



गिरफ्तार आरोपित के साथ एसपी प्रदीप गुप्ता। जागरण

पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने प्रेसवार्ता कर मामले का पर्दाफाश किया है। उन्होंने बताया कि नेपाल के नवलपरासी जिला थाना महेशपुर पाल्हिनंदन गांवपालिका का रहने वाला आरोपित कैलाश नेपाल के बेलाशपुर में होटल का संचालक है। उसकी गिरफ्तारी के बाद हुई जांच पड़ताल में यह ज्ञात हुआ है कि वह भारतीय क्षेत्र की किशोरियों को बहलाकर नेपाल ले जाता था और वहां पर उन्हें किसी और को सुपुर्द कर देता था। गुरुवार की सुबह आरोपित के बुलाने पर महराजगंज और कुशीनगर की दोनों किशोरियां ठूठीबारी बार्डर पर पहुंची थी, उन्हें रिसीव करने के लिए नेपाली आरोपित भी पहुंचा था। एसएसबी ने पूछताछ शुरू की, तो दोनों लड़कियां हड़बड़ा गईं। आरोपित भागने लगा तो उसे पकड़ लिया गया।

### भारत से मानव व्यापार के लिए नेपाल ले जाई जा रही थीं दो किशोरियां

ONLINE ADMISSION

Future is for those

## कार्रवाई में यह टीम रही शामिल

: टीमें में टूठीबारी थाने के उपनिरीक्षक वीरेंद्र कुमार, महिला आरक्षी पूजा तिवारी, एसएसबी के उपनिरीक्षक प्रथम सिंह, सुनील कुमार, रामानुज गौड़, एंटी ह्यूमन एसएसबी टीम में सहायक उपनिरीक्षक कुलवंत सिंह, प्रियंका तिवारी , सुजाता तथा मानव सेवा संस्थान से बबीता शर्मा और सपना वर्मा व अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

**होटल के साथ चल रहे अन्य व्यापार की भी होगी जांच:** पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित नेपाल में होटल के कारोबार से जुड़ा है। होटल के कारोबार और किशोरियों की तस्करी का मामला जांच का विषय बना है। इस मामले में नेपाल पुलिस से संपर्क कर गहनता पूर्वक न सिर्फ जांच की जाएगी।

# पुलिस अधिकारी सप्ताह में दो दिन करेंगे भ्रमण

**फरेंदा।** थाने का सीओ सुनील दत्त दूबे ने अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। जहां पर उन्होंने पुलिस अधिकारियों को जरूरी निर्देश भी दिए। सीओ ने बीट अधिकारियों को सप्ताह में दो दिन क्षेत्र में भ्रमण करने व जनता से सीधा संवाद स्थापित करने का आदेश दिया।

सीओ ने कोतवाली थाने में पहुंच कर साफ-सफाई, मालखाना, बैरक, अभिलेख व मेस का निरीक्षण किया। जहां पर उन्होने बरसात के कारण थाना भवन पर उगे पेड़ पौधो को साफ करने का आदेश दिया। अभिलेखो में कमियों को दूर करने के लिए प्रधान लेखक व सहायक लेखक को निर्देशित किया। सीओ ने कहा कि बीट पुलिस अधिकारी अपना मोबाइल नंबर जनता के बीच रहे, जिससे किसी भी प्रकार की जानकारी मिल सके व उनसे सीधा संवाद भी स्थापित हो सकें। पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए है इसलिए जनता से बेहतर सामंजस्य स्थापित करें। किसी भी प्रकार की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचे। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-07-2021



कलवारी के महुआपार खुर्द स्थित मृतक सियाराम के परिजनों से गुरुवार को मुलाकात करने पहुंचे आईजी रेंज अनिल कुमार राय व एसपी आशीष श्रीवास्तव।

# हत्या मामले में एडीजी सख्त आईजी पहुंचे कलवारी

बस्ती/कुदरहा | हिन्दुस्तान टीम

जिले के कलवारी थाना क्षेत्र में खदान के पास एक किसान की हत्या कर शव छिपाए जाने के मामले में एडीजी जोन गोरखपुर अखिल कुमार ने सख्त रूख अख्तियार किया है। उन्होंने आईजी रेंज अनिल कुमार राय से प्रकरण की मानीटरिंग कर जल्द से जल्द हत्याकांड से जुड़े सभी पहलुओं की सच्चाई को सामने लाने का निर्देश दिया है। गुरुवार को आईजी के साथ एसपी आशीष श्रीवास्तव कलवारी पहुंचे।

महुआपार स्थित घटनास्थल का जायजा लेने के साथ ही मृतक के परिजनों से मुलाकात कर घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्हें हरसंभव मदद के साथ ही अपराधियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने का आश्वासन दिया। आईजी ने अवैध बालू खनन को लेकर सतर्क नजर करते हुए इस पर पूरी तरह रोक लगाए जाने का निर्देश दिया।

कलवारी थाना क्षेत्र के महुआपार

## तफ्तीश

- कलवारी थाना क्षेत्र के महुआपार खुर्द के पास झाड़ी में मिली थी सियाराम की लाश
- बालू खदान को लेकर 15 जुलाई को हुआ था विवाद, 16 को गया था खेत पर

किसान सियाराम की लाश बरामद हुई थी। महुआपार खुर्द निवासी मृतक सियाराम के भाई अमरनाथ राजभर ने तहरीर में आरोप लगाया है कि हमारे जमीन में बालू का खदान ठेकेदार रामललित व मुकेश चौधरी करा रहे थे। भाई सियाराम के विरोध करने पर इन लोगों के कुछ सहयोगियों के साथ 15 जुलाई को विवाद हुआ था। उन लोगों ने अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। आरोप है कि इसके बाद साजिश के तहत 16 जुलाई को जमीन का कागजात मांगा। वह कागजात लेकर दोपहर करीब तीन बजे महुआपार खुर्द

# गुंडा, एनडीपीएस व आबकारी एक्ट में कार्रवाई

**बस्ती।** कोतवाली, परसरामपुर व कप्तानगंज पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ कार्यवाही की है। पुलिस कार्यालय के अनुसार कोतवाली पुलिस ने पतलेवा कटरा निवासी राजन के कब्जे से 202.42 ग्राम नशीला पाउडर व बीस गोली अल्प्राजोलाम बरामद किया है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। कप्तानगंज पुलिस ने कोइलपुरा निवासी गिरिजेश उर्फ बुद्धु को गुंडा एक्ट में पाबंद किया है। परसरामपुर पुलिस ने नेदूला निवासी सोहनलाल व करिगहना निवासी विनोद उर्फ मास्टर के कब्जे से दस-दस लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की है।

# दो तमंचा व कारतूस समेत दो गिरफ्तार

**रुधौली।** थाना क्षेत्र के रुधौली बखिरा मार्ग स्थित सब्जी मंडी के पास वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो युवकों को 12 बोर तमंचा एवं कारतूस के साथ पकड़ा। प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत मिश्र ने बताया कि रुधौली बाखिरा मार्ग पर सब्जी मंडी के पास चेकिंग के दौरान मंगल सिंह निवासी शास्त्रीनगर कस्बा रुधौली व आकाश चौधरी निवासी महुआ को तमंचा बारह व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। दोनों के खिलाफ धारा 3/25 आर्म्स एक्ट तहत केस दर्ज किया गया है।

# नदी में कूदी महिला को पुलिस ने बचाया

बस्ती | निज संवाददाता

कोतवाली क्षेत्र में मूड़घाट पुल से गुरुवार को एक महिला ने सरयू नदी में छलांग लगा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए नदी में डूबी महिला की स्थानीय लोगों की मदद से तलाश शुरू की और उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। प्राथमिक इलाज के बाद महिला को उसके भाई के सुपुर्द कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के अमहट पुलिस चौकी प्रभारी राकेश कुमार को गुरुवार की पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे एक महिला के मूड़घाट पुल से कुआनो नदी में कूदने की सूचना मिली। तत्काल एक्शन लेते हुए अपनी टीम संग एसआई राकेश पुल पर पहुंच गए। पुलिस के साथ ही कुछ स्थानीय लोग भी महिला को डूबने से बचाने के लिए नदी में कूद पड़े। थोड़ी देर में ही महिला को सुरक्षित बाहर निकालकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# ट्विटर पर सूचना के बाद बरामद हुआ बच्चा

**बस्ती।** सोशल एप ट्वीटर की मदद से एक लापता बालक को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खोज निकाला। पुलिस कार्यालय के अनुसार 21 जुलाई को पूर्वाह्न करीब 11 बजे रोझिया निवासी गगन पांडेय अपने घर से निकला था और काफी देर तक नहीं लौटा। खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने ट्वीटर पर ट्वीट कर घटनाक्रम की जानकारी देते हुए बस्ती पुलिस से मदद मांगी। इसके बाद सोशल मीडिया सेल ने तत्काल इसकी जानकारी नगर थाने पर दी। एसआई गौरीशंकर गुप्ता व हेड कांस्टेबल शेषनाथ को बालक की बरामदगी का टास्क सौंपा गया। शुक्रवार को पुलिस टीम ने गगन को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया।

# दो तमंचा व कारतूस समेत दो गिरफ्तार

**रुधौली।** थाना क्षेत्र के रुधौली बखिरा मार्ग स्थित सब्जी मंडी के पास वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो युवकों को 12 बोर तमंचा एवं कारतूस के साथ पकड़ा। प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत मिश्र ने बताया कि रुधौली बाखिरा मार्ग पर सब्जी मंडी के पास चेकिंग के दौरान मंगल सिंह निवासी शास्त्रीनगर कस्बा रुधौली व आकाश चौधरी निवासी महुआ को तमंचा बारह व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। दोनों के खिलाफ धारा 3/25 आर्म्स एक्ट तहत केस दर्ज किया गया है।

# गुंडा, एनडीपीएस व आबकारी एक्ट में कार्रवाई

**बस्ती।** कोतवाली, परसरामपुर व कप्तानगंज पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ कार्यवाही की है। पुलिस कार्यालय के अनुसार कोतवाली पुलिस ने पतलेवा कटरा निवासी राजन के कब्जे से 202.42 ग्राम नशीला पाउडर व बीस गोली अल्प्राजोलाम बरामद किया है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। कप्तानगंज पुलिस ने कोइलपुरा निवासी गिरिजेश उर्फ बुद्धु को गुंडा एक्ट में पाबंद किया है। परसरामपुर पुलिस ने नेदूला निवासी सोहनलाल व करिगहना निवासी विनोद उर्फ मास्टर के कब्जे से दस-दस लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की है।

# नदी में कूदी महिला को पुलिस ने बचाया

बस्ती | निज संवाददाता

कोतवाली क्षेत्र में मूड़घाट पुल से गुरुवार को एक महिला ने सरयू नदी में छलांग लगा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए नदी में डूबी महिला की स्थानीय लोगों की मदद से तलाश शुरू की और उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। प्राथमिक इलाज के बाद महिला को उसके भाई के सुपुर्द कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के अमहट पुलिस चौकी प्रभारी राकेश कुमार को गुरुवार की पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे एक महिला के मूड़घाट पुल से कुआनो नदी में कूदने की सूचना मिली। तत्काल एक्शन लेते हुए अपनी टीम संग एसआई राकेश पुल पर पहुंच गए। पुलिस के साथ ही कुछ स्थानीय लोग भी महिला को डूबने से बचाने के लिए नदी में कूद पड़े। थोड़ी देर में ही महिला को सुरक्षित बाहर निकालकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# भाजपा विधायक अजय सिंह के आवास पर आयकर छापा

## 12 घंटे तक चली जांच को विधायक ने सामान्य कार्यवाही बताया



लजघटा गांव स्थित भाजपा विधायक अजय सिंह के घर के बाहर खड़े पीएसी के जवान ●जागरण

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** हर्रैया के विधायक अजय सिंह के लजघटा गांव स्थित पैतृक आवास पर गुरुवार को आयकर विभाग की टीम ने छापा मारा। सुबह आठ बजे पहुंची टीम 12 घंटे तक आय और संपत्ति के संबंध में दस्तावेजों की जांच करती रही। टीम ने जांच के संबंध में कुछ भी कहने से मना कर दिया।

तीन वाहनों से पांच सदस्यीय टीम सुबह आठ बजे विधायक के आवास पर पहुंची। उस समय विधायक आवास में थे, उनसे मुलाकात करने के लिए तीन-चार परिचित भी आए थे। टीम ने घर से बाहर के निकलने वाले सभी गेट बंद करा दिए और

### कार्रवाई

- सुबह आठ बजे पहुंची आयकर विभाग लखनऊ की स्पेशल टीम
- छापे के दौरान पैतृक आवास में ही थे विधायक

दस्तावेजों की जांच की। रात करीब आठ बजे तक चली कार्रवाई में अधिकारियों ने घर का कोना-कोना खंगाला। खेती-बाड़ी से लेकर व्यावसायिक आय संबंधी दस्तावेज देखे। परिवार के सदस्यों की आय के बारे में जानकारी की और घर में रखे अभिलेख भी जांचे। आयकर टीम ने जांच के संबंध में कुछ भी कहने से मना कर दिया। लोग खामियों और अभिलेख जब्त किए जाने को लेकर कयास लगाते रहे। छापेमारी के दौरान विधायक निवास के मुख्य गेट पर पीएसी के आधा दर्जन जवान भी तैनात रहे।

विधायक अजय सिंह ने बताया कि जांच के समय वह खुद मौके पर मौजूद रहे। यह छापेमारी संवैधानिक पद पर आसीन लोगों की आय और संपत्ति की जांच के लिए सरकार की रूटीन कार्रवाई है। इसमें किसी का द्वेष भाव नहीं है। आयकर विभाग की टीम किसी शिकायत पर आई थी, इसकी जानकारी से उन्होंने मना किया।

# आइजी और एसपी पहुंचे महुआपार खुर्द, मृतक किसान के स्वजन से की बात

**आश्वासन**

- एडीजी गोरखपुर जोन ने घटना का लिया संज्ञान, शुरू हुई जांच
- महुआपार खुर्द निवासी किसान सियाराम की हत्या का मामला

**जागरण संवाददाता, [illegible]:** [illegible] थाना क्षेत्र के महुआपार खुर्द गांव निवासी सियाराम की हत्या के मामले का [illegible] गोरखपुर जोन द्वारा संज्ञान लिया तो महकमे में हड़कंप मच गया। गुरुवार को आइजी बस्ती परिक्षेत्र अनिल कुमार राय बस्ती के एसपी आशीष श्रीवास्तव के साथ महुआपार खुर्द पहुंच गए। उन्होंने मृतक किसान के स्वजन से घटना के संबंध में बातचीत की और घटना में शामिल लोगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

पुलिस अधिकारियों के साथ मौके पर निरीक्षक और [illegible] थानाध्यक्ष अरविंद कुमार शाही भी मौजूद रहे। आइजी घटनास्थल पर जाना चाह रहे थे, लेकिन बाढ़ का पानी जमा होने के कारण वे वहां नहीं पहुंच सके। महुआपार खुर्द [illegible] से ही घटनास्थल के बारे में थानाध्यक्ष अरविंद कुमार शाही से जानकारी की। आइजी व एसपी मृतक किसान सियाराम के घर भी गए। आइजी ने किसान सियाराम के [illegible] भाई से घटनाक्रम के बारे में पूछताछ कर उनका बयान दर्ज किया। पीड़ित



महुआपार खुर्द में मृतक किसान के स्वजन से पूछताछ करते आइजी अनिल कुमार राय ● जागरण

परिवार ने बताया कि सियाराम से बालू के ठीकेदार ने खेत का कागज मांगा था। शुक्रवार को वह खेत का कागजात लेकर बालू [illegible] पर गया। इसके बाद वह वापस घर नहीं आया। दूसरे दिन उसका बालू खनन के पास ही झाड़ियों में शव मिला। बताया कि दोनों मुल्जिमों को सुलह करने को लेकर बुधवार को राजू व [illegible] नाम के दो व्यक्ति उनके घर पर आए थे। वह सुलह करने के लिए रुपये का लालच देकर दबाव बना रहे थे। बात करते समय मृतक की मां भावुक होकर जमीन पर बैठ गई।

**आइजी ने ग्रामीणों का भी लिया बयान:** आइजी ने सियाराम की मां रामदुलारे, पिता रामचंदर, भाई [illegible] के अलावा गांव के अन्य लोगों का भी बयान लिया। परिवार के लोगों ने बताया कि अस्थाई बांध बनाकर बालू खनन किया जा रहा था। खनन के बाद बालू कारोबारियों ने बांध काट दिया, जिससे बाढ़ का पानी पूरे क्षेत्र में फैल गया। ऐसा इसलिए किया कि अवैध खनन की भी जांच न हो सके। आइजी ने स्वजन से पूछा कि जमीन पर बालू खनन को लेकर किसी से शिकायत किया था तो मौके पर मौजूद किसान दीनानाथ ने बताया कि 15 जुलाई को सामूहिक रूप से एक शिकायती पत्र जिलाधिकारी को दिया गया था। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने किसान दीनानाथ के मोबाइल से शिकायती पत्र क्षेत्राधिकारी कलवारी के मोबाइल में ट्रांसफर करवाया। क्षेत्राधिकारी कलवारी आलोक प्रसाद, आइजी के पीआरओ [illegible] मिश्र, कलवारी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार शाही आदि मौजूद रहे।

**बालू के अवैध खनन से जुड़े हत्या के तार**

मृतक सियाराम के गांव ही नहीं [illegible] किनारे तमाम किसानों की जमीनों में अवैध खनन किया जा रहा है। किसान विरोध करते हैं तो उनकी आवाज दबा दी जाती है। किसान सियाराम ने खेत से बालू खनन किए जाने पर विरोध जताया था, जिससे [illegible] बालू खनन करने वालों से विवाद भी हुआ था। इस घटना के बाद कागजात लाने के नाम पर खनन पर बुलाकर उसकी हत्या कर दी गई और शव को दूर झाड़ियों में फेंक दिया गया। इस मामले में दो लोगों के खिलाफ नामजद हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। हालांकि किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# जांच में दो संदिग्ध गिरफ्तार

## आपरेशन तमंचा : दो देसी तमंचा व दो कारतूस किया बरामद

**जागरण संवाददाता, रुधौली:** आपरेशन तमंचा अभियान के तहत रुधौली पुलिस ने दो संदिग्धों को देसी तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

आपरेशन तमंचा अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत मिश्र और उनकी टीम ने बुधवार की देर शाम रुधौली कस्बे में सब्जी मंडी के पास पुलिया पर एक सूचना के आधार पर संदिग्ध वाहन और व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच पुलिस ने संदिग्ध लग रहे रुधौली नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 शास्त्रीनगर निवासी मंगल सिंह व रुधौली थानाक्षेत्र के महुआ गांव निवासी आकाश चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान दो देसी तमंचा व दो कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गुरुवार को न्यायालय रवाना किया।



रुधौली पुलिस द्वारा आपरेशन तमंचा के तहत गिरफ्तार किए गए आरोपित ● सौ. पुलिस विभाग

# नदी में कूदी महिला को पुलिस ने बचाया

**जासं, बस्ती:** कुआनो नदी में कूदी एक महिला को पुलिस ने बचा लिया। अमहट चौकी प्रभारी और उनकी टीम ने पीड़िता को बाहर निकालकर उसके परिजनों को सुपुर्द किया।

गुरुवार को दिन में 11.30 बजे कुआनो नदी के मूड़घाट पुल से एक महिला नदी में कूद गई। वह पानी में बहते हुए कुआनो नदी के अमहट घाट तक पहुंच गई। घटना की जानकारी होते ही अमहट चौकी प्रभारी राकेश कुमार व उनकी टीम के सदस्यों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से पीड़िता को नदी से बाहर निकाला। प्राथमिक उपचार के उपरांत उसे उसके भाई को सुपुर्द कर दिया गया। पीड़िता के भाई ने पुलिस के प्रति आभार जताया।

# आईजी की निगरानी में चलेगा 'ऑपरेशन तफ्तीश'

## रेंज में काफी समय से लंबित है 89 मुकदमों की विवेचना, बस्ती में 37, संतकबीरनगर 31, सिद्धार्थनगर में 21

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** परशुरामपुर के छह वर्षीय आंचल हत्याकांड, नगर थानाक्षेत्र के 18 माह की ईशू हत्याकांड सरीखे काफी पुराने मुकदमों की विवेचना पुलिस के लिए लंबे समय से गले की हड्डी बनी हुई है।

संगीन अपराध में बेहतर परिणाम आने के बावजूद हर बार समीक्षा के दौरान इन मुकदमों में शून्य प्रगति होने से अधिकारियों का मन खिन्न हो जाता है। आईजी एके राय के मुताबिक इसके लिए ऑपरेशन तफ्तीश शुरू किया जाएगा। ताकि काफी लंबे समय से लंबित विवेचनाओं में प्रगति हो सके। इसके लिए पुरानी विवेचनाओं की सूची तैयार की जाएगी और उन्हें प्राथमिकताओं के तहत निपटाया जाएगा। आईजी के मुताबिक प्रथम स्तर पर रेंज के बस्ती में 37, संतकबीरनगर 31, सिद्धार्थनगर में 21 मुकदमों की तफ्तीश पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। दरअसल इस विसंगति से निजात पाने के लिए एडीजी अखिल कुमार ने बस्ती रेंज समेत पूरे जोन के सभी जनपदों को यह आदेश दिया है।

कहा गया है कि पुलिस अफसरों की निगरानी में लंबित मामलों की विवेचनाएं जल्द पूरी की जाएं। हकीकत यह है कि हत्या, लूट, डकैती, चोरी, दुष्कर्म जैसी तमाम घटनाओं में पुलिस त्वरित गति से पर्दाफाश कर देती है। उनकी जल्द से जल्द चार्जशीट भी न्यायालय को प्रस्तुत कर दी जाती है लेकिन साइबर काइम, ऑनलाइन/ऑफ लाइन जालसाजी, आवश्यक वस्तु अधिनियम, विद्युत अधिनियम आदि अन्य केस जिसकी विवेचना लंबित होने पर पुलिस पर सवाल उठते हैं। ऐसे मामलों को निपटाने के लिए एडीजी ने पहल की है।

### विवेचनाओं में देरी का कारण

- मुकदमा दर्ज कराने वाले अथवा आरोपित के गैर प्रांत या दूर का होने की वजह से बयान आदि में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी है। आत्महत्या या जहरीला पदार्थ खाकर मौत के मामलों में पुलिस को फोरेंसिक रिपोर्ट के लिए काफी चक्कर काटना पड़ता है।
- फर्जी हस्ताक्षर बनाने, नकली स्टैंप आदि कागजी जालसाजी धोखाधड़ी के मामलों में विवेचक काफी उलझा रहता है। पर्याप्त साक्ष्य और तकनीकी आधार नहीं मिलने पर उसे रिपोर्ट के लिए संबंधित प्रयोगशाला या जांच एजेंसी की पहल का इंतजार करना पड़ता है।
- कई बार अयोग्य विवेचक को तफ्तीश आवंटित होने की वजह से भी काफी देर होती है। इस तरह के मामले सबसे ज्यादा आईटी एक्ट से जुड़े होते हैं। पूरी तरह से सूचना तकनीक से जुड़े होने के ऐसे मामलों में यदि विवेचक आईटी दक्ष नहीं है तो उसे केस के निष्कर्ष तक पहुंचने में काफी देर होती है।

### जिले में अब तक उलझा है मासूम ईशू और आंचल हत्याकांड

**छह** वर्ष की मासूम आंचल की 13 दिसंबर 2020 को हत्या कर दी गई थी। परशुरामपुर थानाक्षेत्र के इस मामले में घर से कुछ दूरी पर गन्ने के खेत में उसकी लाश मिली थी। इसी तरह नगर थानाक्षेत्र के प्रसादपुर की 18 माह की ईशू की घर के भीतर गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के दिन से ही उसकी मां दीपमाला भी लापता है। इसमें एक मुकदमा हत्या का दर्ज है जबकि दूसरा मुकदमा दीपमाला के मायके वालों ने उसके ससुरालियों पर इस आरोप में दर्ज कराया है कि दहेज के लिए उसकी दीपमाला की भी हत्या करके लाश गुम कर दी गई।

### हत्यारोपी के घर की दूसरी बार कुर्की का अल्टीमेटम

**बस्ती।** नगर थाने के परसादपुर में 18 माह की मासूम ईशु उर्फ आयशा की गला घोंटकर हत्या की आरोपी मां दीपमाला की संपत्ति कुर्क होगी। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय ने बृहस्पतिवार को एक महीने के भीतर दीपमाला को हाजिर होने का आदेश दिया है। अनुपालन नहीं होने पर उसके घर की कुर्की कर ली जाएगी। इससे पहले भी दिसंबर 2020 में कुर्की की नोटिस दी गई थी लेकिन प्रतिवादी पक्ष ने न्यायालय से मोहलत ले लिया था।

# सियाराम हत्याकांड : एडीजी ने लिया संज्ञान, मौके पर पहुंचे आईजी

## सियाराम की मां ने स्थानीय पुलिस पर लगाया सुलह के लिए दबाव डालने का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

**गायघाट।** कलवारी थाने के महुआपार खुर्द में बालू खदान पर गए 55 वर्षीय सियाराम की हत्या का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। नामजद मुकदमा दर्ज होने के बावजूद पुलिस के लचर रवैये को लेकर एडीजी अखिल कुमार ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। उनके निर्देश पर बृहस्पतिवार को दोपहर पुलिस महानिरीक्षक अनिल कुमार राय, एसपी आशीष श्रीवास्तव के साथ महुआपार खुर्द गांव पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ ही आईजी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की।

सियाराम की मां ने आईजी से शिकायत किया कि खनन माफियाओं के प्रभाव में आकर पुलिस सुलह करने का दबाव बना रही है। आईजी ने उसे हर संभव मदद करने एवं अपराधियों को सख्त सजा दिलवाने का भरोसा दिया। शनिवार को कलवारी थानाक्षेत्र के महुआपार खुर्द बालू खदान के पास झाड़ियों में किसान सियाराम का शव मिला था। बुधवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आंतरिक चोट आने से मौत की पुष्टि हुई थी। इस मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचकर बारीकी से जांच-पड़ताल की और पीड़ित परिवार के लोगों के अलावा गांव के अन्य लोगों से भी पूछताछ की। इस दौरान घटनास्थल पर बाढ़ का पानी भर जाने के कारण पुलिस महानिरीक्षक अनिल कुमार राय टीम के साथ घटनास्थल पर नहीं पहुंच सके।



महुआपार खुर्द गांव मे घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़ित परिवार से बात करते पुलिस महानिरीक्षक अनिल कुमार राय। संवाद

### आईजी ने घरवालों को इंसाफ दिलाने का दिया आश्वासन

### खेत में खनन रोकने गए सियाराम का मिला था शव

वे महुआपर खुर्द लिंक मार्ग पर खड़े होकर थानाध्यक्ष कलवारी से घटना की जानकारी ली। इसके बाद किसान सियाराम के परिवार वालों से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली। इस दौरान क्षेत्राधिकारी कलवारी आलोक कुमार, आईजी के पीआरओ डीके मिश्र, थानाध्यक्ष कलवारी अरविंद कुमार शाही के अलावा काफी संख्या में पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### क्या है मामला

**बता** दें कि कलवारी थानाक्षेत्र के महुआपार खुर्द के पास झाड़ी में 17 जुलाई को सियाराम की लाश बरामद हुई थी। महुआपार खुर्द निवासी मृतक के भाई अमरनाथ राजभर ने तहरीर में आरोप लगाया है कि उसकी जमीन में कुछ लोग जबरन बालू का खनन करा रहे थे। उसके भाई सियाराम ने विरोध किया तो साजिशन खनन कराने वालों ने उन्हें 16 जुलाई को जमीन का कागजात लेकर आने को कहा। इन लोगों के कुछ सहयोगियों के साथ 15 जुलाई को विवाद भी हुआ था। उन लोगों ने अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। आरोप है कि 16 जुलाई को जमीन का कागजात लेकर सियाराम दोपहर करीब तीन बजे महुआपार खुर्द बालू खदान पर गए। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर खोजबीन करते हुए खदान वाले स्थान पर पहुंचे तो लोगों ने बताया कि वह एक घंटे पहले ही चले गये। अमरनाथ के अनुसार इसके बाद से उसकी खोजबीन में लगे रहे। शनिवार 17 जुलाई को गांव के चरवाहों से जानकारी हुई कि बालू खदान से करीब 20 मीटर दूरी पर झाड़ी में सियाराम का शव पड़ा है। सूचना पाकर परिजन पहुंचे और थोड़ी देर में पुलिस भी पहुंच गई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने दिया था। कलवारी पुलिस ने आईपीसी की धारा 302 व 201 के तहत रामललित व मुकेश चौधरी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## नदी में कूदी महिला, पुलिस ने बचाया

**बस्ती।** कोतवाली क्षेत्र में मूड़घाट पुल से बृहस्पतिवार को एक महिला ने कुआनो नदी में कूद गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए स्थानीय लोगों की मदद से तलाश शुरू की और उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्राथमिक इलाज के बाद महिला को उसके भाई के सुपुर्द कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के अमहट पुलिस चौकी प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि महिला को सुरक्षित बचा लिया गया। संवाद

## तीन आरोपियों पर धारा 82 के तहत कार्रवाई

**बस्ती।** विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर ने तीन आरोपियों पर सीआरपीसी 82 के तहत कार्रवाई किया है। वाल्टरगंज थानाध्यक्ष व विवेचक दिग्विजय सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर डुग्गी-मुनादी करते हुए अजय राणा उर्फ अजय कुमार निवासी रामनगर करजहां थाना खोराबार जिला गोरखपुर, राम निरंजन निवासी कोल्हुआ थाना पुरानी बस्ती और इसी पते के उत्सव शुक्ल के घर पर धारा 82 की कार्रवाई चस्पा कर दी गई है। तीनों आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे हैं। न्यायालय की ओर से तीनों के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी हो चुका है। संवाद

# ट्विटर पर सूचना, सक्रिय हुई पुलिस

**बस्ती।** ट्विटर की मदद से एक लापता बालक को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खोज निकाला। पुलिस कार्यालय के अनुसार 21 जुलाई को पूर्वाह्न करीब 11 बजे नगर थाने के रोझिया निवासी बालक गगन अपने घर से निकला था और काफी देर तक नहीं लौटा। खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने ट्वीट कर घटनाक्रम की जानकारी देते हुए बस्ती पुलिस से मदद मांगी। इसके बाद सोशल मीडिया सेल ने तत्काल इसकी जानकारी नगर थाने पर दी। एसआई गौरीशंकर गुप्ता व हेड कांस्टेबल शेषनाथ को बालक को खोजने का टास्क सौंपा गया। शुक्रवार को पुलिस टीम ने गगन को सकुशल खोजकर परिजनों को सौंप दिया। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-07-2021

# मेडिकल कालेज के उद्घाटन के साथ ही पीएम मोदी बुद्ध भूमि को देंगे कई सौगात

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)।** आगामी 30 जुलाई को बुद्ध भूमि सिद्धार्थनगर में मेडिकल कालेज का उदघाटन करने आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को तैयारियां जिला कारागार के सामने वाले मैदान में युद्ध स्तर पर की जा रही है।

पीएम मोदी का कार्यक्रम तय होते ही प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया और तैयारियो जुट गया, कार्यक्रम स्थल पर दिन रात एक करके तेजी के साथ पांडाल व टेंट व मंच बनाने का कार्य शुरू हो गया है। जिलाधिकारी दीपक मीणा, पुलिस अधीक्षक राम अभिलाष त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी सीताराम गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत लगातार कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे है। पीएम मोदी का

**30 जुलाई को पीएम मोदी का जिले में होगा आगमन, युद्ध स्तर पर की जा रही है तैयारियां**

**जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक लगातार कार्यक्रम का स्थल पर की जा रही तैयारियो का ले रहे है जायजा**

कार्यक्रम सिद्धार्थ नगर में लगने से जनपद के लोगों में खुशी की लहर है। भारतीय जनता पार्टी के पहले प्रदेश अध्यक्ष रहे पंडित माधव प्रसाद त्रिपाठी के नाम बने इस मेडिकल कालेज के उद्गाघाटन स्वयं पीएम मोदी करने आ रहे है, इस मेडिकल कालेज के अलावा पीएम मोदी प्रदेश के आठ जिलों में बनकर तैयार हो चुके मेडिकल कालेज का भी बुद्ध भूमि से ही वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। साथ ही साथ पीएम मोदी बुद्ध भूमि सिद्धार्थनगर को कई सौगात देंगे।

पीएम मोदी के कार्यक्रम को लेकर हाई लेबल पर मीटिंग लगातार चल रहा है, जिलाधिकारी दीपक मीणा स्वयं लगातार मेडिकल कालेज के प्राचार्य सहित जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश देने का कार्य कर रहे है।

# सुरक्षा में न हो चूक : घर-घर वेरीफिकेशन कर रहीं पुलिस और एलआईयू

**सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिले में 30 जुलाई को संभावित दौरा है। पुलिस प्रशासन उनकी सुरक्षा में कोई भी रिस्क लेने के मूड में नहीं है। गुरुवार को मेडिकल कॉलेज के पीछे की बस्ती में घर-घर पहुंच कर एलआईयू व पुलिस वालों ने परिवार से सारे सदस्यों का ब्योरा जुटाया व उनके पहचानपत्र देखें।

प्रधानमंत्री के पास वैसे ही सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध होते हैं। उनके साथ मौजूद कमांडों खुद ही सुरक्षा का सारा जिम्मा उठाते हैं लेकिन जिला प्रशासन भी अपने स्तर से सुरक्षा में किसी प्रकार का चूक करना नहीं चाहता है। वह हर उस स्थान पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करना चाहता हैं जहां प्रधानमंत्री जा सकते हैं। वैसे तो प्रधानमंत्री के लिए बीएसए ग्राउंड तैयार किया जा रहा है जहां से वह मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण करने के साथ जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यस्तल के पास में ही मेडिकल कॉलेज भी स्थित है इससे प्रधानमंत्री वहां जा सकते हैं। इसे मद्देनजर रखते हुए गुरुवार को एलआईय व पुलिस की संयुक्त टीम ने मेडिकल कॉलेज के पीछे की बस्ती में पहुंचकर प्रत्येक घरों पर दस्तक दी। वह उनसे कितने परिवार में सदस्य हैं, क्या करते हैं, कितने बाहर रहते हैं और कितने मौजूद हैं। कोई बाहर व्यक्ति या किराएदार तो नहीं रहता है आदि जानकारी जुटाने के साथ-साथ सभी के पहचानपत्रों को देखा।

# थाने पर हुआ आमने सामने कार्यक्रम

**सिद्धार्थनगर।** आमने-सामने अभियान के तहत गुरुवार को उस्का बाजार थाना पर समीक्षा एएसपी सुरेश चंद्र रावत ने की। एक जनवरी 2021 से अब तक असंतुष्ट 56 फरियादियों के प्रार्थना पत्रों पर पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही की फरियादियों के सामने समीक्षा की।18 फरियादी संतुष्ट हुए,14 प्रकरण न्यायालय में लंबित पाए गए।17 प्रकरण अगले थाना दिवस के लिए संदर्भित किए गए। सात प्रकरण में शिकायतकर्ता अभियुक्त पक्ष के पाए गए जिनकी शिकायत गलत थी।



प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को लेकर अशोक मार्ग पर दौरा कर गुरुवार को डीएम दीपक मीणा व एसपी राम अभिलाष त्रिपाठी ने तैयारियों का जायजा लिया। • हिन्दुस्तान

# एनडीआरएफ ने चलाया आपदा जागरूकता अभियान

**जासं, सिद्धार्थनगर:** एनडीआरएफ की टीम ने मानव सेवा संस्थान के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर ग्रामीणों को बाढ़ जैसी आपदा से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान सभी को बाढ के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों व किए जाने वाले उपायों की जानकारी देने के साथ ही उसका माकड्रिल भी दिखाया गया। डीएम दीपक मीणा की पहल पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान 11वीं एनडीआरएफ के कमांडेंट मनोज कुमार शर्मा के दिशा निर्देशन में राहत व बचाव कार्य हेतु एनडीआर एफ की एक टीम निरीक्षक गोपी गुप्ता के नेतृत्व में तैनात किया गया है। उप निरीक्षक राजेश लाल व टीम ने बाढ़ से बचाव के लिए आपदा से पूर्व, दौरान व बाद में अपनाई जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी। बाढ़ के दौरान जीवन सुरक्षा हेतु स्थानीय संसाधनों से निर्मित जैकेट और दूषित जल को घर पर फिल्टर करने का तरीका बताया।

# जनसभा स्थल पर तैयारियां तेज, दिनभर जुटा रहा प्रशासन

**निरीक्षण**

- कांशीराम कालोनी मैदान में होगी हाइडिल की ओर से आने वाले वाहनों की पार्किंग
- मुख्य गेट से प्रवेश करेंगे वीवीआइपी वाहन
- साड़ी तिराहा पर ही रोक दी जाएंगी सभी गाड़ियां

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन की तैयारियां पूरी तेज हो गईं हैं। प्रशासनिक अमला दिन-रात जुट गया है। गुरुवार को आला अधिकारियों व भाजपा नेताओं का जनसभा स्थल बीएसए मैदान पर पूरे दिन आना-जाना लगा रहा। तैयारियों को लेकर मंथन चलता रहा। जिलाधिकारी दीपक मीणा, पुलिस अधीक्षक राम अभिलाष त्रिपाठी के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने बताया कि वीवीआइपी को मुख्य मार्ग से प्रवेश मिलेगा। आम लोगों के लिए उद्यान पार्क का पश्चिमी गेट को खोला जाएगा। हाइडिल की ओर से आने वाले वाहनों को कांशीराम आवासीय कालोनी के मोड़ पर रोक दिया जाएगा। वहीं मैदान में पार्किंग भी बनाई जाएगी। सनई की ओर से आने वाले वाहनों को डाकघर के पास रोका जाएगा। स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पुलिस लाइन से लेकर बीएसए मैदान तक सफाई के लिए नगरपालिका के कर्मी लगा गए हैं। वह सड़क के किनारे गड्ढों में भरे बारिश का पानी भी निकाल रहे है। डुमरियागंज के विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह व जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि उपेंद्र प्रताप सिंह ने भी कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

प्रधानमंत्री के साथ कितने अति विशिष्ट व गणमान्य आएंगे, इसकी भी सूची मिलने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। तभी हेलीपैड की आवश्यकता भी मालूम चलेगी। पुलिस लाइन में एक स्थाई हेलीपैड है। इसका भी प्रयोग किया जाएगा। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस लाइन में आने वाले सभी संपर्क मार्ग को सील किया जाएगा। यहां केवल उन्हीं लोगों को प्रवेश मिलेगा, जिनका नाम सूची में दर्ज रहेगा। प्रधानमंत्री की जनसभा के लिए बीएसए परिसर में पंडाल का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। कारीगर युद्धस्तर पर काम कर रहे हैं।

पंडाल में मंच पर अतिविशिष्ट लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी।





कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते डुमरियागंज के विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह (मध्य में) प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते डीएम दीपक मीणा (दाएं) एसपी राम अभिलाष त्रिपाठी (मध्य में) ●जागरण

## सिद्धार्थनगर पहुंची एसपीजी टीम, कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। गुरुवार को दिल्ली से एसपीजी टीम पहुंची। सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी बिंदुओं की जांच की। कार्यक्रम स्थल के पास कितने आवासीय मकान और सरकारी भवन हैं, इसकी सूची तैयार की है। यहां कितने लोग रहते हैं, इनका ब्योरा भी अपने रिकार्ड में रखा। बीएसए मैदान के उत्तरी छोर पर स्थित कालोनी में करीब 25 मकान बने हैं। एसपीजी के जवान सुबह ही मैदान में पहुंच गए। सुरक्षा से जुड़े सभी बिंदुओं को देखा। इसपर अपनी रिपोर्ट तैयार की। कालोनी के सभी घरों में गए। मुखिया को बुलाकर पूछताछ की। घर में कितने सदस्य है, सभी की पहचान की। कितनी महिला व पुरुष रहते हैं, इनकी संख्या में डायरी में लिखा। बाहर से आने वाले मेहमान के संबंध में पूरी जानकारी एकत्र किया। मुखिया का आधार कार्ड भी मांग कर देखा। नगर के सभी होटल व ढाबा की भी जांच की। बाहर से आने वाले लोगों पर विशेष निगाह रखने के लिए सदर थाना पुलिस को निर्देशित किया है। पुलिस अधीक्षक राम अभिलाष त्रिपाठी ने बताया कि पीएम के कार्यक्रम को लेकर पुलिस अलर्ट है। सुरक्षा के सभी बिंदुओं की जांच की जा रही है। कार्यक्रम स्थल के पास स्थित सभी आवास व उनमें रहने वालों की पहचान की जा रही है।



जनसभा के लिए तैयार होता पंडाल ●जागरण



मेडिकल कालेज रोड की सफाई करते कामगार ●जागरण

## युद्धस्तर पर हो रहा पंडाल निर्माण का काम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा के लिए बीएसए परिसर में पंडाल का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। कारीगर युद्धस्तर पर काम कर रहे हैं। सुरक्षा व मानक का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। पंडाल में मंच पर अतिविशिष्ट लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। उसी के अनुसार कुर्सियां लगाई जाएगी। अभी प्रशासन को सूची नहीं मिली है। पंडाल में पांच हजार लोगों के बैठने के लिए कुर्सी लगाई जाएगी। इसकी संख्या बाद में बढ़ाई भी जा सकती है।

**स्वच्छता अभियान में जुटे नपा व सफाईकर्मी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित कार्यक्रम स्थल को लेकर प्रशासन अलर्ट है। स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सड़क के किनारे लगे घास-फूंस को साफ करने का काम शुरू हो गया है। पुलिस लाइन से लेकर बीएसए मैदान तक सभी कोना को चाक चौबंद किया जा रहा है। नगरपालिका के कर्मी लगे हैं। वह सड़क के किनारे गड्ढों में भरे बारिश के पानी को निकाल रहे है।

# महिला फरियादियों को मिलेगी सुविधा

**जागरण संवाददाता, इटवा, सिद्धार्थनगर :** त्रिलोकपुर थाने पर महिला प्रसाधन बनकर तैयार हो गया है। अब थाने पर आने वाली महिला फरियादियों के लिए इसकी सुविधा उपलब्ध मिलेगी। थाना परिसर में महिला प्रसाधन न होने के कारण महिला फरियादियों को बड़ी असुविधाओं का सामना करना पड़ता था। नारी सशक्तीकरण की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक रणधीर कुमार मिश्रा ने प्रयास शुरू किया, जिसका नतीजा रहा कि पिछले दिनों महिला प्रसाधन का निर्माण प्रारंभ हुआ जो अब पूरी तरह से बनकर तैयार हो गया है। सुविधाओं के नाम पर थाने पर नित नए कार्य निरंतर कराए जा रहे हैं। अभी तक थाना सुंदरता के मामले में पूरे मंडल में उदाहरण के रूप में देखा जाता है। आईजी की ओर से इस मामले में थाने को पुरस्कृत भी किया गया। अब इस थाने पर महिला प्रसाधन भी बन गया है, जो दूसरे थानों के लिए एक संदेश देने का कार्य करेगा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि महिला प्रसाधन न होने के कारण थाने पर आने वाली महिला फरियादियों के समक्ष दिक्कतें होती थीं, जिसके मद्देनजर यहां इसका निर्माण कराया गया, अब जो भी महिलाएं यहां आएंगी, उनके लिए इसकी सुविधा उपलब्ध रहेगी।

## युवक पर हमला, दो आरोपित गिरफ्तार

**शोहरतगढ़।** नगर पंचायत शोहरतगढ़ के खुनुआ बाईपास पर शिव बाबा स्थान के पास बुधवार शाम को जुआ खेल रहे तीन युवकों के बीच मारपीट के मामले में पुलिस दो को गिरफ्तार किया है। शोहरतगढ़ कस्बे के नेहरू नगर के श्याम बिहारी और शंकर पर जुबेर पर हमला कर गले के पास चोट पहुंचाने का आरोप है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# पीएम के कार्यक्रम के मद्देनजर बढ़ी सतर्कता

## सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों ने बढ़ाई सक्रियता, तैयारियों की प्रतिदिन समीक्षा कर रहे अफसर



पीएम के कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेते डीएम और एसपी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 जुलाई को मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन करने जिला मुख्यालय आ रहे हैं। पीएम के कार्यक्रम के मद्देनजर सतर्कता बढ़ा दी गई है। जिले का जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया है। कार्यक्रम स्थल के निरीक्षण का क्रम जारी है। मंच, रूट डायवर्जन, सुरक्षा आदि बिंदुओं पर प्रतिदिन डीएम, एसपी समीक्षा कर रहे हैं।

जिला मुख्यालय समेत प्रदेश के नौ मेडिकल कॉलेजों का एक साथ उद्घाटन करने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 जुलाई को आएंगे। वह बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस दौरान उनकी सुरक्षा से लेकर अन्य इंतजामों को लेकर प्रशासनिक अमला दिन-रात जुट गया है। डीएम दीपक मीणा, एसपी राम अभिलाष त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी पुलकित गर्ग स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। बृहस्पतिवार को डुमरियागंज के विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने तैयारियों के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के समय डीएम, एसपी के साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उपेंद्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख भनवापुर के प्रतिनिधि लवकुश ओझा भी उपस्थित थे।

**सीमा पर भी अलर्ट : नेपाल** प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में एसएसबी समेत अन्य एजेंसियां दोनों देशों से आने-जाने वालों से पूछताछ कर सामग्रियों को चेक कर रही है।

### पीएम से पहले जायजा लेने आएंगे सीएम

प्रधानमंत्री के जिले में कार्यक्रम प्रस्तावित होने के बाद तैयारियों के बीच हकीकत जानने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कभी भी निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज परिसर समेत बीएसए ग्रांउड का निरीक्षण कर सकते हैं। इस दौरान वह कई बिंदुओं पर आला अधिकारियों से रू-ब-रू होंगे। सीएम के आने की भनक लगने के बाद प्रशासनिक अमला कदम-कदम पर एहतियात बरत रहा है।

### कुंडली खंगाल रहीं सुरक्षा एजेंसियां

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा एजेंसियां भी सतर्क हो गई हैं। मेडिकल कॉलेज समेत बीएसए ग्राउंड के आसपास रहे रहे लोगों के बारे में विस्तार से जानकारी ली जा रही है। किस घर में शस्त्र हैं, यह जानकारी जुटाई जा रही है। आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों को खोजा जा रहा है। आधार कार्ड होने की जानकारी जुटाई जा रही है।

### 'ऐतिहासिक होगा पीएम का कार्यक्रम'



जगदंबिका पाल, जय प्रताप सिंह, सतीश चंद्र द्विवेदी



राघवेंद्र प्रताप सिंह, श्यामधनी राही, चौधरी अमर सिंह

स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने कहा कि ऐसा पहली बार हो रहा कि किसी के शासनकाल में शिलान्यास के साथ लोकार्पण भी हो रहा है। सरकार बनने के बाद ही सामूहिक रूप से मेडिकल कॉलेज बनवाने का अनुरोध किया गया था। डॉ. सतीश चंद्र द्विवेदी कहते हैं कि मुख्यमंत्री को मंत्री जय प्रताप सिंह की अगुवाई में हस्ताक्षरयुक्त सौंपे पत्र में जिले के विधायकों ने मेडिकल कॉलेज के लिए अनुरोध किया था। सांसद जगदंबिका पाल का कहना है कि सीएम की दृढ़ इच्छा के साथ ही पीएम की आकांक्षा जनपद में बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने की परिकल्पना से ही मेडिकल कॉलेज की सौगात मिली। अब लोकार्पण भी होने जा रहा है। डुमरियागंज के विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मेडिकल कॉलेज के निर्माण को लेकर कई बाधाएं थीं, पर सीएम ने सभी बाधाओं को पार करते हुए शिलान्यास किया था। भगवान बुद्ध की धरती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आएंगे, इससे जिले के विकास के रास्ते खुल जाएंगे। शोहरतगढ़ के विधायक चौधरी अमर सिंह कहते हैं कि जेई, एईएस के प्रकोप से पीड़ित बच्चों को इलाज के लिए 70 किमी दूर गोरखपुर अथवा अन्य बड़े शहरों में जाना पड़ता था। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री ने जिला समेत नेपाल के लोगों को बड़ी सौगात दी है। सदर विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज का निर्माण होना सौभाग्य की बात है। संवाद



बीएसए ग्राउंड में पीएम के कार्यक्रम के लिए टेंट लगाने की तैयारी शुरु। संवाद

# योगी सरकार बनते ही पड़ी थी मेडिकल कॉलेज की नींव

संवाद न्यूज एजेंसी



नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज का भवन। संवाद

**सिद्धार्थनगर।** जिला मुख्यालय पर मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास भले ही 25 दिसंबर 2018 में हुआ था, पर उसकी नींव योगी सरकार बनने के साथ ही पड़ गई थी। मेडिकल कॉलेज बनने के बाद जिले में चिकित्सा सुविधाएं बेहतर होने की उम्मीद जगी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिले से प्रदेश के नौ जिलों के मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन करेंगे।

बांसी के विधायक, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री जय प्रताप सिंह की अगुवाई में सभी विधायकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए सामूहिक रूप से हस्ताक्षरयुक्त पत्र सौंपा था। जेई, एइएस से प्रभावित इस क्षेत्र की भयावहता को नजदीक से देखने वाले सीएम की संवेदनशीलता के साथ ही जिले के जनप्रतिनिधियों का सामूहिक प्रयास रंग लाया। लिहाजा 31 माह में लोकार्पण करने के लिए प्रधानमंत्री का कार्यक्रम भी तय हो चुका है।

पड़ोसी जनपद गोरखपुर से सांसद रहे योगी आदित्यनाथ के 17 मार्च 2017 को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद पूर्वांचल के नागरिकों का खुशी का ठिकाना न रहा। तब जिले के विधायक डॉ. सतीश चंद्र द्विवेदी (अब मंत्री भी), विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, श्याम धनी राही और चौधरी अमर सिंह ने कैबिनेट मंत्री जय प्रताप सिंह की अगुवाई में सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान सामूहिक रूप से हस्ताक्षरयुक्त पत्र सौंपते हुए मेडिकल कॉलेज बनवाने की मांग की गई। इससे पहले योगी आदित्यनाथ सांसद रहते हुए जेई, एईएस के प्रभावित क्षेत्रों से वाकिफ थे। संसद में कई बार उन्होंने मामला उठाया था। उन्होंने 25 दिसंबर 2018 को मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास कर दिया। स्थिति यह है कि 30 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकार्पण करने आ रहे हैं।

### सीएम की संवदेनशीलता और जनप्रतिनिधियों के प्रयास की रही अहम भूमिका

### मंत्री जय प्रताप की अगुवाई में सभी विधायकों ने सौंपे थे हस्ताक्षरयुक्त पत्र

# 18 फरियादियों की शिकायतों का हुआ निस्तारण

## उसका बाजार थाने में एएसपी ने की सुनवाई



उसका थाने में सुनवाई करते एएसपी सुरेश चंद्र रावत। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**उसका बाजार।** पुलिस की आमने-सामने अभियान के तहत उसका बाजार थाने में एएसपी सुरेश चंद्र रावत ने सुनवाई की। एक जनवरी 2021 से अब तक की शिकायतों में शामिल असंतुष्ट 56 फरियादियों के प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई हुई।

आमने-सामने कार्यक्रम में असंतुष्ट शिकायतकर्ता के सामने पुलिस विभाग के विवेचक बैठाकर प्रकरण की समीक्षा की और निस्तारण उन्हीं के समक्ष की गई। इसमें 18 फरियादी मामले का निपटारा होने से संतुष्ट दिखे। जबकि 14 प्रकरण न्यायालय में लंबित पाए गए। शेष 17 प्रकरण में अगले थाना दिवस पर सुनवाई की तिथि निर्धारित की गई। वहीं सात प्रकरण में शिकायतकर्ता की शिकायत गलत पाई गई। अधिकतर मामले भूमि विवाद के थे। एएसपी ने थानाध्यक्ष अजय कुमार सिंह समेत सभी पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि न्यायहित में कार्य हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए, पुलिस के लिए जनता में नकारात्मक भाव न बनने पाए, इस लिए सभी पीड़ितों को त्वरित न्याय मिले।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-07-2021

# यातायात कर्मियों व वाहन चालकों को दिलाई शपथ

**संतकबीरनगर।** प्रथम सड़क सुरक्षा सप्ताह के दृष्टिगत आज यातायात कार्यालय मेंहदावल खलीलाबाद पर प्रभारी यातायात संतोष कुमार मिश्र ने यातायात कर्मियों व वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन के लिए शपथ दिलाई। इस दौरान संक्षिप्त गोष्ठी की गई। जिसमें सभी को यातायात के नियमों की जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी यातायात अंशुमान मिश्रा द्वारा 22.07.2021 से 28.07.2021 तक चलाए जा रहे प्रथम सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत प्रभारी यातायात संतोष कुमार मिश्र की उपस्थिति में जनपद में हो रही सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम व जनपदीय यातायात व्यवस्था को सुढ़ बनाये रखने हेतु जनपद के यातायात पुलिसकर्मियों व आटो/टैक्सी/बस चालकों को यातायात नियमों की शपथ दिलाई गई। शपथ के बाद क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में अवगत कराते हुए उसके पालन करने हेतु जागरूक किया गया। प्रभारी यातायात श्री मिश्र ने बताया कि वाहन चलाते समय शराब के सेवन न करें तथा वाहनों को निर्धारित गति सीमा में ही चलाएं जिससे कि होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगाया जा सके।

# 20 बच्चे हुए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से लाभान्वित

संतकबीस्नगर (एसएनबी)। कोविड से वेसहारा हुए 20 एकल बच्चों के अभिभावकों के खाते में मुख्यमंत्री वाल सेवा योजना की धनराशि का अन्तरण हुआ है। यह बातें राज्यमन्त्री श्रीराम चौहान ने कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री वाल सेवा योजना के शुभारम्भ के अवसर पर कहीं। कार्यक्रम के वाद राज्यमंत्री श्रीराम चौहान, विधायक मेंहदावल राकेश सिंह बघेल एवं जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, सीडीओ अतुल मिश्र, जिला प्रोवेशन अधिकारी श्वेता ने उप्र मुख्यमंत्री वाल सेवा योजना के अन्तर्गत चयनित 20 बच्चों को धनराशि का स्वीकृति पत्र प्रदान किया।





दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का उद्घाटन करते तथा वेसहारा बच्चों को स्वीकृति पत्र वितरित करते राज्यमंत्री श्रीराम चौहान, विधायक मेंहदावल राकेश सिंह बघेल एवं जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, सीडीओ अतुल मिश्र, जिला प्रोवेशन अधिकारी श्वेता।

इस मौके पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने कहा कि कोविड से वेसहारा हुए बच्चों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए। इसके लिए प्रदेश के मुख्यमन्त्री खुद ही चिन्तित हैं। इसमें वह बच्चे शामिल हैं जिन्होंने कोरोना काल (मार्च 2020 से) में माता-पिता दोनों या उनमे से किसी एक को खोया है। इनमें जनपद के कुल 20 बच्चे शामिल हैं जिन्होंने अपने माता या पिता दोनों में से एक को खोया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी श्वेता त्रिपाठी ने कहा कि कोविड काल में माता-पिता या दोनों में से किसी एक को खोने वाले इन्हीं बच्चों के जीवन को संवारने के लिए वृहस्पतिवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उ़ प्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की तरफ से इस योजना

**जनपद के 20 ऐसे बच्चों के अभिभावकों के खाते में पहुंची धनराशि**

**अनाथ हुए बच्चों के भरण पोषण एवं बच्चों के सपनों को साकार करने की जिम्मेदारी सरकार की : श्रीराम चौहान**

का शुभारंभ किया गया है। योजना की श्रेणी में आने वाले 0 से 18 साल के बच्चों के वैध संरक्षक के बैंक खाते में ₹04हजार प्रतिमाह दिए जाएंगे। वैध संरक्षक को विद्यालयों की तीन माह की अवकांश अवधि के लिए बच्चे की देखभाल हेतु प्रतिमाह ₹4 हजार की दर से ₹ 12 हजार प्रतिवर्प खाते में दिए जायेंगे। इसके अतिरिक्त अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। जिलाधिकारी बनी निराश्रित वच्चों की संरक्षक जिलाधिकारी ने इस अवसर पर सभी पीड़ित परिवार एवं बच्चों से भेट कर के उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे अपनी समस्याओं के संबंध में समय-समय पर उनसे अथवा सीडीओ से सम्पर्क करके अवगत कराते रहे। बच्चों की शिक्षा एंव भरण-पोषण से हट कर भी कोई समस्या हो तो अवगत कराये। उसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की रहेंगी।

# 56 लाख ₹ के लेन-देन के मामले में कोर्ट ने दिया मुकदमा दर्ज करने का आदेश

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** खलीलाबाद शहर के एक दुकान के मालिक द्वारा अपने वर्कर के नाम का खाता खुलवाकर बैंक में स्वयं लेन-देन करने के मामले में आज कोर्ट ने कोतवाली पुलिस को मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश दिया है। साथ ही प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को निर्देश दिया है कि वे दुकान मालिक मो. हासमी पुत्र मो. हमजा के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करके अनुपालन आख्या 3 दिन में न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें। आदेश पत्र में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संतकबीरनगर ने कहा है कि मामले में तथ्यों एवं परिस्थितियों तथा प्रार्थी द्वारा दाखिल अभिलेखलीय साक्ष्यों से विपक्षी द्वारा प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध कारित किया जाना परिलक्षित होता है।

कोर्ट में दाखिल किए गए वाद में थाना कोतवाली खलीलाबाद के मोहल्ला पश्चिमी पठान टोला निवासी मोहम्मद जावेद पुत्र फैज मोहम्मद ने बताया कि उसका भाई शोएब अख्तर कम पढ़ा-लिखा है। उसका भाई विगत 08 वर्षों से मोहम्मद हाशमी पुत्र मोहम्मद हमजा के पास खलीलाबाद शहर स्थित उनकी दुकान पर काम करता था जिसके एवज में मजदूरी के तौर पर उसे ₹ 8000 प्रतिमाह देते थे और ओवरटाइम करने पर अलग से ₹ 2000 दिया करते थे। आरोप है कि मालिक ने जहां-जहां कहा शोएब अख्तर ने वहां अपना हस्ताक्षर कर दिया। बाद में अपने मालिक से अपना बैंक पासबुक व अन्य कागजात मांगा लेकिन उसे वह दिए नहीं और अपशब्द कहकर वहां से भगा दिया। उसके बाद भाई को लेकर आईसीआईसीआई बैंक शाखा पर गया और उसके नाम के खाता और सभी लेनदेन का विवरण निकलवाया। पता चला कि उसके खाते में उसके मोबाइल नंबर का रजिस्ट्रेशन ही नहीं है और दुकान मालिक का मोबाइल रजिस्टर्ड है। उक्त खाते से 30 सितंबर 2020 से 02 जुलाई 2021 तक करीब 56 लाख ₹ का लेन-देन कर चुका है। ऐ आरोप लगाया कि मेरे भाई के साथ खाता खोलने के दौरान उसके मालिक द्वारा फ्रॉड किया गया और आयकर की भी चोरी की गई। इस मामले में पीड़ित ने न्यायालय में वाद दायर किया।

**वर्कर के बैंक खाता से मालिक द्वारा किए गए लेन देन का मामला**

# टीएसआई ने पुलिस और चालकों को दिलाई शपथ

संतकबीरनगर | **निज संवाददाता**

पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ के निर्देश पर टीएसआई संतोष कुमार मिश्र ने पुलिस कर्मियों व वाहन चालकों को शपथ दिलाई। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 22 से 28 जुलाई तक चलाए जा रहे प्रथम सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया।

इसका उद्देश्य जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम व जनपदीय यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखना है। प्रभारी यातायात संतोष कुमार मिश्र ने यातायात कार्यालय पर जिले के यातायात पुलिसकर्मियों, आटो, टैक्सी व बस चालकों को यातायात नियमों की शपथ दिलाई। शपथ के बाद क्षेत्राधिकारी यातायात ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में अवगत कराया। उसका पालन करने के लिए जागरूक किया। प्रभारी यातायात संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि वाहन चलाते समय शराब का सेवन न करें। वाहनों को निर्धारित गति सीमा में ही चलाएं। जिससे होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगे।

# बिना मास्क के लोगों पर हुई कार्रवाई

**संतकबीरनगर।** जनपद पुलिस ने बिना मास्क के घूम रहे लोगों पर कार्रवाई की। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार कोविड-19 के संक्रमण को रोकने के लिए बिना मास्क के घूम रहे लोगों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात नियमों को पालन नहीं करने वालों से चालान वसूला गया। जिले के तीनों सर्किलों के सभी थानों में लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग अपनाने, हाथ धोने आदि के सम्बन्ध में जागरूक किया। इसके साथ ही अभियान चलाकर बिना मास्क के घूम रहे 15 व्यक्तियों से 23 सौ रूपए का चालान वसूल किया।

# कई मामले में 14 लोगों पर कसा शिकंजा

**संतकबीरनगर।** जनपद पुलिस ने कई मामले में 14 लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर शिकंजा कसा। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार जिले की पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया।

कोतवाली खलीलाबाद दो, दुधारा चार, धनघटा दो, महुली एक और मेंहदावल थाना पुलिस ने दो आरोपित को पकड़कर शांति भंग की आशंका में चालान किया। इसके साथ ही थाना महुली पुलिस ने 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ नन्दकिशोर पुत्र भागीरथी निवासी कोड़राभुआल पट्टी एवं थाना मेंहदावल पुलिस ने पांच लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ तारकेश पुत्र नन्दलाल निवासी बेलौहा को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम का मामला दर्ज किया।

# कच्ची के साथ दो गिरफ्तार

संतकबीर नगर : महुली पुलिस ने गुरुवार को कच्ची के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है ।उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार यादव ने बताया कि थानाक्षेत्र के ग्राम कोडरा भुआलपट्टी निवासी नंदकिशोर को गिरफ्तार करके चालान कर दिया गया है । मेंहदावल पुलिस ने भी पांच लीटर कच्ची के साथ बेलौहा निवासीं तारकेश को गिरफ्तार किया है । (जासं.)

# 44 वाहनों से 31 हजार रुपये जुर्माना वसूले

**संतकबीर नगर:** जिले की पुलिस ने गुरुवार को वाहनों का निरीक्षण किया। 44 वाहनों का 31 हजार रुपये का चालान करके सम्मन शुल्क वसूल किया गया। पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों को हिदायत भी दी।

# चाकू के साथ युवक गिरफ्तार, मामला दर्ज

**संतकबीर नगर :** बखिरा पुलिस ने गुरुवार को चाकू के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक राजीव सिंह ने बताया कि जमील अहमद निवासी राजेडीहा को चाकू के साथ बखिरा कस्बे से गिरफ्तार किया। आरोपित पर मामला दर्ज किया गया है।

**शांतिभंग के मामले में 11 आरोपित गिरफ्तार**

**संतकबीर नगर:** पांच थानाक्षेत्र की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 11 को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार किया है। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने दो, दुधारा पुलिस ने चार, धनघटा पुलिस ने दो, मेंहदावल पुलिस में दो और महुली पुलिस ने एक को गिरफ्तार किया है।

# कच्ची शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** महुली और मेंहदावल पुलिस ने बृहस्पतिवार को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

एसओ महुली धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपी की पहचान नंदकिशोर निवासी कोड़राभुआल पट्टी थाना महुली के रूप में हुई। पकड़े गए आरोपी के पास से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। एसओ मेंहदावल जयवर्धन सिंह ने बताया कि पांच लीटर कच्ची शराब के साथ तारकेश निवासी बेलौहा थाना मेंहदावल को पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। ब्यूरो

# बगैर मास्क पकड़े गए 15 लोगों से वसूला गया जुर्माना

**संतकबीरनगर।** बिना मास्क घूमने वालों के खिलाफ अभियान के तहत बृहस्पतिवार को पुलिस ने 15 लोगों को पकड़ा।

एसपी डॉक्टर कौस्तुभ ने बताया कि बिना मास्क घूमते 15 लोग पकड़े गए। जिनसे पुलिस ने 2300 रुपये का जुर्माना वसूल किया। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण तेजी से फैल रहा है। इससे बचने के लिए मास्क लगाना बेहद जरूरी है। दो गज की दूरी बनाए रखें और बार-बार हाथों को सैनिटाइज करते रहें। उनका कहना था कि कोरोना संक्रमण को हल्के में न लें। सावधानी बरतें। ब्यूरो

# चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

संतकबीरनगर। बखिरा पुलिस ने बृहस्पतिवार को चाकू के साथ युवक को गिरफ्तार किया। एसओ मनोज सिंह ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपी की पहचान जमील अहमद निवासी राजेडीहा थाना बखिरा के रूप में हुई। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। संवाद

# सीओ ने वाहन चालकों को नियमों का पालन करने की दिलाई शपथ

**संतकबीरनगर।** मेंहदावल बाईपास स्थित यातायात कार्यालय पर कार्यक्रम आयोजित कर बृहस्पतिवार को वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प दिलाया गया। सीओ अंशुमान मिश्र ने कहा कि थोड़ी सी लापरवाही से हादसे होते हैं। ऐसे में सुरक्षित सफर के लिए नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है।

टीएसआई संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि हो रहीं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम व जनपदीय यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस सतर्क है। वाहन चलाते समय फोन पर बात कत्तई न करें। तीन सवारी न चलें। शराब पीकर वाहन न चलाएं। क्रॉसिंग और मोड़ पर रफ्तार धीमी करें और ठीक प्रकार से देख कर ही सड़क पार करें। हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। इस दौरान अजय कुमार पांडेय, दीपक कुमार, चंदन, सर्वेश, नंद किशोर आदि मौजूद रहे।

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-07-2021

# ईद-उल-अजहा नमाज में मुल्क की सलामती की दुआ मांगी

ोण्डा | संवाददाता

स्जिदों व ईदगाहों में बुधवार को कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए द-उल-अजहा की नमाज अदा हुई। ुबह करीब छः बजे से इलाके के दर्जनों स्जिदों व ईदगाहों में नमाज अदा हुई। हीं कस्बे की मस्जिद में सुबह 8 बजे द की नमाज पढ़ाई गई। इसके अलावा लाके की अन्य मस्जिदों व ईदगाहों में ुबह छह बजे से करीब 8 बजे तक माज हुई। नमाज में मुल्क में अमन चैन क साथ कोरोजा महामारी के खातमे के लिए दुआ हुई। इस दौरान पुलिस स्जिदों व ईदगाहों पर पहुंच कर ईद की ुबारकबाद पेश की।

शिया-सुन्नी उलेमा ने मुसलमानों े सरकार की गाइडलाइन के मुताबिक करीद का त्योहार मनाया। उलेमाओं में

## बकरीद पर्व

- घरों में की गई कुर्बानी और अदा की गई नमाज
- सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस सतर्क रही

गले न मिल कर दूर से ईद की मुबारकबाद देने की अपील की। दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी का पालन करते हुए ज्यादातर लोगों ने घरों नमाज अदा की।

**वजीरगंज संवाद** के अनुसार इलाकाई काजी मौलाना हामिद रजा ने धनेश्वरपुर के कोढ़िया के ईदगाह में नमाज अदा कराई। उन्होंने ईद उल अजहा में कुर्बानी के मसाएल बयान किए। मौलाना ने बताया कि बकरीद को अरबी में ईद-उल-अजहा कहते हैं। जो लोगों में कुर्बानी के जज्बे को पैदा करता है। इसके अलावा मौलाना ने कोविड 19 के हालात की वजह से अपील की है कि नफली कुर्बानी के बजाए गरीबों में राशन और सामान सदका किया जाये।

शिया धर्मगुरु इमामे जुमा मौलाना कल्बे जव्वाद ने हुसैनी चैनल लाइव प्रसारण के जरिए सहिबापुर व रिज्वीनगर बौगड़ा के लोगों ने घरों में फुरादा की नीयत से अकेले नमाज अदा की। प्रसारण में मौलाना ने कहा कि मुसलमानों को सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए कुर्बानी का फरीजा अंजाम देना चाहिए। मौलाना ने कहा कि पूरी दुनिया इस समय कोरोना वायरस के कारण सबसे कठिन दौर से गुजर रही है, हमारा देश भी इस खतरनाक वायरस से प्रभावित है। मुसलमानों को सभी संभावित सावधानियां बरतनी चाहिए।

## इटियाथोक के मस्जिदों में भी अदा की गई नमाज

मेहनौन। ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े ही अकीदत के साथ ईद उल अजहा की नमाज मस्जिदों में अदा की गई। कोविड़-19 के निर्देशों का पालन करते हुए मुस्लिम धर्म से जुडे लोगों ने स्थानीय प्रशासन द्वारा निर्धारित तय स्थानों पर ही कुर्बानी करने की छूट दी गई। इटियाथोक मुख्य बाजार के जामा मस्जिद में हाफिज सलीमउल्लाह, छोटी मस्जिद में मुफ्ती यासिर ने नमाज अदा करवाई। इस दौरान स्थानीय पुलिस द्वारा पूरे क्षेत्रो मे कांबिंग होती रही। कस्बे में एसओ दलबल के साथ डटे रहे।

## घरों में अदा की गई ईद उल अजहा की नमाज

खोरहंसा। त्याग, बलिदान व हजरत इब्राहीम और हजरत इस्माईल की सुन्नत को याद दिलाने वाला त्योहार ईद उल अजहा मनाया गया। बकरीद की नमाज को लोगों ने कोरोना प्रोटोकाल के कारण अपने घरों में ही अदा किया। कुछ जगहों पर मस्जिदों में भी बकरीद की नमाज अदा की गयी। महामारी के दौरान भीड़ इकट्ठा न हो इसलिए ईदगाह में बकरीद की नमाज अदा नहीं की गई। एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद न देकर लोगों ने सोशल मीडिया फेसबुक, वाट्सअप से बधाई दिया।

**गले नहीं मिले पर भेजे बधाई संदेश**

: कोरोना ने भले ही लोगों से दूरियां बढ़ा दी है लेकिन सोशल मीडिया ने इसे कम नहीं होने दिया। देश-विदेश में दोस्त, पड़ोसी रहे लोगों को ईद- उल- अजहा का बधाई संदेश भेजा गया।

# खून के दो अवैध धंधेबाजों के खिलाफ केस दर्ज

**गोण्डा।** डीएम मार्कण्डेय शाही के आदेश पर खून के अवैध कारोबार में संलिप्त दो संदिग्धों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। दो व्यक्तियों आशीष जायसवाल सीतारामपुर ग्रन्ट, रिसिया सिसई सलोन जनपद बहराइच व एक अज्ञात व्यक्ति बीरे के खिलाफ कोतवाली नगर में ब्लड बैंक के पैथोलॉजिस्ट डा. चेतन पाराशर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

सीएमओ डा. आरएस केसरी ने बताया कि यह बात संज्ञान में आई कि ब्लड बैंक में लोगों को गुमराह करके खून का काला कारोबार किया जा रहा है। पूछताछ में कई बातें सामने आईं। बिना रक्तदान किए ही खून दिलाने का वादा किया गया था। ठोस सूचना के आधार पर उपरोक्त आशीष जायसवाल को बुधवार दोपहर जिला अस्पताल के ब्लड बैंक से पकड़ा गया। सीएमओ श्री केसरी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ कोतवाली नगर में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। वहीं एक आरोपी आशीष जायसवाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# आरोपी तकनीकी सहायक गिरफ्तार

**कार्रवाई**

उमरी बेगमगंज | **संवाददाता**

पुलिस ने ग्राम मरगूबपुर में मनरेगा घोटाले के आरोपी तकनीकी सहायक राम उबारन तिवारी को प्रथम दृष्ट्या आरोप सिद्ध होने पर गिरफ्तार किया है। इस प्रकरण में पूर्व प्रधान सरोजन देवी भी जेल जा चुकी हैं।

थानाध्यक्ष करुणाकर पांडे ने बताया कि उपायुक्त श्रम एवं रोजगार के जांच रिपोर्ट के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। सीडीओ के निर्देश पर खंड विकास अधिकारी सदानंद चौधरी ने मनरेगा योजना के तहत मरगूबपुर में फर्जी रूप से कराए गए मेड़बंदी के नाम पर ग्राम प्रधान एवं सेक्रेटरी सहित तीन लोगों के उपर उमरी बेगमगंज थाने में गबन का मुकदमा दर्ज कराया था।

बताया जा रहा है कि ग्राम मरगूबपुर में मेड़बंदी के नाम पर मनरेगा के तहत फर्जी तरीके से रकम का आहरण किया गया। ग्राम वासियों की शिकायत पर उपायुक्त श्रम एवं रोजगार ने इसकी जांच की तो पाया कि रामअचल पुत्र अलख राम के खेत में मेड़बंदी के कार्य के अंतर्गत 39,396 रुपए और सुरेश कुमार पुत्र साहेब राम निवासी मरगूबपुरके खेत में मेड़बंदी के कार्य में 39,396 रुपए फर्जी तरीके से रकम की निकासी की गई है। हालांकि इस प्रकरण में ब्लॉक कर्मियों द्वारा पैसा वापस जमा करा कर मामला रफा-दफा करने की कोशिश की गई लेकिन मामला दबा नहीं। सीडीओ ने बीडीओ और अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी व प्रथम हस्ताक्षर कर्ता एकाउंटेंट से भी स्पष्टीकरण तलब किया है।

# बाल सेवा योजना से 67 बच्चों को मिलेगा लाभ

गोण्डा | **संवाददाता**

## योजना का शुभारंभ

- एनआईसी से डीएम ने किया योजना का शुभारंभ
- पहले चरण में 52 तो दूसरे में 15 बच्चे होंगे लाभान्वित

जनपद स्तर पर गुरुवार को डीएम मार्कण्डेय शाही ने एनआईसी से उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का शुभारंभ किया। जबकि प्रदेश स्तर से वर्चुअल माध्यम से सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुभारंभ किया है।

डीएम ने बताया कि इस योजना के तहत कोविड-19 महामारी के दौरान अपने माता-पिता व संरक्षकों को खोने वाले बच्चों के पालन, पोषण, शिक्षा व संरक्षण के लिए प्रदेश सरकार से इस योजना के तहत चार हजार रूपए प्रतिमाह मिलेगा, जब तब बालक 18 वर्ष का नहीं हो जाएगा। इसके आलावा भी उन्हें अन्य सहायताएं जैसे अटल आवास योजना के तहत बने भवनों में यदि वह पढ़ाई करना चाहते हैं तो उन्हें इसकी सुविधा दी जाएगी। कस्तूरबा गांधी विद्यालय में पढ़ने की सुविधा दी जाएगी। जनपद में इस योजना के तहत अब तक 67 बच्चों का चयन किया गया है। जिसमें प्रथम चरण में 52 बच्चों को इसका लाभ दिया जाएगा जबकि द्वितीय चरण में 15 बच्चों को लाभ दिया जाएगा। गुरुवार एनआईसी में जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा, पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा ने प्रमाण पत्र सौंपा।

डीएम श्री शाही ने कहा कि इन बच्चों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो, इसकी जिम्मेदारी प्रशासन पूरी तरह से उठाएगा। यह बच्चे अपने आपको अकेला न महसूस करें, इनसे संबंधित जो भी सहायता सरकार द्वारा भेजी जा रही है उसको शीघ्र पूरा करके इन बालकों को मदद पहुंचाई जाएगी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी जयदीप सिंह को निर्देश दिये कि ऐसे अनाथ एवं संकटग्रस्त बच्चों के सम्बन्ध में निरन्तर जानकारी रखें और उन्हें सभी आवश्यक सेवायें प्रदान करें। उन्होने उपस्थित बच्चों की देखरेख करने वाले संरक्षकों से कहा कि बच्चों के सम्बन्ध में किसी प्रकार की दिक्कत आने पर सम्बन्धित विभाग के अधिकारी से सम्पर्क करें।

कार्यक्रम में समाज कल्याण मंत्री के प्रतिनिधि वेद प्रकाश दूबे, विधायक सदर के प्रतिनिधि अजय सिंह, समाज सेविका एडवोकेट रुचि मोदी, परिवीक्षा अधिकारी जेपी यादव, मनोज उपाध्याय, दीपक दूबे सहित अन्य उपस्थित रहे।

**बधाई** चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस, अधिकारी लेते रहे जायजा

# मनाई बकरीद, अमन-चैन की मांगी दुआ

**जासं, गोंडा :** ईद उल अजहा बकरीद बुधवार को जिले भर में अकीदत व उल्लास के साथ मनाई गई। कोरोना संक्रमण के कारण इस बार भी सामूहिक नमाज पर रोक रही। लोगों ने घरों में ही मुल्क में अमनचैन, तरक्की संग कोरोना महामारी से निजात दिलाने की दुआएं मांगीं। बाद में एक दूसरे को बकरीद की मुबारकबाद दी। बकरीद के मद्देनजर चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही। अधिकारी भ्रमण करके जायजा लेते रहे।

सुबह से ही लोगों ने बकरीद को लेकर तैयारी शुरू कर दी। घरों में ही लोगों ने परिवार के सदस्यों के साथ शारीरिक दूरी का पालन करते हुए नमाज पढ़ी। जिसमें मुल्क में अमन चैन की दुआ मांगी गई। साथ ही कोरोना संकट को खत्म करके सभी को स्वस्थ रखने की भी गुजारिश की गई। इसके बाद लोगों ने घरों में एक दूसरे को बधाई दी। घरों पर सेवईं, मटर व अन्य पकवान बनाए गए थे। बकरीद को देखते हुए शहर में अतिरिक्त चौकसी का प्रबंध किया गया था। मस्जिदों में पुलिस तैनात रही। पुलिस अधिकारी भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे थे। इसके अतिरिक्त हलधरमऊ, कर्नलगंज, परसपुर, कटरा बाजार, नवाबगंज, मनकापुर, आर्यनगर, धानेपुर में बकरीद का पर्व पाबंदियों के बीच मनाया गया।



मनकापुर में बकरीद पर मस्जिद में तैनात पुलिस ● जागरण

## इंटनरेट मीडिया का लिया सहारा

कोरोना महामारी के कारण लागू पाबंदियों के बीच बकरीद की मुबारकबाद देने के लिए तमाम लोगों ने इंटरनेट मीडिया का सहारा लिया। वाट्सएप, फेसबुक के माध्यम से लोगों को बधाई दी।

********

# कोरोना से मिले जख्म पर सरकार ने लगाया राहत का मरहम

## तीन बच्चों के थे माता- पिता दोनों का हो चुका है निधन

नंदलाल तिवारी ● गोंडा

अभी उन्हें दुनिया की कोई समझ नहीं है। जिंदगी का कोई तजुर्बा नहीं है... ऐसे हाल में कोरोना ने कर्नलगंज के एक गांव की 11 वर्षीय बेटी का सब कुछ छीन लिया। बुखार व जुकाम के साथ बीमार पड़े माता- पिता कब कोरोना की चपेट में आ गए, पता ही नहीं चला।

जांच रिपोर्ट आती तब तक बहुत देर हो चुकी थी। देखते ही देखते एक-एक करके परिवार में पांच सदस्यों ने दम तोड़ दिया। महज 11 साल की बिटिया की आंखों के सामने उसके अपने चले गए। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। हालात ऐसे बने कि बिटिया की आंखों में आंसू के सिवा कुछ नहीं है। वह अपने बड़े पापा के साथ रह रही है। परिवार के लोग अब उसे पिता के सपनों को पूरा करने के लिए हौसला दे रहे हैं।

मनकापुर के एक मुहल्ले में रह रही दो बहनें कोरोना से मिले दर्द से खामोश हैं। उनके पिता की छह माह पहले घर बनते समय मौत हो गई थी। बाद में मई में माता की भी कोरोना से मौत हो गई। एक भाई भी है, जो इंटर में है। माता पिता न होने के बाद अब वह बाबा के पास है।

जिले में कोरोना संक्रमण ने एक दो नहीं, बल्कि 67 बच्चों के ऐसे मुखिया को उनसे छीन लिया है, जिनके कंधों पर परिवार की जिम्मेदारी थी। ऐसे में अब इन बाल गोपाल के सपनों को साकार करने की जिम्मेदारी सरकारी तंत्र ने उठाई है। कोरोना संक्रमण से जान गंवाने वाले हरेक की निगरानी प्रोबेशन विभाग ने की। संक्रमित होते ही वन स्टाप सेंटर की टीम एक- एक के बारे में जानकारी करने में जुट जाती थी। बच्चे हैं तो किस हालत में है, उनकी परवरिश कौन कर रहा है।



एनआइसी में वीडियो कान्फ्रेंसिंग में मौजूद डीएम मार्कण्डेय शाही, एसपी संतोष कुमार मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र व अन्य ● जागरण

### खाते में भेजी गई धनराशि

मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत जिले में 67 बच्चों के आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। गुरुवार को लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योजना का शुभारंभ किया। एनआइसी में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए 50 बच्चों के खाते में तीन महीने के लिए 12 हजार रुपये की धनराशि भेजी गई है। इस मौके पर डीएम मार्कण्डेय शाही, एसपी संतोष कुमार मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयदीप सिंह मौजूद थे।

### योजना एक नजर में

- यूपी मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का लाभ केवल कोरोना महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों को ही प्रदान किया जाएगा।
- जिन बच्चों ने कोरोना के कारण अपने माता-पिता में से किसी एक को खो दिया है या फिर दोनों को ही खो दिया है उन बच्चों के पालन पोषण करने वाले व्यक्ति को 4000 रुपये प्रति महीना की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।
- बच्चों को शिक्षा के लिए टेबलेट या फिर लैपटॉप की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।
- जिन अनाथ बच्चों में बालिकाएं शामिल हैं उनकी शादी के लिए राज्य सरकार एक लाख एक हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।
- जिन बच्चों के माता-पिता का देहांत हो गया है और उनके पालन पोषण को केयरटेकर नहीं है ऐसे बच्चों को सरकार द्वारा पूर्ण सहयोग दिया जाएगा।
- इन्हें भारत सरकार द्वारा संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (आवासीय) में अथवा राजकीय बाल गृह (बालिका) में रखा जाएगा।

# सुधार को दिया सुझाव

**गोंडा** : पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने जिले के सभी सांसद, मंत्री व विधायकों के साथ वर्चुअल मीटिंग की। इसमें जनप्रतिनिधियों ने कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने का सुझाव दिया। (संसू)

# फर्जी वीजा पर विदेश भेजने का आरोपी गिरफ्तार

**मनकापुर (गोंडा)।** फर्जी वीजा पर विदेश भेजने का झांसा देकर लोगों से चार लाख रुपये की ठगी करने के आरोपी को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है।

कोतवाली मनकापुर क्षेत्र के फिरोजपुर गांव के रहने वाले विजय पाल ने 3 अगस्त 2019 को कोतवाली में मोहम्मद हनीफ निवासी धर्मपुर व घनश्याम निवासी करदा हतवा थाना वजीरगंज के खिलाफ जालसाजी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि दोनों ने विजय पाल व क्षेत्र के अन्य लोगों को विदेश भेजने के नाम पर चार लाख रुपये हड़प लिए और फर्जी वीजा थमा दिया। इसके बाद मोहम्मद हनीफ मुंबई भाग गया।

कोतवाली मनकापुर के प्रभारी निरीक्षक श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपी मोहम्मद हनीफ उप निरीक्षक राकेश कुमार ओझा, हेड कान्सटेबल लल्लन यादव, कान्सटेबल राजू यादव ने ज्ञानीपुर राम प्रसाद गांव स्थित समय माता मंदिर के पास से गिरफ्तार किया है। (संवाद)

# गोंडा के आईएएस संतोष मिश्रा को राष्ट्रीय स्तर पर मिला सम्मान

**गोंडा**। जिले के परसपुर क्षेत्र के ग्राम चरहुंआ के संतोष मिश्रा आईएएस (वर्तमान में तमिलनाडु में परिवहन आयुक्त के पद पर कार्यरत) ने एक बार फिर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्हें हाल में ही देश के 10 सबसे अच्छे कार्य करने वाले आईएएस अधिकारियों में चुना गया है। इन सभी 10 अधिकारियों को दिल्ली में सम्मानित भी किया जाएगा। संतोष मिश्रा को यह पुरस्कार आयुक्त-ई गवर्नेंस के पद पर रहते हुए तमिलनाडु में तकनीकी सुधारों और ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी पर उनके कार्यों के लिए दिया गया है। स्पीक-इन नाम की संस्था जो कि विभिन्न नीतिगत और सामाजिक विषयों पर विश्व के सबसे प्रतिष्ठित एक्सपर्ट्स व्यक्तियों को एक मंच पर लाती है ने इस पुरस्कार की घोषणा की है। संतोष मिश्रा के भाई विजय मिश्र जो कि लखनऊ में एक प्राइवेट ग्रुप में जनरल मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं ने बताया कि परिवार बड़ा गर्व महसूस कर रहा है। (संवाद)

# खाद्यान्न माफिया पर रासुका, गैंगेस्टर के तहत होगी कार्रवाई

## अनाज कालाबाजारी की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति गठित

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**गोंडा।** राशन की कालाबाजारी में संलिप्त लोग अब डीएम मार्कंडेय शाही के निशाने पर हैं। डीएम ने ऐसे लोगों पर गैंगेस्टर, गुण्डा एक्ट व रासुका लगाने की तैयारी की है। डीएम ने राशन की कालाबाजारी में परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सिटी मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच समिति गठित करते हुए रिपोर्ट मांगी है।

बुधवार के अंक में अमर उजाला ने खबर प्रकाशित की थी कि ट्रांसपोर्टर्स की मिलीभगत से जिले में सरकारी खाद्यान्न की चोरी व कालाबाजारी की जा रही है। मामले का खुलासा हुआ कि ट्रांसपोर्टर व माफिया मिलकर हर माह करीब ८०० बोरा अनाज की कालाबाजारी कर रहे हैं। यह भी संज्ञान में आया कि झंझरी ब्लाक के दर्जी कुआं के पास संगम ट्रांसपोर्ट की दो ट्रकों से आठ बोरा अनाज की चोरी कर बीच में ही बेच दिया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रश्नगत प्रकरण प्रथम दृष्टया अत्यंत गंभीर प्रकृति का है और खाद्यान्न की कालाबाजारी किए जाने के मामले की गहनता के साथ छानबीन कराते हुए खाद्यान्न की चोरी में संलिप्त ट्रांसपोर्टर्स व अन्य व्यक्तियों के विरूद्ध कठोरतम विधिक कार्यवाही किया जाना आवश्यक है।जिलाधिकारी ने मामले की जांच के लिए नगर मजिस्ट्रेट/प्रभारी अधिकारी (नागरिक आपूर्ति), जिला पूर्ति अधिकारी एवं जिला खाद्य विपणन अधिकारी की तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर आदेश दिए हैं कि प्रकरण की गहनता के साथ जांच कर लें तथा तथ्यों की पुष्टि होने पर खाद्यान्न की चोरी/कालाबाजारी में संलिप्त ट्रांसपोर्टर्स व प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से इस कृत्य से जुड़े अन्य व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा-3/7 व भारतीय दंड संहिता के सुसंगत प्राविधानों के अन्तर्गत एफआईआर दर्ज कराकर कार्रवाई करें। साथ ही कालाबाजारी के कृत्य में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध गैंगेस्टर एक्ट, गुंडा एक्ट व रासुका के तहत कार्रवाई के संबंध में आख्या प्रस्तुत करें, जिससे ऐसे लोगों को शीघ्र जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया जा सके। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी है कि जनता के राशन पर डाका डालने की कुचेष्टा करने वाले किसी भी दशा में बख्शे नहीं जाएंगे और उनकी जगह सिर्फ जेल होगी। कहा कि खाद्यान्न वितरण व विपणन दोनों में किसी भी स्तर पर गड़बड़ी करने वाले लोग कतई बख्शे नहीं जाएंगे। उन्होंने जांच अधिकारियों को मामले की संवेदनशीलता के दृष्टिगत निर्देशत किया है कि वे सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट दें। जिलाधिकारी ने कहा है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद कालाबाजारी में संलिप्त ट्रांसपोर्टर का ट्रक जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

# खून के कारोबार में डी फार्मा का छात्र गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** जिला अस्पताल में खून का कारोबार थम नहीं रहा है। बुधवार को जिला अस्पताल में अपरेंटिस कर रहे डी फार्मा के छात्र आशीष जायसवाल को खून का काला कारोबार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

जिला अस्पताल में खून का काला कारोबार का मामला एक बार फिर सामने आया है। बुधवार को जिला अस्पताल ब्लड बैंक के पैथालोजिस्ट डॉ चेतन पाराशर की तहरीर पर जिला अस्पताल में अपरेंटिस करने वाले डी फार्मा के छात्र आशीष जायसवाल को पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया। कोतवाली में दी तहरीर में बताया गया कि आशीष जायसवाल खून के कारोबार में संलिप्त हैं, जो लोगों को बिना रक्तदान किए पैसे लेकर खून दिलवाने का ठेका लेता है। आशीष बुधवार को ब्लड बैंक गया। एक अन्य व्यक्ति भी साथ में था। कर्मचारियों को संदेह होने पर पूछताछ करने पर पता चला कि आशीष को नाम से नहीं जानता है। खून के लिए कुछ दिनों से संपर्क में है, बिना रक्तदान किए खून दिलवाने का वादा किया है। ब्लड बैंक मेडिकल अधिकारी डॉ. चेतन पाराशर ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

> डी फार्मा के छात्र आशीष कुमार ब्लड बैंक में खून लेने के लिए सदर विधायक प्रतीक भूषण से फोन करा रहे थे, जबकि पता करने पर पाया गया कि उसके किसी परिवार को खून की जरुरत नहीं है जिस पर सदर विधायक की शिकायत पर युवक की गिरफ्तारी की गई है।
>
> – **डॉ. घनश्याम सिंह,** प्रमुख अधीक्षक जिला अस्पताल

# कड़ी सुरक्षा के बीच मनाई गई बकरीद

## जिले भर में मना बकरीद का त्योहार, महामारी के खात्मे के लिए हुई दुआ

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** कोरोना काल में बुधवार को जिले भर में बकरीद का त्योहार मनाया गया, लोगों की भीड़ मस्जिदों में कम दिखी। मस्जिदों के बाहर पुलिस बल को तैनात किया गया था। लोगों को घरों में रहकर कुर्बानी के निर्देश दिए गए थे। लोगों ने नमाज अता करने के साथ ही मुल्क के अमन चैन की दुआ मांगी, कोरोना महामारी के खात्मे के लिए दुआ मांगी गई। कोविड नियमों का पालन किया और पुलिस भी सतर्क रही।

बकरीद का त्योहार अकीदत के साथ मनाया गया। मस्जिदों व ईदगाहों में बुधवार को कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए ईद-उल-अजहा की नमाज अदा हुई। सुबह करीब छ बजे से इलाके के दर्जनों मस्जिदों व ईदगाहों में नमाज अदा की गई। कस्बे की मस्जिद में सुबह 8 बजे ईद की नमाज पढ़ाई गई। इलाके की अन्य मस्जिदों व ईदगाहों में सुबह छह बजे से करीब 8 बजे तक नमाज हुई। नमाज में मुल्क में अमन चैन के साथ कोरोना महामारी के खात्मे के लिए दुआ हुई। जिलाधिकारी मार्कंडेय शाही और पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्र लगातार आयोजनों पर नजर बनाए रहे, सभी को मुबारकबाद दी। वजीरगंज में थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने भी मस्जिदों व ईदगाहों में पहुंच कर ईद की मुबारकबाद दी। शिया-सुन्नी उलेमाओं ने मुसलमानों से सरकार की गाइडलाइन के मुताबिक बकरीद का त्योहार मनाने की अपील की थी। उलेमाओं ने गले न मिल कर दूर से ईद की मुबारकबाद देने की अपील की थी। दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी का पालन करते हुए ज्यादातर लोगों ने घरों में नमाज अदा की। इलाकाई काजी मौलाना हामिद रजा ने धनेश्वरपुर के कोढ़िया के ईदगाह में नमाज अदा कराई। उन्होंने ईद उल अजहा में कुर्बानी के मसाएल बयान किए। मौलाना ने बताया कि बकरीद को अरबी में ईद-उल-अजहा कहते हैं। उन्होंने अपील की कि नफली कुर्बानी के बजाए गरीबों में राशन और सामान सदका किया जाये। मनकापुर में बुधवार को जमा मस्जिद, छोटी मस्जिद सहित क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।



गोंडा में मस्जिद के बाहर तैनात पुलिस बल। -संवाद

# डिप्टी कमिश्नर मनरेगा समेत सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

## 38 लाख का घोटाला, ग्राम पंचायत बेसहूपुर में बिना काम कराए मनरेगा से कर दिया भुगतान

संवाद न्यूज एजेंसी

**धानेपुर (गोंडा)।** मुजेहना ब्लाक के बेसहूपुर गांव में मनरेगा योजना के तहत किए गए 38 लाख रुपये के फर्जी भुगतान मामले में आखिरकार डिप्टी कमिश्नर मनरेगा फंस गए। जांच में दोषी मिलने के बाद खुद को बचाने के दांवपेंच काम नहीं आ सके। डीएम के आदेश पर बुधवार को खंड विकास अधिकारी ने जिले के तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर हरिश्चंद्र राम प्रजापति समेत सात लोगों के खिलाफ मोतीगंज थाने में धोखाधड़ी व गबन का मुकदमा दर्ज करा दिया है। हरिश्चंद्र राम प्रजापति वर्तमान में मऊ जिले में डिप्टी कमिश्नर मनरेगा के पद पर तैनात हैं। डिप्टी कमिश्नर के अलावा गांव के तत्कालीन ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, एपीओ, लेखाकार, तकनीकी सहायक व रोजगार सेवक का नाम शामिल हैं। एफआईआर दर्ज होने के बाद सभी पर सरकारी धनराशि की रिकवरी के साथ ही विभागीय कार्रवाई की तलवार लटक गई है।

मुजेहना ब्लाक के बेसहूपुर गांव के रहने वाले देनी प्रसीद चौबे ने गांव में कराए गए विकास कार्यों में सरकारी धन का बंदरबांट किए जाने का आरोप लगा इसकी शिकायत लोकायुक्त से की थी। लोकायुक्त ने मामले का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी को नोटिस जारी किया था और रिपोर्ट तलब की थी। डीएम ने तीन सदस्यीय समिति का गठन कर इस प्रकरण की जांच कराई तो चौंकाने वाले खुलासे हुए। डीएम के तीन सदस्यीय टीम की जांच में करीब 37.74 लाख रुपये का फर्जी भुगतान का खुलासा हुआ। टीम ने पाया कि आधे अधूरे काम कराकर पूरा भुगतान निकाल लिया गया।

भुगतान में जिले के तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर मनरेगा व मुजेहना का अतिरिक्त प्रभार देख रहे हरिश्चंद्र राम प्रजापति, ग्राम प्रधान सुरजीत चौबे, पंचायत सचिव अमरजीत, लेखाकार नंदश्याम, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा उमेश वर्मा, तकनीकी सहायक राकेश वर्मा व रोजगार सेवक राधेश्याम की संलिप्तता उजागर हुई थी। जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए मुजेहना बीडीओ को सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने, सरकारी धनराशि की रिकवरी व विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए थे। एफआईआर रोकने को डिप्टी कमिश्नर लगातार पैरवी में जुटे थे लेकिन आखिरकार पैरवी फेल हो गई और बुधवार को बीडीओ मुजेहना की तहरीर पर मोतीगंज थाने में सभी आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई।

### डीएम के आदेश पर बीडीओ ने मोतीगंज थाने में दर्ज कराया धोखाधड़ी व गबन का केस



### पंचायत सचिव का हो चुका निलंबन

**धानेपुर।** बेसहूपुर गांव में मनरेगा में फर्जी भुगतान के मामले में गांव के पंचायत सचिव के खिलाफ एक दिन पहले ही निलंबन की कार्रवाई हो चुकी है। डीपीआरओ सभाजीत पांडेय ने बताया कि डीएम के आदेश पर पंचायत सचिव अमरजीत को निलंबित किया गया है और उसे मुजेहना से हटाकर पंडरीकृपाल ब्लाक से संबद्ध कर दिया गया है। भिागीय कार्रवाई भी की जा रही है। संवाद

### 78 हजार के घपले में तकनीकी सहायक को भेजा जेल

**रगड़गंज (गोंडा)।** बेलसर ब्लाक के मरगूबपुर में मनरेगा के तहत बिना कार्य कराए ही भुगतान करने के मामले में उमरी बेगमगंज पुलिस ने तकनीकी सहायक को गिरफ्तार कर जेल भेजा हैं। इस मामले में नामजद पूर्व प्रधान पहले ही जेल भेजी जा चुकी हैं। बेलसर ब्लॉक की ग्राम पंचायत मरगूबपुर में मनरेगा के तहत व्यक्तिगत लाभ के लिए यहां किसानों का चयन किया गया था। गांव में मेड़बंदी व समतलीकरण का कार्य दिखाकर मजदूरों के खाते में भुगतान भी कर दिया गया। किसानों को जब उनके खेत में बिना मेड़बंदी कराए ही भुगतान की जानकारी हुई तो इसकी शिकायत दर्ज कराई। सीडीओ शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर कराई गई जांच में कार्य न होने का राजफाश हुआ था। जांच के दौरान उक्त खेतों में धान की फसल लगी होने के साथ ही पानी भरा मिला। किसानों ने भी कार्य न होने की बात बताई। जांच में करीब 78 हजार रुपये के गबन की पुष्टि होने पर मामले की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी गई थी। डीएम के आदेश पर बीडीओ सदानन्द चौधरी ने ग्राम प्रधान सरोजन, ग्राम विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार व तकनीकी सहायक राम उबारन तिवारी के खिलाफ गबन का मुकदमा उमरी बेगमगंज थाने में दर्ज कराया था। जिसके बाद जिला विकास अधिकारी ने ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित कर दिया था। बुधवार को स्थानीय थाने के दारोगा चंद्रभूषण पांडेय ने मुखबिर की सूचना पर इस मामले में नामजद तकनीकी सहायक राम उबारन तिवारी को गोड़वाघाट तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष करूणाकर पांडेय ने बताया कि नामजद पूर्व प्रधान सरोजन को भी जेल भेजा चुका हैं। अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए प्रयास किया जा रहा हैं। संवाद

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-07-2021

# 47 वाहनों का चालान कर 31 हजार वसूले

**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले भर में महिला पुलिस टीम ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग अभियान में महिला पुलिस टीम ने 47 वाहनों का चालान करके 31700 रुपए तथा कोरोना गाइडलाइन का पालन न करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करके 1600 रुपए शमन शुल्क वसूला। पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल ने बताया कि महिला पुलिस टीम को विशेष चेकिंग अभियान की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। महिला पुलिस टीम का नेतृत्व महिला थानाध्यक्ष अनुपमा त्यागी ने किया। टीम ने सभी थाना क्षेत्रों में महत्वपूर्ण चौराहों, प्रमुख मार्गों पर चेकिंग की, जिसमें कोरोना प्रोटोकॉल व यातायात नियमों का पालन न करने वालों से जुर्माना वसूला गया। बिना हेलमेट व तीन सवारी लेकर चलने वाले दो पहिया वाहन, बिना सीट बेल्ट गाड़ी चलाने जैसे अन्य नियमों का उल्लंघन

# चौकी प्रभारी ने लोगों को नि:शुल्क हेलमेट बांटे

**महुआ बाजार।** कोतवाली उतरौला के महदेइया पुलिस चौकी प्रभारी गौरव सिंह तोमर ने लगभग एक दर्जन मोटर साइकिल चालकों को निःशुल्क हेलमेट दिया। उन्होंने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने का शपथ दिलाई।

चौकी प्रभारी गौरव सिंह तोमर के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने गुरुवार को जांच के दौरान हेलमेट को लेकर एक जागरूकता अभियान चलाया।

पुलिस ने कमजोर तबके के लगभग एक दर्जन लोगों को निःशुल्क हेलमेट का वितरण किया। श्री सिंह ने कहा कि लोगों को मुफ्त हेलमट देकर जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा नियमों का पालन कराने के लिए भी शपथ दिलाई गई है।

# पारिवारिक विवाद सुलह के आधार पर निपटाया

**बलरामपुर।** थाना कोतवाली नगर की पुलिस ने सोमवार को सुलाह समझौता कराकर पारिवारिक विवाद निपटाया। दोनों पक्ष खुश होकर अपने घर चले गए। बलुहा चौकी प्रभारी किस्लय मिश्र ने बताया कि क्षेत्र निवासी परिवार में आपसी मनमुटाव के चलते तीन वर्षों से दूरियां बढ़ गई थी। जिससे दोनों पक्ष अलग रहने लगे। उन्होंने बताया कि सलमा पत्नी गुलाम वारिस के प्रार्थना पत्र पर दोनों पक्षों को थाना कोतवाली में बुलाया गया। दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद उन्हें सुलाह-समझौते से राजी करा लिया गया। बताया कि दोनों पक्षों के मतभेद दूर करने के बाद एक-दूसरे को मुंह मीठा कराकर विदा करा दिया गया।

# अवैध तमंचे के साथ दो गिरफ्तार

**बलरामपुर।** थाना रेहरा बाजार की पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। थाने की पुलिस ने अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करके न्यायालय के लिए रवाना किया है।

उप निरीक्षक स्वतंत्र कुमार गुप्ता ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग अवैध तमंचा के साथ कहीं जा रहे हैं। बताया कि उप निरीक्षक रमेश चंद्र उपाध्याय, कांस्टेबल संतोष तिवारी, कांस्टेबल मानवेंद्र दुबे, कांस्टेबल प्रदीप कुमार यादव व कांस्टेबल लक्ष्मण यादव के साथ छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान थाना रेहरा बाजार निवासी अभिषेक वर्मा पुत्र प्रदीप कुमार तथा सुकुलपुरवा निवासी आलोक विश्वकर्मा पुत्र जवाहर लाल विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया गया।

### शहर की मस्जिदों में कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सीमित संख्या में ही लोगों ने नमाज अदा की

# कोविड प्रोटोकॉल के तहत मनाई बकरीद

बलरामपुर | संवाददाता

जिले में बुधवार को बकरीद का पर्व हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्वक ढंग से मनाया गया। मस्जिदों में कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सीमित संख्या में लोगों ने नमाज अदा की। तमाम लोगों ने घर पर ही परिजनों के साथ चाश्त की नमाज पढ़ी। सभी ने इस बार गले न मिलकर दूर से ही मुबारकबाद पेश की। ईदगाहों पर नमाज अदा करने में पाबंदी होने के कारण सन्नाटा पसरा रहा। इस बार कोरोना के सख्त नियमों के कारण पर्व थोड़ा फीका दिखा। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल दिनभर गस्त करती रही। मुस्लिम समुदाय के धार्मिक स्थलों पर पुलिस का पहरा रहा। कुछ स्थानों पर बुधवार तो कहीं पर गुरुवार को कुर्बानी दी गई। सोशल मीडिया पर भी बकरीद पर्व को लेकर बधाइयों का दौर चलता रहा।

## ईद-उल-अजहा

- मस्जिदों में सीमित संख्या में नमाज अदा की गई
- सोशल मीडिया पर बधाइयों का दौर चलता रहा

जिले में बुधवार को गोविंद बाग स्थित जामा मस्जिद, बलुहा स्थित शैयादीन मस्जिद, मरकज बलरामपुर मेकरानी मस्जिद, वीर विनय चौराहा स्थित पुरानी मस्जिद, सिविल लाइन स्थित हसन मस्जिद, उतरौला स्थित नूरी मस्जिद, बड़ी मस्जिद, मुहम्मदी मस्जिद व तुलसीपुर स्थित सुन्नी जामा मस्जिद आदि मस्जिदों में बकरीद पर्व पर उसकी क्षमता के आधे से कम लोगों ने पहुंचकर नमाज अदा की। सभी ने एक-दूसरे को दूर से ही पर्व की बधाई दी। मुस्लिम धर्मगुरु लोगों से कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील कर रहे थे। नमाज अदा करने के बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ। लोगों ने अपने घरों में ही बकरों की कुर्बानी दी। साथ ही मित्रों, रिश्तेदारों व पड़ोसियों के घर जाकर पर्व की बधाई दी। जो लोग एक-दूसरे से नहीं मिल सके, उन लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई संदेश दिया। पर्व की संवेदनशीलता को देखते हुए डीएम श्रुति ने जिले में धारा-144 लागू कर रखा था। लोगों को धारा-144 के साथ कोविड नियमों का पालन कराने के लिए पुलिस दिन भर गस्त करती रही। मस्जिदों व अन्य धार्मिक स्थलों पर पुलिस का कड़ा पहरा रहा। इस दौरान कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की गई।



बकरीद पर्व पर घर में नमाज अदा करती महिलाएं व बच्चे। • हिन्दुस्तान

**शांति-व्यवस्था के मद्देनजर मस्जिदों पर पुलिस मुस्तैद रही:** महराजगंज तराई संवाददाता के अनुसार तराई क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में ईद-उल-अजहा का पर्व शांतिपूर्वक ढंग से मनाया गया। तराई के मस्जिदों में कोरोना नियमों का पालन करते हुए नमाज अदा की गई। कस्बा स्थित जामा मस्जिद में सीमित संख्या में लोगों ने पहुंचकर नमाज अदा की।

# एनडीआरएफ ने चलाया आपदा जागरूकता अभियान

जासं, **सिद्धार्थनगर:** एनडीआरएफ की टीम ने मानव सेवा संस्थान के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर ग्रामीणों को बाढ़ जैसी आपदा से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान सभी को बाढ़ के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों व किए जाने वाले उपायों की जानकारी देने के साथ ही उसका माकड्रिल भी दिखाया गया। डीएम दीपक मीणा की पहल पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान 11वीं एनडीआरएफ के कमांडेंट मनोज कुमार शर्मा के दिशा निर्देशन में राहत व बचाव कार्य हेतु एनडीआर एफ की एक टीम निरीक्षक गोपी गुप्ता के नेतृत्व में तैनात किया गया है। उप निरीक्षक राजेश लाल व टीम ने बाढ़ से बचाव के लिए आपदा से पूर्व, दौरान व बाद में अपनाई जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी। बाढ़ के दौरान जीवन सुरक्षा हेतु स्थानीय संसाधनों से निर्मित जैकेट और दूषित जल को घर पर फिल्टर करने का तरीका बताया।

# चालान काटने के बजाए पुलिस ने दिए हेलमेट

**श्रीदत्तगंज:** पुलिस चौकी प्रभारी गौरव सिंह तोमर के नेतृत्व में हेलमेट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पांच बाइक सवारों को चालान करने के बजाय हेलमेट वितरित किया गया। चौकी प्रभारी ने सभी को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। बाजार में यातायात नियमों के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। (संसू)

# दो आरोपित गिरफ्तार

**बलरामपुर :** रेहरा बाजार की पुलिस ने दो देशी तमंचा व दो जिंदा कारतूस के साथ दो आरोपित को गिरफ्तार किया है ।उप निरीक्षक स्वतंत्र कुमार गुप्ता ने बताया कि अभिषेक वर्मा व आलोक विश्वकर्मा निवासी शुक्लपुरवा सोनापार को जेल भेज दिया गया है ।( संसू )

# कड़ी सुरक्षा के बीच मनाई गई बकरीद

## जिले भर में मना बकरीद का त्योहार, महामारी के खात्मे के लिए हुई दुआ

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**गोंडा।** कोरोना काल में बुधवार को जिले भर में बकरीद का त्योहार मनाया गया, लोगों की भीड़ मस्जिदों में कम दिखी। मस्जिदों के बाहर पुलिस बल को तैनात किया गया था। लोगों को घरों में रहकर कुर्बानी के निर्देश दिए गए थे। लोगों ने नमाज अता करने के साथ ही मुल्क के अमन चैन की दुआ मांगी, कोरोना महामारी के खात्मे के लिए दुआ मांगी गई। कोविड नियमों का पालन किया और पुलिस भी सतर्क रही।



गोंडा में मस्जिद के बाहर तैनात पुलिस बल। -संवाद

बकरीद का त्योहार अकीदत के साथ मनाया गया। मस्जिदों व ईदगाहों में बुधवार को कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए ईद-उल-अजहा की नमाज अदा हुई। सुबह करीब छ बजे से इलाके के दर्जनों मस्जिदों व ईदगाहों में नमाज अदा की गई। कस्बे की मस्जिद में सुबह 8 बजे ईद की नमाज पढ़ाई गई। इलाके की अन्य मस्जिदों व ईदगाहों में सुबह छह बजे से करीब 8 बजे तक नमाज हुई। नमाज में मुल्क में अमन चैन के साथ कोरोना महामारी के खात्मे के लिए दुआ हुई। जिलाधिकारी मार्कंडेय शाही और पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्र लगातार आयोजनों पर नजर बनाए रहे, सभी को मुबारकबाद दी। वजीरगंज में थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने भी मस्जिदों व ईदगाहों में पहुंच कर ईद की मुबारकबाद दी। शिया-सुन्नी उलेमाओं ने मुसलमानों से सरकार की गाइडलाइन के मुताबिक बकरीद का त्योहार मनाने की अपील की थी। उलेमाओं ने गले न मिल कर दूर से ईद की मुबारकबाद देने की अपील की थी। दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी का पालन करते हुए ज्यादातर लोगों ने घरों में नमाज अदा की। इलाकाई काजी मौलाना हामिद रजा ने धनेश्वरपुर के कोढ़िया के ईदगाह में नमाज अदा कराई। उन्होंने ईद उल अजहा में कुर्बानी के मसाएल बयान किए। मौलाना ने बताया कि बकरीद को अरबी में ईद-उल-अजहा कहते हैं। उन्होंने अपील की कि नफली कुर्बानी के बजाए गरीबों में राशन और सामान सदका किया जाये। मनकापुर में बुधवार को जमा मस्जिद, छोटी मस्जिद सहित क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

# अकीदत के साथ मनाई गई ईद-उल-अजहा

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बलरामपुर।** अकीदत के साथ ईद-उल-अजहा (बकरीद) बुधवार को मनाया गया। जिला प्रशासन के निर्देश पर कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मस्जिदों में क्षमता से आधे लोगों ने नमाज अता की। घरों में भी बकरीद की नमाज पढ़ी गई। नमाज के बाद अकीदतमंदों ने जानवरों की कुर्बानी की।

शहर मुफ्ती मौलाना मसीह अहमद कादरी ने गुरुवार को बताया कि अल्लाह के प्यारे नबी हजरत इब्राहिम अलैह हिस्लाम की सुन्नत अता करते हुए मुस्लिम समाज के लोग बकरीद का त्योहार तीन दिनों तक



बलरामपुर में बकरीद त्योहार पर घर में नमाज अता करतीं महिलाएं। -संवाद

मनाते हैं। कोरोना महामारी के चलते ईदगाहों में सामूहिक रूप से नमाज नहीं पढ़ी गई। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार मस्जिदों में क्षमता से आधे लोगों ने तथा घरों में महिलाओं एवं बच्चियों ने बकरीद की नमाज अता की। नमाज के बाद लोगों ने दुनिया में फैले कोरोना महाम जड़ से समाप्त कर मुल्क में अ शांति तथा आपसी भाईचारा को करने के लिए दुआ की।

लोगों ने कब्रिस्तानों पर जाकर पूर्वजों की कब्र पर फातिहा पढ़ी। पढ़ने के बाद अकीदत मंदों ने घरों गए जानवरों की कुर्बानी दी। इस उतरौला, गैड़ास बुजुर्ग, श्रीद सादुल्लाहनगर, रेहरा बाजार, शि तुलसीपुर, हरैया सतघरवा, ल मथुरा बाजार, गैसड़ी, पचपेड़वा व बाजार आदि स्थानों पर भी त्योहार बड़े ही अकीदत के मनाया गया।

# BAHRAICH POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-07-2021

### लखनऊ एसटीएफ, रिसिया एसओजी की संयुक्त मुहिम में एक डोप पैडलर गिरफ्तार

# दो करोड़ की ब्राउन शुगर बरामद

**कार्रवाई**

बहराइच | **संवाददाता**

रिसिया के इटकौरी इलाके में बुधवार रात एक मादक पदार्थ तस्कर को लखनऊ एसटीएफ, रिसिया थाने की पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने पकड़ा है। यह तस्कर नेपाल के किसी तस्कर को ब्राउन शुगर की डिलीवरी करने वाला था। बरामद ब्राउन शुगर की अन्तरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत दो करोड़ आंकी गई है।

एसपी सुजाता सिंह ने बताया कि बुधवार को रिसिया एसएचओ हेमंत कुमार गौड़ को बुधवार शाम भनक लगी कि रिसिया इटकौरी मार्ग पर किसी तस्कर की गतिविधियों को देखा जा रहा है। उन्होंने अफसरों को जानकारी दी। उस इलाके में गश्त पर निकले उपनिरीक्षक धर्मवीर शाही, सिपाही विनोद कुमार यादव, अमित कुमार को गिरफ्तारी के लिए दबिश के निर्देश दिए। पुलिस टीम को कूच के दौरान एसओजी टीम मिली। इस टीम को साथ लिया। इटकौरी के पास लखनऊ एसटीएफ के उपनिरीक्षक सत्येन्द्र विक्रम सिंह, हेड कांस्टेबल बृजेश कुमार, अनिल सिंह चंदेल, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, सिपाही गौरव सिंह मिले। सयुंक्त टीम ने रिसिया इटकौरी मार्ग पर तस्कर की तलाश शुरू की। एक मोड़ के पास आ रहा एक युवक सामने पुलिस की भारी भरकम टीम देखकर खेतों की तरफ भागा। घेराबंदी कर उसको पकड़ा गया। तलाशी में उसके पास से 200 ग्राम ब्राउन शुगर, 120 रूपये व एक मोबाइल मिली। गिरफ्तार युवक से संयुक्त टीम ने कड़ाई से पूछताछ की। तो उसने बताया कि बाराबंकी से स्मग्ल कर लाई गई ब्राउन शुगर को नेपाल के तस्कर कालिया थापा को सौंपा जाना था। गिरफ्तार तस्कर की पहचान हुसैनपुर मोहम्मद पुर निवासी जमाल उर्फ ननकऊ के रूप में हुई। गहन पूछताछ के बाद आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर लिया गया है। गहन पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।



रिसिया थाने में ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार आरोपी

## संक्षेप

# दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**बहराइच।** पयागपुर थाने में तैनात दरोगा आनेन्द्र यादव, सिपाही विवेक कुमार, आशीष सिंह ने कस्बे के पास गुरुवार को दबिश दी। पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपी कुर्मियनपुरवा निवासी मोल्हे को गिरफ्तार कर लिया।

# पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया

**बहराइच।** पयागपुर थाने में तैनात दरोगा मनोज कुमार सिंह, अरुण कुमार त्रिगुणायक ने पुलिस बल के साथ विभिन्न इलाकों में दबिश दी। पुलिस ने शम्सुद्दीन उर्फ कोयले, साबिर खां, सुशील तिवारी, मनोज कुमार, पिपरा पदार्थ गांव से विनय, चंद्र प्रकाश, भानू, लल्लन को गिरफ्तार किया।

# शातिर अपराधियों को चिह्नित कर कड़ी कार्रवाई करें: एसपी

बहराइच | संवाददाता

ईद उल अजहा पर जनपद में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने बुधवार को भ्रमण पर निकलीं पुलिस अधीक्षक सुजाता सिंह ने हुजूरपुर थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया। उस समय थाने का अधिकांश स्टाफ त्यौहार की सुरक्षा के मद्देनजर इलाके में था। एसपी को देखकर मौजूद स्टाफ सतर्क हो गया। उन्होंने थाना परिसर, कार्यालय, शस्त्रागार, बैरिक, भोजनालय आदि का निरीक्षण कर आवश्यक हिदायतें दी। उन्होंने शातिर अपराधियों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

एसपी सुजाता सिंह बुधवार की शाम सीधे थाने के कार्यालय पहुंची। उन्होंने रजिस्टरों, अभिलेखों का निरीक्षण किया। उन्होंने हेड मोहर्रिर से अभिलेखों के बारे में जानकारी ली। अपराधियों के हिस्ट्री रजिस्टर की जानकारी ली। उन्होंने हवालात, शस्त्रागार, बैरिक, भोजनालय अपराध सम्बन्धी रजिस्टरों को विधिवत निरीक्षण किया। साथ ही कार्यालय के अन्य महत्वपूर्ण रजिस्टरों को देखते हुए सभी रजिस्टरों के उचित रख रखाव एवं अद्यावधिक किए जाने को सम्बन्धित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## निरीक्षण

- ईद उल अजहा पर एसपी ने हुजूरपुर थाने का निरीक्षण किया
- कार्यालय में अभिलेखों, अपराधियों के हिस्ट्री रजिस्टर का अवलोकन किया

# खुदकुशी को उकसाने के मामले में एक गिरफ्तार

**बहराइच।** हुजूरपुर थाने की पुलिस ने युवती को खुदकुशी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसएचओ निखिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बौंवा निवासी रामू उर्फ टिंकूलाल की पत्नी रूपरानी ने दो दिन पूर्व गले में फंदा आत्महत्या कर ली थी। मृतका के पिता परशुराम ने थाने मे तहरीर दी थी उसकी बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी गई है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने रामू के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला पंजीकृत किया था। दरोगा संतोषकुमार त्रिपाठी ने बताया कि गुरुवार को सहसलमपुर चौराहे पर रामू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# सड़क दुर्घटना के आरोपी को पकड़ा

**बहराइच।** पयागपुर थाने के दरोगा अरुण कुमार त्रिगुणायक, हेड कांस्टेबल चंद्रशेखर ने भूपगंज के पास गुरुवार को दबिश दी। पुलिस ने सड़क दुर्घटना में मौत मामले में फरार चल रहे आरोपी मनिकापुर कलां निवासी धनीराम को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

**सुबह से हो रही बारिश के बावजूद मजिस्ट्रेट की निगरानी में सुरक्षा के कड़े इन्तजाम रहे**

# मस्जिदों और घरों में पढ़ी गई नमाज

बहराइच | संवाददाता

ईद उल अजहा त्योहार कोविड- 19 प्रोटोकोल के दायरे में शांति पूर्ण ढंग से मनाया गया। मस्जिदों में 50 लोगों की निर्धारित संख्या के चलते अधिकांश लोगों ने घरों में ही नमाज पढ़ी। मस्जिदों में भी सीमित संख्या में ही नमाजी पहुंचे। जबकि ग्रामीण इलाकों में मस्जिदों में चहल पहल देखी गई। ईद उल अजहा पर कुर्बानी का दौर शुरू हुआ, जो शुक्रवार तक चलेगा। इस अवसर पर मजिस्ट्रेट की निगरानी में शहर व ग्रामीण इलाकों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। एसपी व एएसपी लगातार भ्रमण शील रहे। जिले में शान्तिपूर्ण ढंग से बकरीद का त्यौहार मनाये जाने की खबर है।

शहर की सैय्यद सालार मसूद दरगाह में अंदरूनी शाही मस्जिद में कोविड प्रोटोकोल के तहत सीमित संख्या में नमाजी पहुंचे। कारी मौलाना अरशदुल कादरी ने नमाज पढ़ाई और खुतवा दिया। इस अवसर पर कमेटी सदर सैय्यद शमसाद अहमद, प्रभारी मैनेजर हाजी अलीमुलहक, गिरदावर हाजी अजमतउल्ला, महफुजर्हमान मास्टर मिज्जन, आरिफ आदि मौजूद रहे। पुराने नानपारा बस स्टैंड के पास अमीर माह मस्जिद में भी कोविड प्रोटोकोल का पालन

## निगरानी

- कोविड प्रोटोकोल के चलते मस्जिदों में कम पहुंचे नमाजी
- जिले भर में शान्तिपूर्ण ढ़ग से मनाया गया बकरीद का त्यौहार

करते हुए ईद उल अजहा की नमाज हुई। आस्ताना कमेटी सदर साजिद अली ने बताया कि उसके बाद रियाज अहमद की देखरेख में कुर्बानी की रस्म अदायगी की गई।

शहर के काजीपुरा स्थित जामा मस्जिद, नानपारा मस्जिद आदि प्रमुख मस्जिदों सहित सभी छोटी- बड़ी मस्जिदों में कोविड प्रोटोकोल के तहत नमाज पढ़ी गई। नमाज के बाद बकरों की कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ। यह लगातार तीन दिन तक जारी रहेगा।

**कुर्बानी हजरत इब्राहीम की सुन्नत हैः सिराज मदनीः** मदरसा सुल्तानुल उलूम सोसायटी मीरपुर कस्बा व मदरसा आमिना लिलबनात मोहल्ला सालारगंज के प्रबंधक मौलाना सिराज अहमद मदनी ने ईदुल अजहा की नमाज मदरसा आमिना लिलबनात मोहल्ला सालारगंज में पढ़ाई। कोविड के तहत मस्जिद में सीमित संख्या में लोग पहुंचे।



शहर में ईद उल अजहा पर बुधवार को नानपारा में बारिश के दौरान एक मस्जिद पर सुरक्षा का जायजा लेते एएसपी ग्रामीण

## इंडो-नेपाल बार्डर पर सादगी से मना बकरीद का त्यौहार

रुपईडीहा। भारत- नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में कुर्बानी का ईद -उल- अजहा का त्यौहार बड़े सादगी के साथ मनाया गया। रुपईडीहा कस्बा, निबिया, लहरपुरवा, रंजीतबोझा, करीमगांव, शिवपुरमोहरनिया, सहाबा, साईगांव, पचपकरी, महमदी आदि ग्रामीण क्षेत्रों में गाइड लाइन के अनुसार कुछ लोगों ने मस्जिदों में व अधिकतर नमाजियों ने अपने घरों में बकरीद की नमाज पढ़ी। इसके बाद एक-दूसरे को बकरीद की मुबारक बाद दी। लोगों ने सामाजिक दूरी का पालन भी किया। कोरोना संक्रमण को देखते हुए साफ- सफाई का ध्यान रखते हुए रुपईडीहा थाना क्षेत्र में कल से कुर्बानी की जा रही है, जो 23 जुलाई तक चलेगी। बकरीद के एक दिन पूर्व जामा मस्जिद रुपईडीहा के पेश इमाम हाफिज कसीद ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से कोरोना संकटकाल के मद्देनजर लोगों से घरों में नमाज अदा करने की अपील की थी। साथ ही कुर्बानी के समय भी सोशल डिस्टेंसिंग व साफ सफाई का पालन करने को कहा था। सीओ नानपारा जंग बहादुर यादव ने रुपईडीहा थाने में पीस कमेटी मीटिंग में कहा था कि कोरोना संक्रमण के चलते बकरीद मनाते हुए खास सावधानी बरती जाए। मास्क का प्रयोग किया जाए। कुर्बानी के समय भीड़ न लगाई जाए। इसी प्रकार नेपाली शहर नेपालगंज में भी लोगों ने गाइड लाइन का पालन करते हुए पर्व मनाया व एक- दूसरे को बधाई दी।

# आत्महत्या को उकसाने के मामले में गिरफ्तार

**संसू, हुजूरपुर :** बौंवा निवासी रूपरानी के फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने उसके पति रामू को गिरफ्तार कर लिया। मृतका के पिता कलहंसनपुरवा कटुआ जिला गोंडा निवासी परशुराम ने तहरीर में आरोप लगाया था कि उसकी बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी गई है। पुलिस ने पति पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया था। एसआइ एसके त्रिपाठी ने बताया कि सहसलमपुर चौराहे पर मौजूद रामू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# दो सौ ग्राम स्मैक के साथ आरोपित गिरफ्तार

**संसू, बहराइच** : रिसिया पुलिस ने 200 ग्राम स्मैक के साथ हुसैनपुर मोहम्मदपुर निवासी जमाल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया। (संसू)

# पुलिस ने 35 मोबाइल धारकों को लौटाए फोन

**संसू, बहराइच :** विभिन्न क्षेत्रों में गायब हुए 35 मोबाइल फोन को पुलिस ने सर्विलांस की मदद से ढूंढ निकाला। अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने वास्तविक मालिकों को बुलाकर मोबाइल वापस किए।

पुलिस अधीक्षक सुजाता सिंह ने बताया कि अलग-अलग थानों में मोबाइल धारकों ने फोन के गायब होने की सूचना थाने पर दी। उन्होंने बताया कि खोए मोबाइल को सर्विलांस पर लगाया गया। पुलिस टीम ने 35 मोबाइल को बरामद कर लिया। बरामद मोबाइल को वास्तविक मालिकों को वापस किया गया है। मोबाइल की कीमत पांच लाख 90 हजार रुपये है। बरामदगी टीम में एसओजी प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, सर्विलांस टीम के रवि प्रताप, सुनील यादव, विजय पटेल, नितिन अवस्थी शामिल रहे।

# विषमुक्त खेती तथा नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प



नानपारा के शिवालय बाग में पौधारोपण करते एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार ( मध्य में ) ● जागरण

**संसू नानपारा (बहराइच):** महामना मालवीय मिशन ने पौराणिक शिवालय बाग में पर्यावरण, जल संरक्षण एवं नशा उन्मूलन विषयक परिचर्चा का आयोजन कर विषमुक्त खेती तथा नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया गया। परिसर में पंचवटी प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्साधिकारी डा. राजेश मोहन श्रीवास्तव ने नशा को समाज का अभिशाप बताया। उन्होंने कहा कि नशा पर यदि पूर्ण विराम न लगा तो युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। विशिष्ट अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार ने कहा कि अवैध नशा विक्रय पर प्रतिबंध लगाने के लिए प्रयास चल रहा है।



# एसपी ने किया थाने का औचक निरीक्षण

**बहराइच।** एसपी सुजाता सिंह ने हुजूरपुर थाने का बुधवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय, हवालात, शस्त्रागार, बैरक व अपराध संबंधी रजिस्टर को चेक कर उचित रखरखाव के निर्देश दिए। एसपी ने साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। (संवाद)

# स्मैक तस्कर को एसटीएफ ने दबोचा

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**रिसियामोड़ (बहराइच)।** स्मैक की तस्करी करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे तस्कर को एसटीएफ ने दबोच लिया। उसके पास से स्मैक बरामद हुआ है। एसटीएफ ने पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

रिसिया थानाध्यक्ष हेमंत गौड़ के निर्देश पर एसआई धर्मवारी शाही दलबल के साथ जटेशर तिराहे के पास एसओजी टीम के साथ अपराधियों को पकड़ने के लिए चर्चा कर रहे थे। तभी लखनऊ से एसटीएफ के एसआई सत्येंद्र विक्रम सिंह भी दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए।

एसओजी, एसटीएफ व थाने की टीम चर्चा करते हुए इटकौरी तिराहे के पास पहुंची तो देखा कि एक युवक टीम को देखने के बाद भागने लगा। टीम को शक हुआ तो उसे दौड़ाकर पेट्रोल पंप से 50 मीटर पहले दबोच लिया गया। तलाशी ली गई तो उसके पास से 200 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ के दौरान तस्कर की पहचान हुसैनपुर मोहम्मदपुर निवासी जमाल के रूप में हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

## एसपी से मिली होमगार्ड की पत्नी

**बहराइच।** मटेरा थाने में होमगार्ड के पद पर तैनात जयकृष्ण साहू की पत्नी सोनी साहू गुरुवार को एसपी से मिलकर अपनी व्यथा सुनाई। पीड़िता ने बताया कि थाने में ऑपरेटर पद पर तैनात पुलिसकर्मी हमारे पति का मानसिक उत्पीड़न कर रहे है। थानाध्यक्ष से मिलकर बात बताई तो वह नाराज हो गए और हमारे पति की फर्जी शिकायत होमगार्ड कमांडेंट से कर दी। जिसके आधार पर उनकी परेड ड्यूटी पर रोक लगा दी गई। एसपी ने पूरे मामले में न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। (संवाद)

## खोये मोबाइल मिले तो खिल उठे चेहरे

**बहराइच।** एसपी सुजाता सिंह ने एसओजी प्रभारी मुकेश सिंह को निर्देश दिया था कि सर्विलांस के जरिए खोये मोबाइल को बरामद कर उनको वापस किया जाए। एसआजी प्रभारी सर्विलांस की मदद से 35 मोबाइल को ढूंढ निकाला और उन्हें पुलिस लाइन सभागार में बुलाकर सौंप दिया गया। खोया मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। टीम में रवि प्रताप, सुनील यादव, विलजय पटेल, नितिन अवस्थी मौजूद रहे। (संवाद)

# SHRAWASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-07-2021

# यातायात जागरूकता के लिए प्रचार वाहन रवाना

## सड़क सुरक्षा सप्ताह

**श्रावस्ती | संवाददाता**

यातायात जागरूकता को लेकर जिले में 22 से 28 जुलाई के बीच सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा। इसकी शुरुआत गुरुवार को परिवहन कार्यालय से की गई। इस मौके पर संभागीय परिवहन अधिकारी व सीओ की ओर से प्रचार वाहन को रवाना किया गया।

परिवहन कार्यालय में संभागीय परिवहन अधिकारी नरेश वर्मा व पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात हौसला प्रसाद ने गुरुवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। साथ ही सड़क सुरक्षा जागरूकता का संदेश देने वाले प्रचार वाहनों को संभागीय अधिकारी व सीओ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार वाहन शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में समस्त मार्गों, चौराहों, सभी तहसील, ब्लाकों, थानों में घूम-घूमकर जन-सामान्य को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक करेगी। संभागीय परिवहन अधिकारी नरेश वर्मा ने कहा कि जागरूकता के अभाव में आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। लोगों को जागरूक करने के लिए सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। लोगों को जागरूक करने से निश्चित ही दुर्घटनाओं में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि जीवन अनमोल है और खुद की थोड़ी सी लापरवाही से यह नष्ट हो सकता है। भलाई इसी में है कि यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन किया जाय। बहुत से लोग ऐसे भी हैं जो जागरूक होने के बाद भी नियमों का उल्लंघन करते हैं, जिसका खमियाजा भी उन्हें भुगतना पड़ जाता है। उन्होंने लोगों से नियमों का पालन करने की अपील की। वहीं सीओ हौसला प्रसाद ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं हमारे निजी जीवन के साथ-साथ परिजनों की खुशियां भी नष्ट हो जाती हैं।

मस्जिदों और ईदगाहों में सुरक्षा के लिए तैनात रहे भारी संख्या में सुरक्षाकर्मी, आला अधिकारी क्षेत्र भ्रमण करते रहे

# अकीदत के साथ मना बकरीद का त्योहार

**ईद उल अजहा**

**श्रावस्ती | संवाददाता**

कुर्बानी का त्योहार बुधवार को अकीदत के साथ मनाया गया। मस्जिदों और ईदगाहों में शांति रही और पांच लोगों ने ही एक साथ नमाज अदा की। वहीं मुस्लिम समाज के लोगों ने घरों में नमाज अदा की और एक दूसरे को बधाई दी। शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार कराने के लिए प्रशासनिक अमला दिन भर जिले भर का भ्रमण करता रहा।

भिनगा में ईदगाह तथा मस्जिदों में शांतिपूर्वक नमाज पढ़ी गई। नमाज के दौरान शांतिपूर्ण माहौल बनाने के लिए डीएम टीके शिबु, एसपी अरविन्द कुमार मौर्य भ्रमण करते रहे। सुरक्षा के लिए नगर क्षेत्र में भारी संख्या में पुलिस व पीएसी के जवान मौजूद रहे। जामा मस्जिद, पुरानी मस्जिद, ईदगाह में नमाज अदा की गई। इकौना एवं मार्डन थाना श्रावस्ती में शांतिपूर्ण तरीके से ईदगाह व मस्जिदों में जिला प्रशासन की गाइड लाइन के अनुसार ईद-उल- अजहा की नमाज हुई। दोनों थाना क्षेत्र में एसडीएम व सीओ इकौना, कटरा, बीरपुर, परसुराम नगर, सेमगढ़ा आदि क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया गया। सुबह सात बजे से कस्बा इकौना में पांचपीरान जामा मस्जिद, घोसी मस्जिद, अनवारे तैयबा, मिल्ली मस्जिद, रहमानिया मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में नमाज पढ़ी गई। इस दौरान उपजिलाधिकारी आरपी चौधरी, सीओ महेंद्र पाल शर्मा ने इकौना, कटरा, बीरपुर, परसुरामनगर, लाल बोझी सेमगढ़ा, लालपुर खदरा आदि क्षेत्रों में भ्रमण किया और शांति बनाए रखने की अपील की।

इसी तरह से थाना मल्हीपुर क्षेत्र के हरदत्त नगर गिरंट, पटपरगंज, तिवारी गांव, श्रावस्ती व बहराइच सीमावर्ती क्षेत्र त्रिलोकपुर गांव के समीप पिरबितनी दरगाह शरीफ सहित सभी मस्जिदों में नमाज पढ़ी गई। लेकिन किसी भी मस्जिद में भीड़ नहीं दिखी। एएसपी बीसी दूबे ने गिरंट क्षेत्र के दर्जनों गांवों का दौरा करके शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। वहीं थानाध्यक्ष मल्हीपुर दद्दन सिंह व चौकीइंचार्ज गिरंट विक्रमादित्य के साथ दीवान अरून सिंह दीवान सदाशिव यादव, सिपाही राममिलन पूरे गिरंट चौकी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था में जुटे रहे। हरदत्त नगर गिरंट रामपुरबस्ती देवरनियां पटपरगंज, तिवारीगांव आदि सहित गांवों में शांति पूर्ण महौल में सुरक्षा व्यवस्था के बीच बकरीद त्योहार मनाया गया। जमुनहा, मल्हीपुर, सिरसिया, लक्ष्मनपुर बाजार आदि में शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाया गया।



इकौना ईदगाह में बकरीद के मौके पर नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग। • हिन्दुस्तान

# दो आरोपित गिरफ्तार

**बलरामपुर :** रेहरा बाजार की पुलिस ने दो देशी तमंचा व दो जिंदा कारतूस के साथ दो आरोपित को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक स्वतंत्र कुमार गुप्त ने बताया कि अभिषेक वर्मा व आलोक विश्वकर्मा निवासी शुक्लपुरवा सोनापार को जेल भेज दिया गया है। (संसू)

# नमाज अदा कर मांगी मुल्क की तरक्की की दुआएं

**जागरण टीम, श्रावस्ती :** बुधवार को जिलेभर में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। भिनगा स्थित ईदगाह समेत जिले के सभी ईदगाहों व मस्जिदों में नमाज अदा कर मुल्क की तरक्की व अमन-चैन के लिए दुआएं की गईं। एक-दूसरे के गले मिल लोगों ने त्योहार की बधाई दी। कोविड प्रोटोकाल को देखते हुए मस्जिद व ईदगाहों में सिर्फ पांच लोगों ने नमाज अदा की।



बकरीद पर्व पर इकौना स्थित ईदगाह में नमाज अदा करते लोग ● जागरण



भिनगा ईदगाह के बाहर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते एसपी अरविंद कुमार मौर्य (बाएं से तीसरे) ● जागरण

ईद-उल-अजहा पर्व पर शांति व्यवस्था के लिए सभी मस्जिदों व ईदगाहों पर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे। पुलिस का भी सख्त पहरा रहा। एसपी अरविंद कुमार मौर्य भ्रमणशील रहकर स्थिति का जायजा लेते रहे। भिनगा ईदगाह में मौलाना गुल मुहम्मद ने सुबह साढ़े आठ बजे नमाज अदा कराई। इसी प्रकार नगर के रजा जामा मस्जिद समेत अन्य सभी मस्जिदों में बकरीद की नमाज अदा की गई।

भिनगा ईदगाह तिराहे पर एसपी व सीओ हौसला प्रसाद, प्रभारी निरीक्षक बृजेश द्विवेदी ने पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। इकौना नगर में पांच पीरान मस्जिद व हाजी बाबा ईदगाह समेत क्षेत्र के अन्य मस्जिदों व ईदगाहों में नमाज अदा कर मुल्क की तरक्की के लिए इबादत की गई। एसडीएम आरपी चौधरी, सीओ एमपी शर्मा व थानाध्यक्ष कमलाकांत त्रिपाठी भ्रमणशील रहकर स्थिति का जायजा लेते रहे। इसी प्रकार जिलेभर में सौहार्दपूर्ण ढंग से त्योहार मनाया गया।

**भ्रमणशील रही पुलिस टीम :** बकरीद पर्व पर प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी न होने पाए, इसके सख्त निर्देश दिए गए थे। इसका अनुपालन कराने के लिए पुलिस टीम पूरे दिन भ्रमणशील रही। गांवों से लेकर चौक-चौराहों तक व्यवस्था पर पैनी नजर रखी गई।

# नपं अध्यक्ष व ईओ समेत सात लोगों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

## इकौना में आदर्श गोशाला की मूल पत्रावली गायब होने का मामला

**संसू, इकौना (श्रावस्ती) :** इकौना नगर पंचायत के कान्हा गोशाला घोटाले से संबंधित मूल पत्रावली गायब होने के मामले में नगर पंचायत प्रशासक ने नपं अध्यक्ष व ईओ समेत सात लोगों के विरुद्ध अमानत में खयानत व धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है।



नगर पंचायत इकौना के मुहल्ला गौतम नगर में वर्ष 2016-17 में कान्हा पशु आश्रय योजना के तहत आदर्श गोशाला का निर्माण कराया गया था। गोशाला के निर्माण में घोटाले का आरोप लगाते हुए सभासदों ने शासन व मंडलायुक्त से शिकायत की थी। मंडलायुक्त की जांच में लगभग 59 लाख रुपये के घोटाले की पुष्टि हुई थी। कमिश्नर ने घोटाले की रकम नगर पंचायत अध्यक्ष जीतेंद्र गुप्ता व अधिशासी अधिकारी समेत अन्य जिम्मेदारों से वसूल करने के आदेश दिए थे। धन की वसूली न होने पर आरोपितों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करने को कहा गया था। मंडलायुक्त के आदेश के विरुद्ध नगर पंचायत अध्यक्ष ने उच्च न्यायालय में गुहार लगाई। न्यायालय से उन्हें कमिश्नर के आदेश के विरुद्ध राहत दी गई। इसी दौरान प्रशासन की ओर से गोशाला निर्माण की मूल पत्रावली की तलाश शुरू की गई। पत्रावली नगर पंचायत कार्यालय से गायब मिली। नगर पंचायत के अधिकारियों, कर्मचारियों व अध्यक्ष ने एक-दूसरे पर पत्रावली गायब होने का आरोप लगाया। इकौना थाने में नगर पंचायत अध्यक्ष व कर्मचारियों की पंचायत भी हुई। इसमें भी मामला हल नहीं हो सका। काफी दिनों बाद भी फाइल न मिलने पर नगर पंचायत प्रशासक शिवध्यान पांडेय की ओर से इकौना थाने में अध्यक्ष जीतेंद्र कुमार गुप्ता, उनके रिश्तेदार रामप्रताप गुप्ता, अधिशासी अधिकारी प्रेमनाथ, लिपिक ज्योत्सना श्रीवास्तव व भगतराम यादव, सेवानिवृत्त लिपिक इशरत हुसैन व आउटसोर्सिंग कर्मी महात्मा प्रसाद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# सौहार्दपूर्ण माहौल में अदा की गई बकरीद की नमाज

## कोरोना के खात्मे के साथ मांगी अमन-चैन की दुआ, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** ईद-उल अजहा का पर्व बुधवार को मनाया गया। इस मौके पर जिले के विभिन्न मस्जिदों में पांच पांच अकीदतमंदों ने नमाज अदा कर कोरोना के खात्मे के साथ अमन चैन कायम रहने की दुआ मांगी। कोरोना प्रोटोकाल को देखते हुए अन्य लोगों ने अपने घरों में बकरीद की नमाज अता की।

मुस्लिम समुदाय का प्रमुख पर्व ईद-उल-अजहा बुधवार को समूचे जिले में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। भिनगा सहित जिले के अन्य ईदगाहों में कोरोना प्रोटोकाल का अनुपालन करते हुए पांच लोगो ने ईद-उल-अजहा की नमाज अता की। इस दौरान पुलिस व प्रशासन ने कोरोना प्रोटोकाल का अनुपालन कराने के लिए व्यापक सुरक्षा के इंतजाम किए थे। प्रशासन की अपील पर अकीदतमंदों ने मसजिदों में नमाज न पढ़कर परिवार के साथ घरों में ईद-उल-अजहा की नमाज पढ़ने के बाद फोन पर ही एक दूसरे को बकरीद की बधाई देकर शुभकामना भी दी। इसके बाद कुर्बानियों का दौर शुरू हुआ ... गुरुवार को दूसरे दिन भी जारी रहा।





ईद-उल-अजहा के अवसर पर भिनगा स्थित मस्जिद के बाहर मौजूद पुलिस, बकरीद पर भिनगा स्थित मस्जिद में नमाज अदा करते अकीदतमंद। -संवाद

ईद-उल-अजहा के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने भिनगा नगर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर ईदगाह, मस्जिद के इमाम से वार्ता की। साथ ही कोरोना वायरस से सुरक्षा व बचाव हेतु सामाजिक दूरी का पालन करने मास्क, ग्लब्स का प्रयोग करनें, किसी भी प्रकार की भीड़-भाड़ एकत्र न करने, शासन द्वारा बनाये गये नियमों का पालन करने के निर्देश दिया। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक बीसी दूबे ने सोनवा व मल्हीपुर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

# सभी यातायात नियमों का पालन करें वाहन चालक

## सड़क सुरक्षा सप्ताह पर निकला जागरूकता वाहन

**श्रावस्ती।** सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसकी शुरुआत गुरुवार को हुई। इस दौरान एआरटीओ कार्यालय से जागरूकता वाहन निकाला गया जिसे सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन व सीओ यातायात ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।



एआरटीओ कार्यालय में गुरुवार को जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाते सीओ सिटी। -संवाद

पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात व सीओ सिटी हौसला प्रसाद ने कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ऐसे में खुद भी सुरक्षित रहें तथा दूसरे को भी सुरक्षित रहने के लिए प्रेरित करें। प्रत्येक वाहन चालक को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन नरेश कुमार वर्मा ने कहा कि वाहन के सामने रिफ्लेक्टर का प्रयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए। इससे दुर्घटना की आशंका कम रहती हैं। यदि कोई यातायात का उल्लंघन करता मिला अथवा वाहन पर अनाधिकृत रूप से नीली बत्ती, लाल बत्ती, हूटर, सायरन, प्रेशर हार्न, गलत नंबर प्लेट, अपारदर्शी काली फिल्म और दोपहिया पर तीन सवारी, बिना हेलमेट, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करते कोई मिला तो उस पर कार्रवाई होगी।लेखाकार सुरेंद्र कुमार ने कहा कि निर्धारित गति से तेज वाहन चलाने वालों के साथ ही शराब के नशे में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। ऐसे वाहनों को सीजकर वाहन स्वामियों को जेल भी भेजा जा सकता है। (संवाद)

# तमंचा के साथ दो गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस की ओर से अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान के तहत गुरुवार को गिलौला पुलिस ने एक कार की तलाशी क दौरान दो देशी तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद किए। कार को सीज कर पुलिस ने इसमें सवार दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक बीसी दूबे व क्षेत्राधिकारी इकौना महेंद्र पाल शर्मा के नेतृत्व में थानाध्यक्ष गिलौला अखिलेश पांडे द्वारा बौद्ध परिपथ स्थित दमावा बैरियर के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान उनके द्वारा एक मारुति कार को रोका गया। कार रोकने पर उसमें सवार दो लोग वाहन सहित भागने का प्रयास करने लगे। जिन्हें टीम द्वारा घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान कार सवार के कब्जे से पुलिस ने एक एक देशी तमंचा व कारतूस बरामद किया। गिरफ्तार युवकों की पहचान बहराइच के थाना कोतवाली नगर निवासी रियाज अहमद व सत्ती कुंआ पंचायती मसजिद बहराइच निवासी मोहम्मद आरिफ के रूप में हुई। (संवाद)

# प्रतिबंधित दवा के साथ युवक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** सोनवा थाना प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने गणेशपुर चौराहे के पास से मुन्नू उर्फ  मेराज निवासी शेखनपुरवा को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने 90 टेबलेट अल्प्राजोलम बरामद की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की है।   (संवाद)